e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 12, अंक 87

# प्रभात मंत्र

रविवार

30.03.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

शालीनता से बात करिए जनाब, इज्जत मुफ्त में मिलेगी!

ताजा खबरों के लिए देखें




## प्रथम : शैलपुत्री



**या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना के साथ माता शैलपुत्री की पूजा का विधान है। मां दुर्गा की पहली शक्ति माता शैलपुत्री के स्वरूप की बात करें, तो उनका वरण श्वेत (सफेद) है। वह सफेद रंग के वस्त्र धारण किए हुए हैं और उनकी सवारी वृषभ (बैल) है। मां शैलपुत्री ने दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल धारण किया हुआ है। पहली आदिशक्ति यानी माता शैलपुत्री का स्वरूप सौम्यता, करुणा, स्नेह और धैर्य को दर्शाता है।**

## क्विक न्यूज

### नवरात्रि पर्व पर मंदिरों के आसपास चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**रायपुर :** महापौर मीनल चौबे ने नवरात्रि पर्व को देखते हुए राजधानी रायपुर में मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ - सफाई कराने का आदेश दिया है।महापौर ने कहा की।30 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जोन अंतर्गत मंदिरों के आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान, मंदिरों के आसपास अतिक्रमण न हों और मवेशियों के कारण मंदिरों के आसपास यातायात बाधित न हो, इस हेतु चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान सभी जोन कमिश्नरगण सतत मॉनिटरिंग करवाना सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर विशेष आराधना पर्व के दौरान मंदिरों के आसपास स्वच्छ वातावरण हो।आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों को मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ - सफाई कराने निर्देशित किया है।

### टेंट व शराब गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद के सूरजकुंड इलाके में शनिवार सुबह टेंट के गोदाम में आग लग गई। आग ने शराब गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। टेंट गोदाम मालिक को पड़ोसियों ने सूचना दी। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। टेंट गोदाम के मालिक देवेंद्र कंबोज को पड़ोसियों से सूचना मिली कि उनके गोदाम से धुआं और आग की लपटें निकल रही हैं। कंबोज का आरोप है कि शराब गोदाम के कर्मचारी अक्सर गत्ता जलाते हैं। इस बारे में उन्होंने कई बार मना किया था। उनका अनुमान है कि आज भी गत्ता जलाने की वजह से यह हादसा हुआ।

### अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए स्टार्टअप महाकुंभ 3-5 अप्रैल तक नई दिल्ली में

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन करने जा रहा है। भारत मंडपम में 3-5 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश के सबसे होनहार उद्यमी एकसाथ एक मंच पर आएंगे। स्टार्टअप महाकुंभ में एसटी उद्यमियों को उद्योग जगत के टॉप लीडर, पूंजीपति और प्रभावशाली निवेशक एक साथ भागीदारी करेंगे। इससे स्टार्टअप शुरू करने वालों को समावेशी आर्थिक विकास और सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में 45 से अधिक आदिवासी स्टार्टअप भाग लेंगे। इस सबसे बड़े कार्यक्रम में आदिवासी स्टार्टअप प्रदर्शित किए जाएंगे।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |



### भूकंप प्रभावित म्यांमार व थाईलैंड को भारत हर संभव मदद देने के लिए तैयार : मोदी

# म्यांमार में 1644 लोगों की मौत


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 3 और 4 अप्रैल को थाईलैंड की दो दिन की यात्रा पर जाना है। थाईलैंड-म्यांमार में आए भूकंप के बाद प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है।**

**एजेंसी**

**बैंकॉक :** म्यांमार में आए भयानक भूकंप में मरने वालों की संख्या एक हज़ार से ज्यादा हो गई है।म्यांमार के मिलिट्री काउंसिल ने बताया है कि शुक्रवार आए शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1644 हो गई है। साथ ही 3408 लोग ज़ख्मी हैं। म्यांमार के मांडले और अन्य शहरों में अस्पताल घायलों से भरे पड़े हैं और अभी भी घायलों को लाया जा रहा है। भूकम्प से थाईलैंड में भी तबाही मची है। बड़ी बहुमंजिली इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। बैंकॉक और म्यांमार में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.9 तक मापी गई और कुछ ही मिनटों के बाद 6।4 तीव्रता का एक और ऑफ्टर शॉक आया। इसीलिए नुकसान ज्यादा हुआ है। चीन, रूस और भारत ने साहत और रेस्क्यू टीमें म्यांमार भेजी है। भारतीय वायुसेना का एक विमान टेंट, कम्बल, दवा, खाद्य के साथ साथ रेस्क्यू और मेडिकल टीम लेकर म्यांमार पहुंचा। भूकंप की वजह से ज्यादा तबाही म्यामांर में हुई है। क्योंकि इसका केंद्र म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले के पास था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 3 और 4 अप्रैल को थाईलैंड की दो दिन की यात्रा पर जाना है। थाईलैंड-म्यांमार में आए भूकंप के बाद प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। मोदी ने कहा है कि म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से वो दुखी हैं। दोनों देशों को भारत हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। मोदी ने कहा कि विदेश मंत्रालय को उन्होंने थाईलैंड और म्यांमार की सरकार से संपर्क में रहने को कहा है। थाईलैंड को यूरोपीय देशों से मदद मिल रही है, लेकिन म्यामांर में सैनिक सरकार है, इसलिए म्यांमार को मदद मिलने में मुश्किल हो रही है। भारत सरकार म्यांमार की पूरी मदद करना चाहती है। सच्चे दोस्त संकट के वक्त ही काम आते हैं, और भारत अपने पड़ोसी देश की मदद करने के तैयार है।

### भारत ने शुरू किया ऑपरेशन ब्रह्मा

**नई दिल्ली :** भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है।थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी इस भूकंप का प्रभाव महसूस किया गया। यहां एक 33 मंजिला निर्माणाधीन इमारत पूरी तरह गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इमारत गिरते ही पूरे इलाके में धूल का गुबार छा गया, लोग घबराकर चीखने लगे और सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। बैंकॉक प्रशासन के अनुसार, इस दुर्घटना में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 घायल हैं और 101 लोग लापता हैं। थाईलैंड सरकार ने इसे भयानक त्रासदी करार दिया और कहा कि अभी भी कुछ लोगों के जीवित होने की उम्मीद है। म्यांमार सरकार के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में रक्तदान की अत्यधिक आवश्यकता है। अस्पतालों में खून की भारी कमी बताई जा रही है। आपदा में घायल लोगों से अस्पताल भरे पड़े हैं। म्यांमार ना इस आपदा में दवाओं और अन्य राहत सामाग्री की कमी से जूझ रहा है।



**2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद एक निर्वाचित नागरिक सरकार को हटाने के बाद गृहयुद्ध से म्यांमार बुरी तरह से पहले से ही तबाह हो गया है।**

### दुनिया भर से मिल रही म्यांमार को मदद

दुनिया भर से विदेशी बचाव टीमें शनिवार को म्यांमार पहुंचने लगी। ताकि भूकंप से बचे लोगों की मदद कर सकें। एक चीनी बचाव टीम म्यांमार की वाणिज्यिक राजधानी यांगून में पहुंची, जो मंडाले और अन्य दूसरे प्रभावित शहरों से सैकड़ों किलोमीटर दूर है, जहां 1,000 बिस्तरों वाले अस्पताल के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा रूस, भारत, मलेशिया और सिंगापुर म्यांमार के लिए राहत सामग्री और कर्मियों से भरे विमान भेज रहे थे। 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद एक निर्वाचित नागरिक सरकार को हटाने के बाद गृहयुद्ध से म्यांमार बुरी तरह से पहले से ही तबाह हो गया है। दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय संगठनों के माध्यम से म्यांमार को 2 मिलियन डॉलर की शुरुआती मानवीय सहायता देगा। संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा कि वह म्यांमार को इससे उबरने के लिए सहायता देगा। संयुक्त राज्य अमेरिका का म्यांमार की सैन्य सरकार के साथ तनावपूर्ण रिश्ता चल रहा है और इसके चलते उसने देश पर कई प्रतिबंध भी लगाए हैं।

## प्रधानमंत्री रामनवमी पर करेंगे देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट पंबन रेलवे ब्रिज का उद्घाटन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट पंबन रेलवे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यह वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज समुद्र के ऊपर से गुजरते हुए रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। यह पुल केवल दो स्थानों को जोड़ने का माध्यम ही नहीं, बल्कि नई तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और तेज गति परिवहन का प्रतीक है।रेल मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि तमिलनाडु के विशाल नीले समंदर पर निर्मित 2.08 किलोमीटर लम्बा ये ब्रिज पुराने पंबन ब्रिज से 3 मीटर अधिक ऊंचा है, ताकि छोटे जहाज आसानी से इसके नीचे से होकर गुजर सकें। इस पूरे ब्रिज को बनाने में 18.3 मीटर के 99 स्पैन का प्रयोग किया गया है। ब्रिज के मध्य में 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जरूरत पड़ने पर बड़े जहाजों के लिए 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकता है।

नए पंबन ब्रिज की अनूठी लिफ्ट प्रणाली बड़े जहाजों को भी आसानी से गुजरने की अनुमति देती है। मन्नार की खाड़ी पर स्थित यह पुल यातायात को सुगम बनाने के साथ अपने आप में एक ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी रखता है। आधुनिक तकनीक से निर्मित यह पुल भारतीय रेलवे के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिससे आने वाले समय में समुद्री मार्गों पर निर्भर पर्यटन और व्यापार को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

**नए पंबन ब्रिज की अनूठी लिफ्ट प्रणाली बड़े जहाजों को भी आसानी से गुजरने की अनुमति देती है। मन्नार की खाड़ी पर स्थित यह पुल यातायात को सुगम बनाने के साथ अपने आप में एक ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी रखता है। आधुनिक तकनीक से निर्मित यह पुल भारतीय रेलवे के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।**

इस ब्रिज में 333 पाइल्स और 101 पाइल कैप्स का इस्तेमाल कर मजबूत आधार के साथ दोहरी रेल लाइनों के लिए डिज़ाइन किया गया है।जिस पर भारी-भरकम मालगाड़ियों के साथ वंदेभारत जैसी तेज गति से चलने वाली अत्याधुनिक सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें भी बड़ी आसानी से गुजर सकती हैं। साथ ही इसकी सतह को 58 वर्षों तक सुरक्षित रखने के लिए उत्कृष्ट सुरक्षा प्रणाली अपनाई गई है। इस ब्रिज के निर्माण के दौरान समुद्री तूफानों, तेज हवाओं और ज्वार-भाटा जैसी परिस्थितियों का भी खास ध्यान रखा गया है।

## प्रियंका ने वायनाड भूस्खलन में प्रभावित छात्रों को दिया तोहफा



**एजेंसी**

**वायनाड :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वायनाड जिले में भूस्खलन से प्रभावित छात्रों को शिक्षा सुनिश्चित करने का वादा किया। कलपेट्टा में मुंडक्कई-चूरलमाला क्षेत्र के बचे हुए छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण के उद्घाटन के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि इस भूस्खलन में बाहर पढ़ने वाले छात्र बच गए, लकिन दुखद ये करहा कि उन्होंने अपने परिवारों को खो दिया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने यह सुनिश्चित करने का फैसला लिया है कि ऐसे छात्र अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

प्रियंका गांधी ने विभिन्न संस्थानों की ओर से की गई मदद की सराहना की। साथ ही बताया कि वायनाड के 121 छात्र वर्तमान में एनआईसीएच कन्याकुमारी में पढ़ाई कर रहे हैं, जिनको पूर्ण छात्रवृत्ति दी गई है। इसके अलावा, कर्नाटक के येनेपोया विश्वविद्यालय ने वायनाड के चार छात्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने भूस्खलन के बाद वायनाड में लोगों के दर्द और पीड़ा की बात की। उन्होंने कहा कि इस आपदा के बाद वह भविष्य में उनके जीवन को आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, हम आपको वह वापस नहीं दे सकते जो आपने खोया है, लेकिन हम भविष्य में आपके जीवन को आसान बना सकते हैं।इसके अलावा उन्होंने वायनाड में शैक्षिक पुनर्वास के लिए कलपेट्टा विधायक टी सिद्दीकी की सराहना की, जिन्होंने छात्रों के लिए धन जुटाने और कॉलेजों से शुल्क छूट दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रियंका गांधी का तीन दिवसीय वायनाड दौरा आज समाप्त हो रहा है।

## छत्तीसगढ़ में 17 नक्सली ढेर



**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल इलाके में शनिवार को सुरक्षा बलों ने एक बड़ी मुठभेड़ में 17 नक्सलियों को मार गिराया। क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिली थी। जिले के केरलापाल थानाक्षेत्र के गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश के होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद डीआरजी और सीआरपीएफ के जवान रवाना हुए। इस एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया। हालांकि, मुठभेड़ में दो जवानों के घायल होने की खबर सामने आई है।गृह मंत्री अमित शाह ने सुकमा में हुए मुठभेड़ को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्क किया है। उन्होंने लिखा, ÷नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 16 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। उन्होंने आगे लिखा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।जानकारी के मुताबिक, गोगुंडा इलाके में कमांडर जगदीश के होने की सूचना पर रात 12 बजे डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जहां सुबह 6 बजे गोलीबारी शुरू हुई।इस ऑपरेशन में घायल हुए दोनों जवानों को उपचार के लिए रायपुर भेजा गया। वहीं मुठभेड़ को एसपी किरण चव्हाण ने वॉर रूम से मॉनीटर किया। मुठभेड़ के दौरान ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं।

## इसरो को सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने में मिली अहम सफलता



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 2,000 केएन के उच्च थ्रस्ट वाले सेमी-क्रायोजेनिक इंजन या तरल ऑक्सीजन/केरोसिन इंजन को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने की घोषणा की है. यह इंजन प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) के सेमीक्रायोजेनिक बूस्टर चरण में मदद करेगा.इसरो ने कहा कि सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने के कार्यक्रम में पहली बड़ी सफलता 28 मार्च को मिली, जब तमिलनाडु में महेंद्रगिरि के इसरो प्रणोदन परिसर में इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पीएचटीए) का पहला तप्त (हॉट) परीक्षण सफल रहा. अंतरिक्ष एजेंसी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शुक्रवार के परीक्षण ने 2.5 सेकंड की परीक्षण अवधि के लिए इंजन के सुचारू इग्निशन और बूस्ट स्ट्रैप मोड संचालन को प्रदर्शित किया. इसरो ने बताया कि इस परीक्षण का उद्देश्य 2.5 सेकंड की अल्पावधि में हॉट-फायरिंग करके प्री-बर्नर, टर्बो पंप, स्टार्ट सिस्टम और नियंत्रण घटकों जैसी महत्वपूर्ण उप-प्रणालियों के एकीकृत प्रदर्शन को प्रमाणित करना था. बयान में कहा गया,परीक्षण पूर्वानुमान के अनुसार हुआ और इंजन के सभी मापदंड उम्मीद के मुताबिक रहे. इस सफलता के साथ इसरो पूरी तरह से एकीकृत इंजन के निर्माण से पहले पीएचटीए पर कई परीक्षण करने की योजना बना रहा है ताकि इसके प्रदर्शन को और अधिक प्रमाणित और परिष्कृत किया जा सके.इसरो ने कहा कि इसरो का द्रव्य प्रणोदन प्रणाली केंद्र सेमी क्रायोजेनिक प्रणोदन इंजन और स्टेज का विकास कर रहा है.

## मेरे पिता पेड़ों व धरती के आगे झुकते थे : राष्ट्रपति



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने याद करते हुए कहा कि उनके पिता पेड़ों और धरती के आगे झुकते थे। खाना पकाने और खेती के लिए उनका उपयोग करने से पहले उनसे क्षमा मांगते थे। राष्ट्रपति मुर्मू विज्ञान भवन में पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के दौरान बोल रही थीं। इस दौरान उन्होंने लोगों से इस बात पर विचार करने के लिए कहा कि क्या उन प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करना सही है, जिन्हें मनुष्य नहीं बना सकता। राष्ट्रपति ने ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में बिताए अपने बचपन के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण उनके परिवार को खाना पकाने के लिए सूखी लकड़ियों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होंने कहा,मेरे पिता और मां लकड़ियां इकट्ठा करते थे। फिर वे उन्हें छोटे टुकड़ों में काटकर जलाने लायक बनाते। मेरे पिता लकड़ियों को काटने से पहले उनके आगे झुकते थे। जब मैंने पिता से पूछा- आप लकड़ियों को काटने से पहले प्रार्थना क्यों करते हैं? तब उन्होंने जवाब दिया कि वे क्षमा मांग रहे हैं।राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उनके पिता कहते थे कि ये लकड़ी के टुकड़े कभी पेड़ का हिस्सा थे, जो फल-फूल, हवा और पानी देते थे। अब ये लकड़ियां सूख गई हैं। फिर भी, वे हमारी मदद कर रही हैं। संबोधन के दौरान, राष्ट्रपति ने ये भी बताया कि उनके पिता जुताई करने से पहले धरती के सामने झुकते थे।

## टीएसपीसी के तीन नक्सली गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गढवा जिले में नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के नाम पर लेवी वसूलने और दहशत फैलाने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों स्टोन माइंस एवं क्रशर प्लांट के कर्मियों को धमकाने, लेवी मांगने एवं मोबाइल लूटने की घटना में शामिल थे। गुप्त सूचना पर तीनों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक देसी कट्टा, टॉय बंदूक, लूटे गए मोबाइल, नक्सली पर्चा, चितकबरा वर्दी, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।गढवा के एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि रंका थाना क्षेत्र के गासेदाग क्रशर और माइंस के समीप तीनों अपराधी जुटे हुए हैं। टीएसपीसी के नाम पर माइंस क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर टीम बनाकर पुलिस अधीक्षक राहुल देव बड़ाइक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों को मौके से गिरफ्तार किया।



## गुरुकुल विधा निकेतन का वार्षिक परीक्षाफल जारी

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित होने से बच्चों में खुशी, अव्वल छात्रों को किया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर नगर निगम स्थित गुरुकुल विधा निकेतन आवासीय विद्यालय में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया। परीक्षाफल प्रकाशन में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव उपस्थित थें साथ ही वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन के अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वहीं विद्यालय के कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान मंदीप कुमार हुए। कक्षा छह में प्रथम स्थान खुशी कुमारी रहें। कक्षा 7 वीं में प्रथम स्थान प्रीति कुमारी रहीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया साथ ही कहा कि बच्चों को उत्साहित करते हुए बताया कि परीक्षाफल का दिन अत्यंत ही उत्साहवर्धक होता है क्योंकि पूरे वर्ष की मेहनत का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फल मिलता है। वहीं विद्यालय के प्रबंध निदेशक सिकंदर आजम ने कहा कि हम अपने छात्रों के उच्च प्रदर्शन से बहुत खुश है, यह उनकी मेहनत और लगन का फल है हमें उम्मीद है कि हमारे छात्र छात्राएं आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे हमारा विद्यालय हमेशा से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयंती सहाय ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षाफल प्रकाशन के दिन सादे समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के हौसलों को आगे बढ़ाना है क्योंकि यही उत्साह और हौसला लक्ष्य प्राप्ति में एक सेतु का कार्य करेगा।

## बकोरिया में रामचरितमानस पाठ महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया महावीर मंदिर के प्रांगण में आयोजित रामचरितमानस पाठ महायज्ञ के 20 वें अधिवेशन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सतबरवा जिला पार्षद सुधा कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने मुख्य यजमान को सपत्नीक कलश देकर यात्रा प्रारंभ करवाया।कलश यात्रा में बकोरिया और आसपास के सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।यज्ञ समिति के अध्यक्ष कंचन प्रसाद ने बताया कि यह यात्रा महावीर मंदिर से लेकर सुगी झरिया तक निकाली गई। 30 मार्च से 6 अप्रैल तक अयोध्या से आए रविरंजन शास्त्री द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम होगा। मौके पर पांकी विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, रांकी कला पंसस विकास तिवारी, बकोरिया मुखिया संतोष उरांव, नारायण सेवा समिति अध्यक्ष अकलू बाबा, सोनू सिकंदर, पंकज पांडेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ईद और रामनवमी को लेकर हुसैनाबाद में शांति समिति की हुई बैठक



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना परिसर में ईद उल फितर और रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने की, जबकि संचालन हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। बैठक में बीडीओ सुनील वर्मा, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, एस आई बीरेंद्र मेहता, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता समेत शांति समिति के कई सदस्यगण मौजूद थे . बैठक में मुख्य ईद उल फितर की नमाज और रामनवमी पूजा को लेकर विचार विमर्श किया गया, साथ ही बैठक में रामनवमी पूजा के दौरान निकलने वाले जुलूस रूट की जानकारी ली।बैठक को संबोधित करते हुए अंचल पदाधिकारी ने कहा की सभी समुदाय के लोग भाईचारा एवं आपसी एकता के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने कहा की जुलूस के दौरान डीजे पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही उत्तेजित नारा लगाने से सख्त परहेज करें। मौके पर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की जरूरत है, मौके पर बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, दिनेश कश्यप, अजय प्रसाद गुप्ता, सचिन आनंद, राकेश तिवारी, शम्भु शौंडिक, उदय सोनी मुखिया श्रवण राम, रामलखन यादव, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सैयद तक्की रिज़वी, जितेंद्र ठाकुर, जमील अहमद, नजीर अहमद उर्फ मिथुन, सुहैल आलम, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास को लेकर समीक्षा बैठक किया

### आवास प्लस में नाम जोड़ने को लेकर लापरवाही बरतने पर पंचायत सेवक को स्पष्टीकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास को लेकर बीडीओ अमीत कुमार झा ने पंचायत सेवक के साथ किया समीक्षा बैठक। बैठक में प्रधानमंत्री आवास प्लस में नाम जोड़ने को लेकर आवास कोऑर्डिनेटर शिवम् जायसवाल को दिशा निर्देश दिया। पाटन प्रखंड में आवास प्लस में योग्य लाभुकों का नाम जोड़ने को लेकर बीडीओ ने पंचायत सेवकों को फटकार लगाया। सतौवा पंचायत के पंचायत सेवक को शो काज किया इन्होंने आवास प्लस मे अपने पंचायत में 50त्न ही लाभुकों का नाम जोड़ा है। बीडीओ ने सभी पंचायत सेवक को निर्देश किया कि हर दिन प्रखंड कार्यालय में आकर अपना हाजरी बनाएं। पंचायत सेवक व सर्वेयर को आवास प्लस का टारगेट पूरा नहीं करने पर प्रपत्र क गठित किया जाएगा। सभी पंचायत सेवक को निर्देश दिया कि अबुवा आवास कंप्लीट कराने के लिए लाभुकों का घर घर जाकर मिलकर पूर्ण कराए। अगर वैसे लाभुक जो तीन किस्त का पैसा लेकर भी आवास निर्माण नहीं कराया हैं तो नोटिस करें। वर्तमान वर्ष 2024- 25 मे 2386 प्रधानमंत्री आवास में 1959 का आवास सैंक्शन किया गया है। हिसरा बरवाडीह पंचायत में अंबेडकर आवास का कार्य पीछे चल रहा है। लोईंगा पंचायत सेवक को बैठक में नहीं पहुंचने पर बीडीओ ने स्पष्टीकरण निकला है। बीडीओ ने बताया कि आवास प्लस में नाम जोड़ने का अंतिम तारीख 31 मार्च तक ही है। मौके पर जीपीएस अहमद हुसैन, पंचायत सेवक पीयूष तिवारी, अंकिता त्रिपाठी, गिरवर उरांव, पुरसोत्म बैध, नन्दलाल गुप्ता, पूजा कुमारी, अंजू कुमारी रोजगारसेवक समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## उचित शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार : हितेंद्र अवस्थी

### आदित्य बाल विद्या मंदिर प्रांगण में अभिभावक-शिक्षक संवाद का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा आदित्य बाल विद्या मंदिर प्रांगण में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संवाद समारोह का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन बतौर अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृज किशोर शुक्ला, ग्रासिम जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार व सीएसआर के अनिल गिरि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि उचित शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है. जिससे बच्चों को कतई वंचित नहीं किया जाना चाहिए.हमारा प्रयास है कि समाज के हर वर्ग के बच्चों को समुचित शिक्षा मिले. उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही गांव - समाज के पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है. शिक्षा की रौशनी से ही समाज में फैले विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों को मिटाया जा सकता है. इसके लिये हम सब को जिम्मेवारी पूर्वक सामूहिक प्रयास करना होगा. ताकि हमारे आसपास कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता न रहे. श्री अवस्थी ने विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक-संवाद की जरूरत पर भी बल दिया. कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक एवं शिक्षक के बीच लगातार संवाद होते रहना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि आदित्य बाल विद्या मंदिर को एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया. मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक - शिक्षिका, छात्र-छात्रा, सीएसआर के सामाजिक कार्यकर्ता व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## नवाहपरायण महायज्ञ को लेकर सिद्धपीठ योगीवीर मंदिर परिसर से निकला भव्य कलश यात्रा



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद के प्रमुख कस्बा रेहला स्थित सिद्धपीठ योगीवीर मंदिर परिसर से वासंतिक नवरात्र व श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 19 वें अधिवेशन को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी.कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि ग्रासीम इंडस्ट्रीज के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी व विशिष्ट अतिथि आरसीयू के कुलाधिपति सह भाजपा के प्रादेशिक नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी सहित शहर के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुये.बाजे- गाजे के साथ महावीरी झंडे लिये नव परिधान में श्रद्धालुओं के साथ 501 कलश माथे पर लिये महिला- पुरुष, युवक- युवतियां शामिल थी.कलश यात्रा में शामिल लोगों के जयकारे से पूरा शहर गूंज रहा था.यज्ञाचार्य पंडित प्रमोद पांडेय व मंदिर के पुजारी आलोक पाठक की अगुआई में निकली कलश यात्रा शहर के स्टेशन रोड,थाना चौक होते हुये कोयल नदी में पहुंचा.गंगा पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने कलश में मन्त्रपूजित जल भरकर पुनः मन्दिर परिसर पहुंचे.जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच यज्ञशाला परिसर में अपना कलश स्थापित किया.रविवार की सुबह अरनी मंथन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में अग्नि प्रवेश कराने के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा.जो छह अप्रैल को हवन के उपरांत महाप्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न होगा. महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष श्यामकिशोर चंद्रवंशी ने बताया कि रविवार की शाम से वाराणसी से आये मानस मर्मज्ञ श्री श्री 1008 स्वामी मारुति किंकर जी महाराज का संगीतमय प्रवचन प्रारंभ होगा.कलश यात्रा रेहला थानाप्रभारी संतोष कुमार, वरीय भाजपा नेता डॉ. डी पी शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, डॉ. बीपी शुक्ला, ग्रासीम के जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, अनिल गिरी, प्रमोद दीक्षित, मंगल गुप्ता, अशोक तिवारी, ज्वाला गुप्ता, विजय दीक्षित, छोटन सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुये।

## आगामी 30 मार्च को अम्बेडकर जयंती मनाने के लिये बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती भव्य रूप से मनाने के लिए 30 मार्च को न्यू प्राथमिक विद्यालय पिपरपांती के प्रांगण मे बैठक आहूत की गई है। नौड़ीहा बाजार प्रखंड के तमाम मुखिया व पंचायत समिति सदस्य के अलावा जन प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील है कि 30 मार्च दिन रविवार को समय 11 बजे बैठक मे भाग लेने की कृपा करें। इस बैठक की जानकारी नौड़ीहा बाजार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद एवं रविदास विकास समिति के अध्यक्ष राम गोविंद राम शिक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई।

# अबुआ आवास योजना में लाभुक द्वारा रिश्वतखोरी का आरोप, बिचौलिए ने लाभुक से 15 हजार रुपए रिश्वत लिया

### 15 हज़ार रिश्वत देने के बाद भी अबुआ आवास के लाभ से लाभुक हैं वंचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना रिश्वतखोरी के नाम पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं। दरअसल ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के ओड़नार गांव निवासी संगीता देवी पति राजू ठाकुर ने अबुआ आवास योजना में 15 हज़ार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया हैं। वहीं लाभुक संगीता देवी और पति राजू ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि हरिनामाड़ निवासी विजय तिवारी अबुआ आवास योजना में लाभ दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपए रिश्वत लिया और कहा की अबुआ आवास योजना का लाभ दिलवा देंगे साथ ही लाभुक ने कहा कि विजय तिवारी आवास का लाभ दिलाने के लिए यह कहते हुए 15 हज़ार रिश्वत लेने का मांग किया कि ब्लॉक ऑपरेटर को पैसा रिश्वत देना पड़ता हैं तभी अबुआ आवास योजना का पहला किस्त का राशि खाता में आवंटित होता हैं जिसपर उसने कहा कि 15 हजार रुपए कर्ज लेकर विजय तिवारी को देने का काम किया लेकिन वर्तमान में भी अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया हैं। वहीं विजय तिवारी से इस मामले वार्ता करते हैं तो उन्होंने केवल झूठा आश्वाशन हमेशा देते आ रहें हैं जिससे समझ में नहीं आ रहा हैं कि आखिर क्या करें कि अबुआ आवास योजना का लाभ मिल सकें और उसने कहा कि मेरे पति राजू ठाकुर शारीरिक रूप से विकलांग हैं फिर भी बिचौलिया विजय तिवारी द्वारा अबुआ आवास के नाम पर 15 हज़ार रुपए रिश्वत लेने के बाद भी अबुआ आवास का लाभ नहीं दिलवाया गया आखिर हम क्या करें कि जिससे हमको अबुआ आवास योजना लाभ मिल सकें। गौरतलब हैं कि वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना की शुरुआत की थीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो लाभुक वंचित रह गए थें वैसे लाभुक को राज्य सरकार द्वारा पक्का मकान देने की बात कही गई थीं। लेकिन जिस तरह से चैनपुर प्रखंड में अबुआ आवास योजना में रिश्वत लेने का मामला देखने को मिल रही है ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस योजना को समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाने के लिए और भी पारदर्शिता से काम करने की आवश्यकता है।

## एसबी लाइट पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम व विज्ञान प्रदर्शनी



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मसीहानी मे स्थित एस वी एलिट पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम सहित अभिभावक गोष्ठी का आयोजन शनिवार को सम्पन्न हुई।जिसमें मुख्य अतिथि छतरपुर बीडीओ आशीष कुमार साहू और ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर राकेश शुक्ला, छतरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन और विद्यालय प्रबंधन ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों को बच्चों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया प्रबंधक द्वारा शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो की सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त एक मात्र विद्यालय इस इलाके में गुणवतापूर्ण शिक्षा देकर यहां के नौनिहाल बच्चों को उज्जवल भविष्य गढ़ने में लगातार प्रयास कर रहा है उक्त बातें मुख्य अतिथि बीडीओ कुमार ने कही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू जिले के एमवीआई और इस इलाके के लोकप्रिय समाजसेवी के रूप में कार्य करने वाले लालबिहारी यादव ने प्रथम बार विद्यालय में शिरकत किया और उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी देख कर बच्चों के हौंसला बुलंद किया इस प्रकार का सोच जैसा प्रोजेक्ट बना कर प्रदर्शनी में लगाया है ये छोटी मोटी बात नहीं है इसी से पता चलता है कि विद्यालय किस प्रकार का शिक्षा बच्चों को प्रदान कर रहा है।। वहीं नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी चुनमुन ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की आज फक्र महसूस हो रहा है की हमारे इलाके में इतना बेहतर विद्यालय बच्चों को गढ़ने में दिन रात मेहनत कर रहा है आज का यह विज्ञान प्रदर्शनी हमलोग को प्रेरणा दे रहा है की हमारे बच्चे कितना प्रतिभावान है जिन्होंने स्वाइल कंजवेशन, यर पाउलोशन, चंद्रयान 3 इसरो स्मार्ट सिटी जैसे प्रोजेक्ट तैयार किया है निश्चित रूप से उनके मन में यह जिज्ञासा तो उत्पन हुई ताकि मुझे ऐसे करना है । कार्यक्रम के अंत में सभी कक्षा के टॉपर प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों को अतिथियों ने रिपोर्ट कार्ड और उन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## मस्जिद में सामूहिक इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** रमजान के पाक महीने के आखिरी जुम्मे पर बेलाबार मस्जिद प्रांगण में रोजेदारों के लिए इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। मुकुंदपुर पंचायत की बीडीसी अजीमा खातून के सौजन्य से आयोजित इस सामूहिक इफ्तार में बेलाबार और नावाडीह के सैकड़ों रोजेदारों ने हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया। इफ्तार कार्यक्रम का माहौल काफी सौहार्दपूर्ण और धार्मिक आस्था से भरा रहा। मस्जिद प्रांगण में बड़ी संख्या में रोजेदार जुटे और सामूहिक दुआ में हिस्सा लिया। इस दौरान खजूर, फल, शरबत, पकौड़े और अन्य पारंपरिक व्यंजनों से रोजा इफ्तार कराया गया। इफ्तार के दौरान मौलाना की अगुवाई में अल्लाह की बारगाह में मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ की गई। नमाजियों और रोजेदारों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और ईद-उल-फितर के त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संदेश दिया। इफ्तार के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाली बीडीसी अजीमा खातून ने कहा कि रमजान इबादत, त्याग और नेकी का महीना है, और इसी भावना से रोजेदारों के लिए यह आयोजन किया गया। उन्होंने आगे भी ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही है। इस सामूहिक इफ्तार आयोजन की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। इसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। आयोजकों ने इस बात का भी खास ख्याल रखा कि सभी रोजेदारों को आरामदायक माहौल में इफ्तार करने का अवसर मिले। इफ्तार के बाद लोग बेहद खुश नजर आए और आयोजकों को धन्यवाद दिया। रमजान के इस पाक मौके पर किया गया यह आयोजन धार्मिक सौहार्द और सामूहिकता का एक बेहतरीन उदाहरण बना।

## ईद और राम नवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना परिसर केतार में शनिवार को आगामी ईद-उल फितर, सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सह बीडीओ प्रशांत कुमार ने की इस दौरान प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी एवं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने, भड़काऊ पोस्ट, वीडियो या संदेश शेयर करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उक्त पदाधिकारीयो ने आयोजन के दौरान डीजे पर प्रतिबंध बताया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई गलत सूचना फैलाने की कोशिश करे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर सब-इंस्पेक्टर आदित्य ठाकुर, सब-इंस्पेक्टर चंदन कुमार साह प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद उपप्रमुख शंभू सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह मुखिया श्यामसुंदर बैठा मुखिया मूंगा साह मुखिया मुन्नी देवी समाजसेवी पंकज सिंह मनोरंजन प्रसाद गुप्ता सदर शमीम अंसारी कन्हाई प्रसाद हेमंत पाठक त्रिपुरारी सिंह अलताफ अंसारी योगेंद्र सिंह रामेश्वर सिंह विक्रमा सिंह हकीमुद्दीन अंसारी अली हुसैन अंसारी सतेंद्र गुप्ता विमलेश पासवान अजय राम दीनदयाल गुप्ता राजेंद्र सिंह श्री राम सिंह राम विचार साहू उदय प्रसाद ब्रह्मदेव गुप्ता प्रदीप सिंह शिववरण साह सहित कई अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की मॉक ड्रिल से स्कूल की छात्राओं को हुई परेशानी

**रांची :** शनिवार को नवीन पुलिस केंद्र रांची में विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीटी एसपी राजकुमार मेहता की निगरानी में पुलिस की मॉक ड्रिल हो रही थी। तभी आश्रु गैस का धुआं पास के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पुलिस लाइन में फैल गया। इस गैस से स्कूल के छात्राओं की आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ बच्चों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां ईलाज कराया गया। रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर में मौजूद घनी आबादी के बीच आश्रु गैस का ट्रायल करना सही नहीं है। वहीं सीटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया धुंआ फैला था लेकिन वैसे चिंता की कोई बात नहीं है।

### राधा कृष्ण मंदिर में हिंदू नव वर्ष पर होगी विशेष पूजा

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग में 30 मार्च को भारतीय हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को लेकर शनिवार को विशेष पूजा- अर्चना, भजन- कीर्तन सत्संग, महाप्रसाद और महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं मंदिर परिसर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 200 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद खीर का वितरण किया जाएगा। वहीं दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक भजन-संकीर्तन का संगीतमय कार्यक्रम होगा। इसके बाद सामूहिक आरती की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सभी श्रद्धालुओं से इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# सरहुल एवं रामनवमी के जुलुस के दौरान पुलिस रहेगी अलर्ट : डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सरहुल पर्व 2025 के अवसर पर विद्युत व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक तैयारी की समीक्षा हेतु सभी सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया।



**सभी तैयारियों पर क्रमवार समीक्षा:** इस महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त द्वारा क्रमवार सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सरहुल जुलुस एवं रामनवमी जुलुस मार्ग में सड़क मरम्मती, जेनेटर द्वारा बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, सुरक्षा हेतु सी.सी. टीवी, ड्रोन कैमरा एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से कहा की सरहुल और रामनवमी जुलुस के दौरान बिजली के तार व्यवस्थित एवं खुले हुए न हो यह सुनिश्चित कर ले। जब तक जुलुस रात्रि में वापस नही हो जाती है, तब तक बिजली आपूर्ति न बहाल करें। सुनिश्चित होने के बाद में विधुत बहाल किया जाए। इसके लिए माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग करें।

सरहुल एवं रामनवमी के जुलुस के दौरान मेडिकल टीम तैनात रहेगी

सरहुल एवं रामनवमी के जुलुस के दौरान मेडिकल टीम तैनात रहेगी इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेडिकल टीम, जुलुस के साथ एम्बुलेंस इस दौरान तैनात रहेगी।

**सरहुल पर्व में विशेष साज-सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे:** आगामी सरहुल पर्व में जिला प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो में विशेष साज-सज्जा किया जाएगा एवं प्रमुख जगहों पर रंगा-रंग कार्यक्रम झारखण्ड की संस्कृति पर आधारित होगी।

**आगामी पर्व के दौरान सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम:** सरहुल पर्व एवं रामनवमी श्वड्डह्ल1 के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पाए उन्होंने कहा कि ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

# उपद्रवियों से निपटने के लिए रांची पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी के तहत शनिवार को कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में उपद्रवियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया। इसमें बड़ी संख्या में रांची पुलिस के जवानों ने भाग लिया। आने वाले 10 दिनों के भीतर तीन महत्वपूर्ण त्योहार, जिसमें सरहुल, ईद और रामनवमी शामिल है। ऐसे में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि तीनों पर्व को देखते हुए जिले के सभी थाना और ओपी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में रांची पुलिस लाइन में पुलिस ने मॉक





ड्रिल कर जनता को यह बताने का प्रयास किया कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मॉक ड्रिल में उपद्रवी की भूमिका में भी पुलिस ही थी और उसपर कार्रवाई करनेवाले भी पुलिसकर्मी ही थे।

उपद्रवियों की पत्थरबाजी से लेकर उनपर अश्रु गैस के गोले, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार, लाठीचार्ज से लेकर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई ने यह बता दिया कि पुलिस हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। मॉकड्रिल के दौरान जवानों को यह भी बताया गया कि अगर स्थिति बिगड़ती है और उसमें लोग घायल होते हैं तो उन्हें कैसे तुरंत अस्पताल भेजा जाए और एंबुलेंस को कैसे भीड़ से निकालकर अस्पताल भेजा जाए। इस दौरान पुलिस के जवानों ने लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने, पानी की बौछार आदि को लेकर अभ्यास किया। काल्पनिक स्थिति पैदा कर उससे निपटने का भी अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ऐसा लग रहा था कि मानो पूरा क्षेत्र हुड़दंगियों के कब्जे में है और पुलिस इससे निपटने की कोशिश कर रही है।

# विश्व हिंदू परिषद 30 मार्च से मनाएगी श्रीराम महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नव संवत्सर का शुभारंभ 30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के साथ होगा। इस दिन को पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। यही दिन भगवान राम के राज्याभिषेक का भी माना जाता है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने शनिवार को नववर्ष एवं रामोत्सव पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि संपूर्ण सनातन समाज मंदिरों में पूजा अर्चना करें। अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगायें, दीप जलाएं। उन्होंने बताया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल पूर्णिमा (श्री हनुमान जन्मोत्सव) तक विश्व हिंदू परिषद की ओर से श्रीरामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूरे झारखंड प्रांत में लगभग दस हजार स्थानों पर जिला, प्रखंड, खंड एवं ग्राम समितियों की ओर से श्रीरामोत्सव के कार्यक्रम होंगे ,जिसमें श्री भगवान राम के जीवन प्रसंग, श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी-स्वाभिमान और नागरिक कर्तव्य का विषय संतों एवं अन्य वक्ताओं की ओर से रखा जाएगा। अनेक स्थानों पर केंद्र, क्षेत्र एवं प्रांत के पदाधिकारी का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# ईद और सरहूल पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शनिवार को नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने नवीन पुलिस केंद्र में पुलिस कर्मियों को मॉक ड्रिल के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित करने और दंगाइयों से निपटने का प्रशिक्षण दिए। साथ ही घायलों को किस तरह से अस्पताल ले जाएंगे, इसकी भी पूरी मॉक ड्रिल के माध्यम से रिहर्सल किया गया । साथ ही आश्रु गैस किस परिस्थिति में छोड़ी जाए, इसकी भी जानकारी सभी पुलिस कर्मियों को दी गई। इसके बाद वे हरमू स्थित ईदगाह पहुंचे और यहां का औचक निरीक्षण किये, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई दिशा निर्देश भी उन्होंने सुखदेव नगर थाना प्रभारी को दिया। उन्होंने कहा कि ईदगाह में ईद के



दिन नमाज पढ़ी जाएगी और यहां पर भीड़ काफी होती है, तो नमाज ईदगाह में भी पढ़ेंगे और ईदगाह के बाहर सड़क पर भी कुछ लोग नमाज पढ़ते हैं तो इन सबको देखते हुए सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी तरह का अनावश्यक भीड़ न लगे, अफवाह ना फैलाएं, व्हाट्सएप या सोशल साइड में किसी तरह का विवादास्पद बयान , आपत्ति जनक तस्वीर, वीडियो या कॉमेंट डालने से परहेज करें। कहीं भी कुछ अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा होती है तो तुरंत 100 पर डायल करें या स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दें।

# रोजगार के मुद्दे पर मरांडी का हेमंत सरकार पर हमला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर रोजगार के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को नौकरी देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं है, बल्कि उनके शोषण का तंत्र बना हुआ है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि पिछले दरवाजे से एजेंसियों के जरिए बाहरी लोगों को नौकरी पर रखा जा रहा है। झामुमो के नेता तो आदिवासी युवाओं से अनुबंध अधारित चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए भी पैसे की उगाही कर रहे हैं। इस सरकार का पूरा तंत्र ही युवाओं के शोषण में लगा हुआ है।उन्होंने कहा है कि सरकार ने



जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, अध्यक्ष को सारी सुविधाएं भी मिलनी शुरू हो गयी हैं, लेकिन युवाओं की नियुक्ति की फाइल टस से मस नहीं हुई है। मरांडी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब तक मुख्यमंत्री अपनी हिस्सेदारी तय नहीं कर लेते, तब तक न परीक्षा कैलेंडर जारी होगा, न भर्ती परीक्षा होगी और न ही कोई परिणाम घोषित किया जाएगा।

# पर्व में खलल डालने वाले पर लगेगा सीसीए : डीजीपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक झारखंड अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि ईद, सरहूल और रामनवमी पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक उपद्रव फैलाने की कोशिश करने वाले पर सीसीए की तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक उपद्रव फैलाने वाले को न सिर्फ चिह्नित कर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी, बल्कि आरोपित के विरुद्ध एनएसए और सीसीए के तहत भी



कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर जहर फैलाने वाले तमाम आसामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए यह कहा है कि अगर वे सोचते हैं कि सोशल मीडिया पर जहर फैला कर वे बच जायेंगे तो यह उनकी भूल है। झारखंड पुलिस के पास ऐसे तमाम टेक्निकल साधन उपलब्ध हैं जिसके जरिए फेक आइडी बनाकर कम्युनल तनाव फैलाने वालों की पहचान की जा सकती है। डीजीपी ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ एनएसए और सीसीए के तहत कार्रवाई होगी। ऐसे लोग सावधान हो जायें वरना उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि कोई सोशल मीडिया पर जहर फैलाकर यह सोचता है कि वह पकड़ा नहीं जायेगा तो उसकी सोच बिल्कुल गलत है।

# सरहूल पर्व को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सरहुल पर्व की शोभायात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। एक अप्रैल को शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह छह से रात 12 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान सभी बड़े वाहन राजधानी के बाहर ही रिंग रोड होकर अपने गंतव्य स्थान तक जायेंगे। शनिवार को ट्रैफिक एसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया।




### सिरमटोली सरना स्थल व मेन रोड में एक बजे से सामान्य वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद

सरहुल के अवसर पर रांची शहरी क्षेत्र में सुबह छह बजे से रात्रि 12:30 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी भारी वाहन रिंग रोड होकर जायेंगे।

निजी एवं यात्री वाहनों का परिचलान विभिन्न मार्गो में दोपहर एक बजे से जुलूस समाप्ति तक ऐसे रहेगा, एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा, सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे और उसी जगह से अन्य मार्गो पर जा सकेंगे, जाकिर हुसैन पार्क से कमिशनर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिशनर चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। अपर बाजार से शहीद चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। चडरी तालब से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का पचिालन वर्जित रहेगा। थरपखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा, पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

### आवश्यकतानुसार रूट किये जायेंगे डायवर्ट

विष्णु सिनेमा मार्ग से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैंड (मेन रोड) की तरफ आने वाले सामान्य वाहनो का परिचालन वर्जित रहेगा। चर्च रोड से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। उल हाउस के पास मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनें का परिचालन वर्जित रहेगा। कर्बला चौक से रतन पीपी की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का पचिालन वर्जित रहेगा। पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनो का परिचालन वर्जित रहेगा। राजेंद्र चौक से ओभरब्रीज, सुजाता चौक की ओर किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। पटेल चौक से मुंडा चौक की ओर परिचालन बंद रहेगा। बहुबाजार से मुंडा चौक, सिरमटोली सरना स्थल तक सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। जमशेदपुर रोड नामकुम क्षेत्र से चुटिया केतारी बगान होकर मुंडा चौक या बहुबाजार चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। कांटाटोली से बहुबाजार की ओर जाने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बहुबाजार तक होगा और वहां से चुटिया थाना मार्ग से परिचालित होंगे। पिस्का मोड से रातु रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगाशहर के अन्य मार्गो में सरहुल शोभा यात्रा के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जायेगा। साथ ही अफवाह पर ध्यान नहीं दे और बहुत जरूरी है तभी उस दिन घर से बाहर वाहन लेकर निकले।

# अलकतरा घोटाला: पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच को तीन साल की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** बहुचर्चित अलकतरा घोटाले में 28 साल बाद सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन सहित पांच आरोपितों को तीन-तीन साल की सजा और 15-15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सजा पाने वालों में इलियास हुसैन, शहाबुद्दीन बेग, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल और विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं। वहीं मामले में ट्रायल फेस कर रहे सात आरोपितों



को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में 28 साल बाद मुकदमे से बरी कर दिया गया। इनमें केदार पासवान, गणपति रामनाथ, शीतल प्रसाद माथुर, तरुण कुमार गांगुली, रंजन प्रधान, शोभा सिन्हा और महेश चंद्र अग्रवाल को बरी किया। अदालत ने बीते 22 मार्च को दोनों पक्षों की अंतिम बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख निर्धारित की थी। साल 1994 के घोटाले का पर्दाफाश 1997 में हुआ। इसके बाद सीबीआई ने मंत्री सहित अन्य अधिकारियों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी। मामला हजारीबाग का रोड निर्माण से जुड़ा हुआ था। कुल 27.70 रुपये का घोटाला किया गया था। 510 मीट्रिक टन अलकतरा की सप्लाई आरसीडी हजारीबाग को करनी थी। आरसीडी हजारीबाग को सप्लाई नहीं की गयी। इसे कागजों में दिखाया गया। मामले में पवन करियर नाम की कंपनी से अलकतरा सप्लाई किये जाने के फर्जी पेपर बनवाए गये थे।

### झामुमो ने किया तीन जिला समितियों का गठन

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को तीन जिला समिति का गठन किया है। पार्टी की ओर से जिन जिलों में समितियों का गठन किया गया है उनमें से देवघर, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा शामिल है। देवघर जिला में अध्यक्ष के तौर पर संजय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष के रूप में नवल हेंब्रम और इश्तियाक मिर्जा और तेजनारायण वर्मा का नाम शामिल है। वहीं सचिव के पद पर दिनेश्वर किस्कू और कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज दास को जिम्मेवारी दी गई है।

# 44 किलोग्राम डोडा के साथ तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** संवाददाता सम्मेलन में पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन सिन्हा, सीटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी केवी रमन, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद उपस्थित थे। मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खादगढ़ा टी ओ पी पुअनि दिवाकर कुमार, सअनि भीम सिंह, टी ओ पी बल के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, नगर रॉची के वी रमन के नेतृत्व मे एक छापामारी दल का गठन किया गया । जिनके द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर खादगढ़ा बस स्टैंड में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी कम स्टैंड परिसर में एक संदिग्ध कार देखा गया। आवश्यक पूछताछ एवं जॉच हेतु कार के समीप पहुँचने पर पुलिस बल को देखते ही तीन युवक भागने लगे। जिसे खदेड़कर पकड़ा गया और कार की तलाशी ली जाने पर कार के अंदर दो बोरा पीसे हुए डोडा की थैलियां बरामद हुई। कार का इंजन एवं चेंचिस नबंर के



साथ छेड़छाड पाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में तीनो ने नामकुम थाना क्षेत्र के सुदुरवर्ती क्षेत्रो से डोडा दार्जिलिंग भेजने पहुँचाने की बात को स्वीकारा है। पूछताछ में अन्य लोगो का नाम भी प्रकाश में आया है। जिसका सत्यापन कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारीः शिवम कुमार भगत उर्फ भोलू तैमारा थाना दशमाफॉल, संग्राम सिंह तैमारा थाना दशमाफॉल और कृष्णा कुमार उर्फ छोटू सतरंजी थाना तुपुदाना ओपी सभी जिला राँची निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सबक पास पीस हुआ डोडा वजन 44 किलोगाम,एक आई 20 सिल्वर रंग का कार झ 01 एजे 5587, तीन मोबाइल बरामद किया गया है। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी के वी रमन, पुलिस उपाध्यक्ष, नगर, राँची,पुअनि दिवाकर कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार, सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार रिजर्व गार्ड सशस्त्र बल शामिल थे।

# रिश्वत लेने के 12 साल पुराने मामले में कोषागार अधिकारी को पांच साल की कैद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सिविल कोर्ट रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने रिश्वत लेने के 12 साल पुराने मामले में दोषी करार अभियुक्त डोरंडा कोषागार के तत्कालीन कोषागार अधिकारी पवन कुमार केडिया को शनिवार को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने उसे उक्त मामले में 24 मार्च को दोषी करार दिया था। उस पर 30 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप है। यह रिश्वत विभाग में कार्यरत लिपिक प्रशांत कुमार दास से ले रहा था। प्रशांत कुमार दास कोषागार में बिला पास करने का काम करता था। उसने कोषागार अधिकारी से दूसरा काम आवंटन करने की गुहार लगा रहा था। दूसरा काम आवंटित करने के एवज में पवन केडिया ने 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत निगरानी ब्यूरो में



27 मई 2013 को की थी। निगरानी ब्यूरो टीम गठित कर रिश्वत की राशि के साथ उसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने नौ साल में नौ गवाहों को प्रस्तुत किया था।

## अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में बैठक



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुर गांव में राधा स्वामी संघटन में कन्यादान रजिस्ट्रेशन करवाने पर गरीब लोगों के बेटियों की शादी में 1 से 5 लाख तक की मदद देगा राधा स्वामी संगठन बैठक रांची डिस्टिक अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में सभी लोगों के बीच किया गया। बैठक में सेन्ट्रल जरनल निरंजन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि राधा स्वामी ने कई प्रकार से लोगों का हर संभव मदत करने का आश्वासन दिया और साथ ही सभी लोगों को मोटरसाइकिल कार ट्रेक्टर बस, हाईवा जैसे सभी वाहनों पर 40 प्रतिशत छूट देने की पूर्ण जानकारी दिया, और पहले जितने भी लोगों को मोटरसाइकल, ट्रैक्टर, कार लिया है उन सभी लोगों को सेन्ट्रल जरनल निरंजन मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया।

## मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया गया



**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के रातु बुढ़मू मुख्य मार्ग के चापा टोली में ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार के निर्देश में ठाकुर गांव एसआई अरविंद कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान और जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बाइक सवार लोगों का हेलमेट और गाड़ी का पेपर जांच किया गया साथ ही एसआई अरविंद कुमार ने सभी लोगों को बताया कि 18वर्ष से नीचे का नाबालिक बच्चे बिना लायसेंस के मोटरसाइकल न चलाए साथ ही बताए की आप सभी जो मोटरसाइकल चलाते हैं आप हेलमेट पहन के ही मोटरसाइकल चलाए और जो साथ में बैठे होते हैं वो भी बिना हेलमेट के नहीं बैठे,मोटरसाईकल चलाते समय हेलमेट जरूर पहने, अपने साथ गाड़ी का पेपर रखे साथ हे लाइसेंस होना अति आवश्यक है।

## एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें शैक्षणिक सत्र 2025-26 के करीब 30 छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ शामिल होकर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की प्राचार्या डॉ. रेशु चौधरी सहित आगंतुक अभिभावकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।इसके बाद विद्यालय की प्राचार्या ने उपस्थित अभिभावकों को वर्तमान के समय में शिक्षा के सही चुनाव विषय पर वक्तव्य दिया।इसमें दसवीं के बाद बच्चों के लिए क्या अवसर उपलब्ध है,इसकी विस्तृत चर्चा की गई।आज के दौर में बच्चों को किस प्रकार परामर्श एवं निर्देशन द्वारा व्यक्तित्व विकास किया जा सकता है,इसकी जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सफलता प्राप्त नहीं होती है और शिक्षा से ही शून्य से शिखर तक लोग पहुंचते हैं।वहीं कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी इस संदर्भ में अपनी-अपनी बात रखी।

## सांसद और विधायक का पिपरवार दौरा आज

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव के विधायक रोशनलाल चौधरी आज पिपरवार क्षेत्र का दौरा करेंगे।जानकारी के अनुसार रामनवमी पूजा के अवसर पर आज सुबह 10 बजे बचरा चार नंबर स्थित कृष्णा महतो चौक के समीप हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के उपस्थिति में अखाड़ा समिति के बीच पारंपरिक शस्त्र का वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें विधायक रोशन लाल चौधरी भी शामिल होंगे।सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल और रविंद्र कुमार सिंह ने पिपरवार मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## मुखिया ने जीएम को दिया ज्ञापन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने चैती छठ पर्व को लेकर बचरा सपही नदी छठ घाट की साफ-सफाई कराने की मांग को लेकर पिपरवार जीएम को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बचरा सपही नदी झूला पुल के समीप छठ घाट में गंदगी का काफी अंबार लगा हुआ है।चैती छठ पूजा को देखते हुए छठ घाट की साफ सफाई करने की आवश्यकता है।वहीं नदी में पानी का जल स्तोत कम होने के कारण बालू हटाकर पानी जमा करने की जरूरत है।उन्होंने जीएम संजीव कुमार से अविलंब छठ घाट की साफ सफाई सहित अन्य कार्य कराने की मांग की है।

## ईद की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में हुई समय की घोषणा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र व आस पास ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों एवं ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के लिए संबंधित अंजुमन के द्वारा समय की घोषणा कर दी गई है।जानकारी के अनुसार पिपरवार के बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 8:30 बजे, न्यूमंगरदाहा मस्जिद में सुबह 8:30 बजे,बहेरा ईदगाह में सुबह 8:30 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 8:00 बजे और बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 8:00 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।संबंधित अंजुमन के लोगों ने सभी नमाजियों से समय से पूर्व मस्जिद व ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा करने की अपील की है।

## हार्डवेयर दुकान से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र एनएच 39 मदरसा चौक में हार्डवेयर जॉन नामक दुकान में शटर काट कर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया चोर अपने साथ सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी ले गए हैं मामले की सूचना चान्हो पुलिस को दी गई है। जानकारी देते हुए दुकान के मालिक हाजी तफज्जुल अंसारी ने बताया कि रोजाना की तरह शुक्रवार शाम को अपना दुकान बंद करके घर चले गए थे जब शनिवार को दुकान खोलने के लिए सुबह 9:00 बजे पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ था तभी अंदर देखने पर पता चला कि सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी चोर अपने साथ ले गए हैं आगे उन्होंने बताया कि दुकान से तकरीबन सभी सामानों को मिलने के बाद 4 लाख रुपये की चोरी की गई है।

## टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड की संख्या पहुंची 2 मिलियन के पार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या 2 मिलियन पर पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया है। अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से, टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने प्रगति की बड़ी छलांग लगाई है। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी (वयू3 एफवाई 25- आरबीआई में जारी किए गए 13 फीसदी से ज्यादा नेट नए कार्ड) के साथ, इसने देश भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी तेज़ी से हासिल की है। टाटा डिजिटल में, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, फायनेन्शियल सर्विसेस, गौरव हजराती ने कहा, %टाटा डिजिटल में, हम अपने ग्राहकों के लिए लाभों को अधिक फायदेमंद और पारदर्शी बनाकर क्रेडिट कार्ड के अनुभव में क्रांति लाने के लिए समर्पित हैं। 2 मिलियन से ज्यादा टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करना हमारे ग्राहकों द्वारा न्यू कार्ड पर रखे गए भरोसे का एक मज़बूत प्रमाण है।

## बेड़ो में कांग्रेस कमिटी का भव्य इफ़्तार आयोजन

# करांजी मेला मैदान में सैकड़ों रोजेदार हुए शामिल, बंधु तिर्की ने दिया सौहार्द का संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कांग्रेस कमिटी, बेड़ो की ओर से करांजी मेला मैदान में भव्य और शानदार दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल को खूबसूरती से सजाया गया था, जिसमें रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक झूमर और विशेष अरबी शैली की सजावट ने माहौल को और आकर्षक बना दिया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा, ÷रमज़ान सिर्फ उपवास का महीना नहीं है, बल्कि यह हमें धैर्य, सहनशीलता और समाज में प्रेम व सौहार्द बनाए रखने की सीख भी देता है। यह महीना आत्मसंयम और गरीबों की सहायता करने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे आयोजन हमें एक-दूसरे के करीब लाते हैं और समाज



में भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है और इस तरह के आयोजन उसकी समावेशी नीति का प्रमाण हैं। इस इफ्तार समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी, समाजसेवी और ग्रामीण शामिल हुए। प्रमुख उपस्थित व्यक्तियों में अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, नवल किशोर, आशा रानी पन्ना, रईफुद्दीन मिरदाहा, सदर शोएब, सेक्रेटरी अब्दुल, समाजसेवी रुस्तम अंसारी, शमशाद आलम और मचकुर समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। इफ्तार के लिए विशेष प्रबंध किया गया था, जिसमें पारंपरिक और स्वादिष्ट व्यंजनों की लंबी सूची शामिल थी। मेहमानों के लिए खजूर, फलों की विभिन्न वैरायटी, समोसे, पकौड़े, चिकन और मटन के विभिन्न व्यंजन, बिरयानी, शीरमाल, फिरनी और अन्य स्वादिष्ट पकवानों की व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन में धार्मिक और सांस्कृतिक सौहार्द की झलक देखने को मिली, जहां सभी समुदायों के लोगों ने एक साथ मिलकर इफ्तार किया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना था। रमज़ान के इस पवित्र महीने में आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए सौहार्द और प्रेम का संदेश लेकर आया। कार्यक्रम में आए लोगों ने आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की उम्मीद जताई। पूरे माहौल में खुशी, उल्लास और सौहार्द की भावना देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने इसे एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन बताया, जो धार्मिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव को प्रोत्साहित करता है।

# मध्य विद्यालय चचगुरा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चचगुरा का वार्षिकोत्सव शिक्षप्रद नाट्य प्रस्तुत कर धूम धाम से मनाया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक रांची के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र के अंत में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वार सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोक नृत्य , लोकगीत, नाटक, कविता पाठ, महापुरुषों की जीवनी पर आधारित भाषण, सहित कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूली बच्चो द्वारा नशा मुक्ति के तहत



शानदार नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी गई और नशाखोरी से जीवन के अंत का सफल मंच साक्षा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव ,विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सोनिया देवी , विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार रजवाड़, आदित्य कुमार ,संगीता मिंज, पुष्पा लकड़ा ,आशा कुमारी ,यशोदा लकड़ा, महादेव सिंह , विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य चरवा उरांव, किरण उरांव, सहित काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक आदित्य कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार रजवार द्वारा किया गया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एस्ट्रोनोमी कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 'एक दिवसीय एस्ट्रोनोमी कार्यशाला' आयोजित की गई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का संचालन 'डीजीसीए-प्रमाणित ड्रोन पायलट प्रशिक्षक' श्री एल. कार्तिकेयन और 'खगोल अवलोकन व अंतरिक्ष विज्ञान विशेषज्ञ' श्री सरवन कुमार ने




किया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण तारों का अवलोकन, ग्रहों की खोज और ब्रह्मांडीय रहस्यों की जानकारी' रहा। छात्रों को दूरबीन से आकाश देखने और खगोलीय गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। 'ब्लैक होल, डार्क मैटर और एलियन जीवन की खोज' पर हुई चर्चा ने छात्रों की जिज्ञासा बढ़ाई और उन्हें ब्रह्मांड के अनसुलझे रहस्यों को समझने की नई दृष्टि दी। कार्यशाला में 'इंटरैक्टिव सिमुलेशन, सौर धब्बों का निरीक्षण, एयरोस्पेस और ड्रोन तकनीक' के सत्र भी हुए, जिन्होंने सभी को रोमांचित कर दिया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण को समझने व इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रेरित किया।

## रामनवमी पूजा को लेकर कोयलांचल के राय शिव मंदिर मे हुई ग्रामीणो की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय बाजार स्थित शिव मंदिर के प्रागंण मे ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बिजय पाहन और संचालन गणेश कुमार महतो ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय बाजार मे रामनवमी पूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।रामनवमी पूजा के अवसर पर जुलुश व झांकी निकालने व अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी 05 अप्रैल को शाम 6



बजे रामनवमी शोभा यात्रा सह झांकी निकालने एंव 06 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से शिव मंदिर राय बाजार मे रामनवमी मेला,शोभा यात्रा व सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया,एंव सभी को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।इस बैठक मे मुख्य रूप से विजय पहान,दुर्गा प्रसाद महतो,रूपेश कुमार महतो, गणेश कुमार महतो,राजेश कुमार महतो,पारस चौहान, राजू गुप्ता,कुनाल कुमार, नरेश महतो,चंदन महतो, संतोष प्रजापति,हबू महतो, श्रवण कुमार,रंजीत महतो, लोकन महतो,सतीश कुमार, बॉबी सोनी,रवि गुप्ता,राजेश केशरी,कुंदन प्रताप चौहान, प्रेम कुमार,मोहन पटेल, रघुनन्दन प्रजापति,रमन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड सभागार में मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओ के क्रियान्वयन हेतु प्रखंड सभागार में मुखिया, पंचायत सचिव,पंचायत सहायक का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजीव विक्रांत केरकेट्टा ने दिया। जिसमें प्रखंड कर्मियों को प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया कि पेंशन योजनाओ का लाभ लेने हेतु लाभुकों का चयन कैसे किया जाए एवं योग्य लाभुकों का सत्यापन कैसे किया जाए। मौके पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति अधिकारी संजीव विक्रांत केरकेट्टा ने



प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं प्रखण्ड कर्मियों को बताया कि योग्य लाभुक किसी भी प्रकार से लाभ लेने से वंचित नहीं होना चाहिए और जो लाभुक अहर्ता नहीं रखते हैं वैसे लोगों को पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए। मौके पर मुखिया दीपक बड़ाईक,मोहसिन रजा, अलखनाथ महतो, अरविंद कुमार महतो, नजबूल अंसारी,मुबारक अंसारी, तबारक अंसारी, अकबर खान,यशु ट्रिकी, अमरनाथ भोगता,विनय कुमार यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओंकार तिवारी के द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं वंदना के साथ किया गया। प्रथम दिवस में वंदना के पश्चात कार्यशाला की प्रस्तावना, प्रातः स्मरण सुभाषितानि, एकात्मता स्त्रोतम, हनुमान चालीसा का अभ्यास, पंजीयों, संचिकाओं एवं अभिलेखों को व्यवस्थित करना,विद्यालय के सबल एवं निर्बल पक्षो पर चर्चा तथा आचार्य एवं दीदी जी द्वारा शैक्षणिक पठन-पाठन कार्य किया गया।द्वितीय दिवस में विद्यालय और विद्या भारती के कार्यो को सम्मिलित कर वार्षिक कार्य योजना बना वर्ग शिक्षक एवं विभाग प्रमुख का चुनाव तथा बाल विकास आचार्य विकास समिति विकास अभिभावक विकास पर विशेष पूर्ण रूप से चर्चा किया गया।तृतीय दिवस में वंदना सत्र के पश्चात शैक्षिक तकनीक,परीक्षा परिणाम, विभिन्न प्रतियोगिता,सुंदर



लेखन,नवीन प्रयोग पर विशेष चर्चा किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओंकार तिवारी के द्वारा संपूर्ण कार्यशाला का वृत एवं चिंतन प्रस्तुत करके समापन उद्बोधन किया।इस कार्यशाला में विद्यालय के आचार्य सुखदेव महतो, अनिल सिंह, मनोज कुमार, प्रभात कुमार, रामप्रसाद महतो,शिव प्रसाद, तीजू महतो, प्रमोद कुमार, राजेंद्र महतो, योगेंद्र ठाकुर, कुंदन सिंह,बालेश्वर महतो, ज्योति सिंह,राजेश्वरी सिन्हा, अंजू सिंह,वीणा कुमारी, नीलम कुमारी,सोनिका कुमारी, भगवती गुप्ता सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## आरटीसी कॉलेज में सरहुल पर्व को लेकर की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर.टी.सी.कॉलेज दड़दाग ओरमांझी के विवेकानंद सभागार में सरहूल के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रकृति के महापर्व सरहूल एवं झारखंड की संस्कृति से जुड़े गीत एवं नृत्य का शानदार प्रदर्शन कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ.भीम महतो ने सरहूल के पर्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि एसबी एस एस पीएस जनजातीय महाविधालय गोड्डा के पूर्व प्राचार्य प्रो.वसंत नारायण ने सरहूल पर अपनी बात रखते हुए प्रकृति और पर्यावरण में समन्वय का पर्व बताया। कार्यक्रम में गीत- संगीत और जदुरा नृत्य का विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के प्राध्यापक प्रो.टिकेश्वर चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रो.शैलेन्द्र मिश्र,प्रो.इमरान अंसारी,प्रो.एकबाल अंसारी,प्रो.प्रेमनाथ मुंडा, डॉ.सुमन कुमार, प्रो.टिकेश्वर चौधरी,नीतू,मीनू कुमारी, डॉ.अनुराधा सहित कॉलेज के प्राध्यापक एवं छात्र- छात्राओं उपस्थित हुए थे।

## एनएच39 मदरसा चौक में सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच39 मदरसा चौक में सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि शनिवार सुबह 11 बजे के आसपास राँची की ओर से आरहे एक बस ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दिया जिससे यह घटना हो गया। स्थानीय लोगों पुलिस के मदद से घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

## मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरहुल, रामनवमी और ईद पर्व के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के अंतर्गत ओझासाड़म के नवाटोली मैदान में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों का गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा, कांके विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि बबलू उरांव, विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार, ओझासाड़म पंचायत के मुखिया ललिता देवी समेत कई अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में रामनवमी,सरहुल, और ईद पर्व की लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार बैठा एवं विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए सरकार के मैया सामान योजना से लाभान्वित होने से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता जाकिर हुसैन, ईटंक के प्रखंड अध्यक्ष महावीर लोहरा, बलराम यादव, सोहन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस नेता बालेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजू उरांव, राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव, सहित कई लोगों ने भूमिका निभाया।

## झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की जूम के माध्यम किया गया बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की जूम बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में की गई, उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के सम्बंध में राज्य सरकार बहुत ही संजीदगी से मान्यता दिलाने हेतु आवश्यक कदम उठा कर लगातार कई दिनों तक क्रमवार चर्चा किया गया। विदित हो कि झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लगातार पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगनाथ महतो, पूर्व केबिनेट मंत्री माननीय आलमगीर आलम, माननीय विधायक राजेश कच्छप, केबिनेट मंत्री माननीय दीपिका पांडेय, माननीय विधायक लुइस मरांडी, पूर्व शिक्षा मंत्री माननीय बन्धु तिर्की जी से कई चरणों में प्रतिनिधि मंडल मिला और इनलोगों के अथक प्रयास से माननीय मुख्यमंत्री और माननीय शिक्षा मंत्री एक कमिटी गठन करने का निर्णय लिए, इस कार्य के लिए पूरे झारखण्ड के निजी स्कूलों के संचालकों की ओर से धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 में संशोधित नियम प्रमुखता से जमीन सम्बन्धी बाध्यता जिसमें वर्ग आठवीं तक मध्य विद्यालय के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1 एकड़ और प्राथमिक विद्यालय वर्ग पांचवी तक के लिए शहरी क्षेत्र में 40 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र में 60 डिसमिल किया गया था जिसे वर्तमान सरकार जमीन सम्बन्धी बाध्यता को खत्म कर कम करने जा रही है। जो एक स्वागत योग्य कदम है , लेकिन सच्चाई ठीक इसके विपरीत है, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी और माननीय शिक्षा मंत्री श्री राम दास सोरेन जी को अवगत कराते हुए कई बार झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मांग पत्र के माध्यम से जमीन संबंधी बाध्यता को पूर्ण रूप से खत्म कर भवन की संरचना के अनुसार मान्यता दिया जाय।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज में सरहुल पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिसा, जशपुरिया बी. एड. कॉलेज, बिसा में शनिवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, प्रशिक्षुओं एवं विशिष्ट अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार अध्यक्ष, जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्वागत से हुआ। उन्होंने कहा, सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और प्रेम का प्रतीक है। यह हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर समाजसेवी विगेश्वर महतो विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सरहुल पर्व की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई, जिसे मनीषा एवं उनके साथियों ने प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रशिक्षु रोज कंडूलना ने सरहुल पर्व के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिया। सरहुल की पारंपरिक छटा बिखेरते हुए प्रशिक्षु स्वाति एवं उनके साथियों ने मोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक सरहुल नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य प्रवीण सिंह कुशवाहा ने सरहुल पर्व की सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्ता पर विचार साझा किए। प्रशिक्षु अमिषा एवं उनके साथियों ने एक और आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि प्रशिक्षु रोज एवं उनके साथियों ने सरहुल गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। सरहुल पर्व के रंग में डूबे हुए, प्रशिक्षु होलिका कुमारी ने नागपुरी भाषा में प्रभावशाली भाषण दिया, जिसने स्थानीय संस्कृति को जीवंत कर दिया। प्रशिक्षु सपना एवं उनके साथियों ने एक और मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा, बी. एड. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में फैशन शो प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।

# सप्तम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पालू ओरमांझी में आयोजित वार्षिक समारोह सह कक्षा आठ के विदाई कार्यक्रम के दौरान नौनिहालों ने जमकर धमाल मचाया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि निकासी ब्ययन पदाधिकारी सह प्रधानाध्यापक नसीम अहमद ने कहा कि आज के वर्तमान दौर में आधुनिक शिक्षा की गुणवत्तापूर्ण जानकारी से बच्चों को जोड़ना बहुत काबिले तारीफ है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक



कार्यक्रम की जमकर सराहना की। साथ ही कहा कि अभिभावक जन बच्चों के प्राथमिक स्कूलों में अधिक से अधिक नामांकन करायें। कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों और निपुण बच्चों को मुख्य अतिथि नसीम अहमद व विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक के शिक्षा विभाग प्रतिनिधि तौहीद आलम ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि तौहीद आलम ने विद्यालय के आठवीं तक के पढ़ाई पूरी कर लेने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते सफलता के गुण सिखाए। उन्होंने बताया कि मन लगाकर पढ़ाई करने वाले एवं परीक्षा में सत्समय उपस्थित होकर अपने पूरे ज्ञान का उपयोग करने से आपकी प्रतिभा का मूल्यांकन होगा। मौके पर विद्यालय

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सफलता के लिए आत्मनिर्भरता और नवीन दृष्टिकोण है आवश्यक : संजीव पुरी

## नेतृत्व का अर्थ केवल सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज में सार्थक प्रभाव छोड़ना : नरेंद्रन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को एक्सएलआरआइ के 69वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे. इस दौरान संस्थान के कुल 595 विद्यार्थियों के साथ ही इसके तीन प्रोफेसरों एवं 14 प्रशासनिक कर्मचारियों को 15 वर्षों की सेवा के लिए 'लॉन्ग सर्विस मेडल' से सम्मानित किया गया. दीक्षांत समारोह के दौरान आईटीसी के चेयरमैन सह एमडी संजीव पुरी को प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस अवार्ड से भी नवाजा गया. बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया. इस दौरान एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर डॉ. (फादर) सेबेस्टियन जॉर्ज, एस.जे., डीन एकेडमिक्स डॉ. संजय के. पात्रो, डीन, डीन एडमिन एंड फाइनांस डॉ. (फादर) डोनाल्ड डी'सिल्वा, एस.जे. समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे. अपने उद्बोधन में संजीव पुरी ने छात्रों और संकाय सदस्यों को बधाई दी. पुरी ने टाटा समूह की समाज के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि सफलता केवल व्यावसायिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इससे समाज में सकारात्मक बदलाव भी आना चाहिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य में सफलता के लिए आत्मनिर्भरता और नवीन दृष्टिकोण आवश्यक है. टी. वी. नरेंद्रन, चेयरमैन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, एक्सएलआरआइ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाः जैसे ही आप करियर की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, याद रखें कि नेतृत्व का अर्थ केवल सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज में सार्थक प्रभाव छोड़ना भी है. एक्सएलआरआइ ने आपको ईमानदारी, नवाचार और सतत विकास के सिद्धांतों के साथ नेतृत्व करने के लिए तैयार किया है. डॉ. (फादर) सेबेस्टियन जॉर्ज, एस.जे., निदेशक, एक्सएलआरआइ ने कहाः सात दशकों से अधिक समय से, एक्सएलआरआइ ऐसे नेता तैयार कर रहा है जो उत्कृष्टता के साथ सामाजिक उत्थान में योगदान दें.



## टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड पहुंची 2 मिलियन के पार




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की. टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या 2 मिलियन पर पहुंच चुकी है. इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया है। अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से, टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने प्रगति की बड़ी छलांग लगाई है। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी (क्यू3 एफवाई 25- आरबीआई में जारी किए गए 13 फीसदी से ज़्यादा नेट नए कार्ड) के साथ, इसने देश भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी तेज़ी से हासिल की है। टाटा डिजिटल में, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, फायनेंशियल सर्विसेस, गौरव हजराती ने कहा, टाटा डिजिटल में, हम अपने ग्राहकों के लिए लाभों को अधिक फायदेमंद और पारदर्शी बनाकर क्रेडिट कार्ड के अनुभव में क्रांति लाने के लिए समर्पित हैं। 2 मिलियन से ज़्यादा टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करना हमारे ग्राहकों द्वारा न्यू कार्ड पर रखे गए भरोसे का एक मज़बूत प्रमाण है। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ हर लेन-देन पर कई तरह के इनाम मिलते हैं, जैसे कि, 10 फीसदी तक की बचत, न्यू कॉइन की तेज़ कमाई और यात्रा, फ़ैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान और बहुत कुछ पर विशेष अधिकार आदि। एचडीएफसी बैंक के रूप हेड - पेमेंट बिज़नेस, कंज्यूमर फाइनेंस टेक्नोलॉजी और डिजिटल बैंकिंग, पराग राव ने कहा, भारत के अग्रणी कार्ड जारीकर्ता होने के नाते, हम हर ग्राहक वर्ग के लिए एक अनुकूलित पेशकश बनाने का प्रयास करते हैं, जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ भुगतान समाधान प्रदान करता है।

## आदित्यपुर से निकली हिन्दू नववर्ष पर भव्य शोभा यात्रा



**आदित्यपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** विश्व हिंदू परिषद सरायकेला खरसावां जिला इकाई के तत्वावधान में आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर के पास से हिन्दू नव वर्ष पर शनिवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व विहिप जिला अध्यक्ष डॉ जेएन दास ने किया। इस दौरान सैकड़ों मोटरसाइकिल पर सवार हिंदूवादी संगठनों के नेता और कार्यकर्ता भगवा झंडे के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए जिससे पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को भगवा पगड़ी और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि आदित्यपुर से हर वर्ष हिन्दू नववर्ष पर शोभा यात्रा निकाली जाती है, जिसका समापन आम बागान साकची में होता है। इस मौके पर अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जयसवाल, भाजपा नेता बबलू सिंह, भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सरदार, चिंटू सिंह, गुरजीत सिंह, रितेन महतो, संतोष कुमार, दीपक कुमार झा, सावन गुप्ता, नीरू सिंह, अभिजीत महतो आदि शामिल हुए।

## माचा पुराना हरि मंदिर में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के माचा गांव स्थित पुराना हरि मंदिर में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को आसपास के गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रात को पहुंचे पटमदा के अंचलाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार दास, जिला परिषद सदस्य खगेन महतो, समाजसेवी आस्तिक महतो, पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, मुखिया काजल सिंह, ग्राम प्रधान तिलक सिंह , विभिन्न पंचायतों के मुखिया और ग्राम प्रधानों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन अजित कुमार दत्त, दिलीप कुमार दत्त, मनोज कुमार दत्त, अमित कुमार दत्त, महादेव दत्त व राजकुमार दत्त आदि ने किया। शनिवार की सुबह महायज्ञ का समापन हुआ एवं धुलट कार्यक्रम के मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों ने अबीर गुलाल-लगाकर होली खेली।

## स्वयं सेवक संघ ने बोड़ाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, सूची भेजने की मांग



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पंचायत सचिवालय सहायक (स्वयं सेवक) संघ, बोड़ाम की ओर से शनिवार को बोड़ाम बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकार के पत्रांक 742/15.03.2024 के आलोक में विभिन्न पंचायतों में कार्यरत स्वयं सेवकों का पंचायत सहायक के रूप में ग्राम सभा से अनुमोदन करना है। लेकिन कुईयानी के पंचायत सचिव एवं मुखिया के ढुलमुल रवैये के कारण कुईयानी पंचायत में कार्यरत स्वयं सेवक मारुति महतो एवं मनोरंजन महतो का अनुमोदन नहीं हो पाया है। इसके कारण बोड़ाम प्रखंड के अन्य सभी पंचायत सहायकों (स्वयं सेवकों) की सूची जिला स्तर तक नहीं पहुंची है। इससे पूर्व आवेदकों द्वारा अपने स्तर से प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोड़ाम एवं उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम को सूचित किया गया है। लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं होने से अन्य सभी स्वयं सेवकों का मानदेय भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के अध्यक्ष खिरोद चंद्र गोराई, सचिव प्रकाश चंद्र महतो, राखाल चंद्र रूहिदास, सुशेन चंद्र महतो, अजीत कुमार दास, जन्मेजय महतो, संजय महतो, दीपक कुमार महतो, मिनती रानी महतो, गोष्ठ महतो, काजल मुदी, कृष्णपद कोड़ा एवं जगनाथ महतो आदि शामिल थे।

## श्री श्री सार्वजनिक बसंती पूजा समिति का बसंती पूजनोत्सव 3 अप्रैल से होगा शुरू



**गम्हरिया ।** श्री श्री सार्वजनिक बसंती पूजा समिति, सतबाहिनी, धिराजगंज की ओर से इस वर्ष बसंती पूजनोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया जाएगा। पूजा कमेटी की सम्पन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमेटी के अध्यक्ष बंकिम चौधरी ने बताया कि आगामी तीन अप्रैल को संध्या 7 बजे से पूजा आरंभ किया जाएगा। पूजनोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान शनिवार, 5 अप्रैल को महाअष्टमी के दिन डंडी पूजा के बाद संध्या में माता रानी का जागरण और झांकी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, तीन दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाएगा। तत्पश्चात रविवार, 6 अप्रैल को महानवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया जाएगा। सोमवार, 7 अप्रैल को महादशमी के दिन संध्या चार बजे माता की प्रतिमा विसर्जन के बाद पूजनोत्सव का समापन होगा। रविवार से प्रारम्भ हो रहे चैती दुर्गापूजा को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। साथ ही, माता की भव्य प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसकी तैयारी में कमेटी के उपाध्यक्ष शशिभूषण दास, सचिव रूपेश गोराई, सह सचिव कानू किशोर बेरा व उज्जवल चटर्जी, कोषाध्यक्ष उत्पल चौधरी, सह कोषाध्यक्ष बालेश्वर पॉली समेत सभी सदस्य जी जान से जुटे हैं।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में बाहा मिलन समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के प्रांगण में शनिवार को संथाली भाषा विभाग की ओर से बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आदिवासी परंपरा व संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के सचिव सह विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, विशिष्ट अतिथियों में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, जितुलाल मुर्मू, दिवाकर टुडू व सिजेन हेंब्रम शामिल हुए। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर ने कहा कि बाहा पर्व आदिवासियों का महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि प्रत्येक संस्कृति कहीं न कहीं प्रकृति से जुड़ी होती है। लेकिन आदिवासी समाज पूर्ण रूप से प्रकृति से जुड़ा हुआ है। यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृति को भी बचाने की अपील की। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने मांदर व धमसा के थाप पर पारंपरिक वस्त्र धारण करते हुए बाहा नृत्य प्रस्तुत किया जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य केपी महतो, इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, संथाली भाषा विभाग के शिक्षक श्रीकांत माझी, विश्वनाथ महतो, गौतम गोराई, भुवनेश्वर महतो व शालिग्राम मिश्रा समेत अन्य सभी शिक्षकगण मौजूद थे।



## प्यास बुझाने अपो के जंगल में पहुंचे बाघ को देख ग्रामीणों में दहशत

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले कई माह से विचरण करते हुए दलमा को स्थायी ठिकाना बना चुका एक बाघ शनिवार को पटमदा थाना क्षेत्र की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत अपो के जंगल में पहुंच गया। सुबह करीब आठ बजे जंगल किनारे एक जलाशय में बाघ के देखे जाने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। इस संबंध में प्रत्यक्षदर्शी अपो निवासी किरण सिंह व पराण सिंह ने बताया कि वे सुबह जंगल की ओर जा रहे थे कि सबरमकोचा के पास एक तालाब के किनारे खड़े बाघ को देखकर दोनों डर गए। करीब एक किमी दूर कियाकोचा स्थित तालाब में भी उसी बाघ को दोनों ने दुबारा देखे तो इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जंगल में बाघ निकलने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि संभवतः अपना प्यास बुझाने के लिए ही तालाब के पास बाघ पहुंचा था। इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई है। लेकिन देर शाम तक कोई भी पदाधिकारी गांव नहीं पहुंचे थे। काफी दिनों के बाद जंगल में बाघ निकलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।


फाइल फोटो

## मुस्लिम समुदाय को सौगात ए मोदी का बहिष्कार करना चाहिए : काशिफ़ रज़ा

### - आज़ाद समाज पार्टी ने ज़रूरतमन्दों में बांटा ईद मुबारक किट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी (का0) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने सौगात ए मोदी पर टिप्पणी करते हुए जमकर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, कि केंद्र सरकार पहले मुसलमानों पर अत्याचार करती है, उनके नेता मुसलमानो के खिलाफ खुले मंच से नफरत फैलाते हैं, भाजपा शासित प्रदेश में मुसलमानो की नमाज़ों पर पाबंदी लगाई जा रही है, भारत के संविधान के मौलिक अधिकारों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, इस बीच मोदी जी की यह सौहात जले में नमक छिड़कने जैसा है, मुस्लिम समुदाय को इनके सौगात की ज़रूरत नहीं है, इन्हें इसका बहिष्कार करना चाहिए। वहीं व आज जवाहरनगर के रोड नंम्बर 13 में ज़रूरतमन्दों को ईद मुबारक किट दिया, जिसमें ईद में इस्तेमाल होने वाली ज़रूरत की चीजें दी गई। उन्होंने बताया कि वह पिछले 10 सालों से हर रमज़ान और ईद के मौके पर ज़रूरतमन्दों को रमज़ान और ईद मुबारक किट देते आ रहे हैं। आज जवाहरनगर में पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा ज़रूरतमन्दों की पहचान कर उनके बीच किट बांटा गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी ज़िला उपाध्यक्ष फ़ैयाज़ आलम, ज़िला उपाध्यक्ष शमीम अहमद, मुहम्मद अंसार, ज़िला महासचिव राशिद खान, ज़िला सचिव आफताब पठान, सचिव आसिफ, ज़िला महासचिव (सरायकेला खरसावां) मुहम्मद वसीम और अन्य उपस्थित थे।



## पूर्णिमा साहू ने एसएसपी किशोर कौशल से की मुलाकात, 11 सूत्रीय मांगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में हुई वृद्धि और कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने गहरी चिंता जताई है। इसको लेकर उन्होंने शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल से मुलाकात की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव भी मौजूद रहे। एसएसपी कार्यालय में हुए इस मुलाकात के दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने एसएसपी किशोर कौशल को एक विस्तृत पत्र सौंपा, जिसमें क्षेत्र में व्याप्त अपराध की गंभीर स्थिति पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की गई। विधायक पूर्णिमा साहू ने बताया कि हाल के दिनों में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में हत्या, चोरी, छिनतई, छेड़खानी, नशाखोरी और अवैध कारोबार जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। पूर्णिमा साहू ने खास तौर पर सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में हुई बागुन नगर निवासी विजय कुमार नंदाजोग की निर्मम हत्या की घटना का ज़िक्र करते हुए इसे अत्यंत चिंताजनक बताया। उन्होंने सिदगोड़ा क्षेत्र में युवक की हत्या में संलिप्त दोषियों के शीघ्र गिरफ्तारी और उनपर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, विधायक पूर्णिमा साहू ने अपराध नियंत्रण के लिए 11 सूत्रीय मांगों को रखते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की बात कही। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने विधायक पूर्णिमा साहू की सभी बातों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी बिंदुओं पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

## विद्यालय में मिलती है पुस्तक, छूट देने वाले पुस्तक विक्रेता की सूची जारी करे विभाग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने बतौर अभिभावक निजी विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार जताया है कि परिसर में ही नए सत्र की पुस्तक और अभ्यास पुस्तिका उपलब्ध कराई जाती है। कुलविंदर सिंह के अनुसार जिला शिक्षा विभाग को विशेष रूप से उस विद्यालय प्रबंधन को नोटिस देना चाहिए था। जिनके खिलाफ किसी प्रकार की शिकायत लिखित रूप में मिली है। कोई अभिभावक यदि कहता है कि शहर का कोई पुस्तक विक्रेता 10 अथवा 20 प्रतिशत की छूट दे रहा है और यदि शिक्षा विभाग सहमत है तो उन पुस्तक विक्रेताओं की सूची सार्वजनिक क्यों नहीं करता? पुस्तक विक्रेता सभी अभिभावक नहीं बल्कि सरकारी महकमा के कर्मी अथवा प्रभावशाली व्यक्ति को ही छूट देता है। स्टॉक क्लियर करने के लिए पुराने एडिशन पर वह छूट देता है, जिसमें पाठ्य सामग्री अद्यतन हो भी सकती है और नहीं भी। जहां से शहर के अभिभावक छूट का लाभ लेते हुए पुस्तक खरीद सके। विभाग सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने का प्रयास करें जहां तकरीबन 80 फीसदी बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं। जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत निजी विद्यालयों में होने वाले नामांकन में एक बड़ा रैकेट काम करता है? क्या उस ओर जिला प्रशासन का ध्यान गया है कि उसकी जांच निगरानी विभाग से कराई जानी चाहिए? किस तरह से शिक्षा के अधिकार के संवैधानिक लाभ के तहत होने वाले नामांकन में वारा न्यारा कुछ व्यक्ति कर रहे हैं?

## जय श्री राम के उदघोष के साथ पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता हुए हिंदू नववर्ष यात्रा में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आज डिमना से निकलने वाली हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित हिंदू नववर्ष यात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शामिल हुए, इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न मंदिरों में भी पूजा अर्चना की। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी यहाँ हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं, यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है। यह केवल एक नया वर्ष शुरू होने का संकेत नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा, और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्सव भी है। बन्ना गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्कृति में नववर्ष की दिव्यता, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के रूप में मनाने की परंपरा है। यह समय है पुराने दुखों और बुरी आदतों को छोड़कर, नई सकारात्मकता और उन्नति की ओर बढ़ने का। आज की यह भव्य हिंदू नव वर्ष यात्रा केवल एक शोभायात्रा नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक एकता का परिचायक है। यह यात्रा हमें एकजुट होकर धर्म, समाज और देश की सेवा करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति हमें वसुधैव कुटुंबकम (संपूर्ण विश्व एक परिवार है) का संदेश देती है। हमें इस नव वर्ष पर संकल्प लेना चाहिए कि हम एकजुट होकर समाज में शांति, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देंगे। उन्होंने लोगों को नए साल की बधाई देते हुए कहा कि यह नव वर्ष हम सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। हम सभी मिलकर अपने समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें।



## सोनारी में भायली महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया 13वां गणगौर सिंधारा उत्सव

### - मनमोहक राजस्थानी और गणगौर के गीतों ने सबका मन मोहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** शहर की धार्मिक और सामाजिक संस्था भायली महिला मंडल सोनारी द्वारा शनिर की शाम को राजस्थान भवन, सोनारी में 13वां गणगौर सिंधारा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। संस्था की अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में इस उत्सव में मारवाड़ी समाज की महिलाओं और बहु-बेटियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गणगौर अंताक्षरी, राजस्थानी लोकनृत्य, ब्यावली वेशभूषा प्रतियोगिता और गणगौर सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मनित किया गया। इस भव्य आयोजन में शहर के प्रसिद्ध गायक महाबीर अग्रवाल मुन्ना ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। मनमोहक राजस्थानी और गणगौर के गीत गाकर कलाकार महाबीर ने सबका मन मोह लिया। गणगौर सिंधारा उत्सव का यह आयोजन मारवाड़ी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक सशक्त उदाहरण बना। इससे पहले मुख्य अतिथि सुमन नागेलिया सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विशिष्ट महिलाओं का हुआ सम्मानः- कार्यक्रम में मारवाड़ी समाज की चार वरिष्ठ महिलाओं क्रमशः सावित्री अग्रवाल, बिमला पंचौली, गायत्री अग्रवाल और पुष्पा जैन को साल और वरिष्ठ श्री सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंगदान महादान के तहत अपने लिवर का दान कर पति की जान बचाने वाली रूपा जैन को साल और जीवन रक्षक सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, मारवाड़ी समाज के तीज-त्योहारों पर जागरूकता फैलाने के लिए रील बनाने वाली प्रिया शर्मा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित हुई बुजुर्ग महिलाओं ने मण्डल के उज्जवल भविष्य के लिए सबको आशीर्वाद दिया। अतिथि एवं निर्णायक गण रहे उपस्थितः- इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में सुमन नागेलिया उपस्थित रहीं।



## झामुमो पंचायत सचिव के पुत्र का निधन, विधायक दशरथ गागराई ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा के खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के पुरनिया पंचायत के पंचायत सचिव सह सोनरो गांव के टोला कुशल साई निवासी डुबी पुरती का पुत्र के निधन की सुचना पाकर खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने अपने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए। कहा कि यह काफी दुखद घटना है। जिसका कोई भरपाई नहीं कर सकता बेटे के निधन से गांव के साथ साथ परिवार वालों में मातम छाया हुआ है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट का न्याय

**बेशक** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायमूर्ति का वह फैसला अशांत, आकुल और विक्षुब्ध करने वाला था। उन्होंने दुष्कर्म करने या उसकी कोशिश करने अथवा दुष्कर्म की मंशा की कानूनी व्याख्या की थी। यदि 688 जिला अदालतों में से किसी का फैसला ऐसा होता, तो बहुत चीखा-चिल्ली मचती और विरोध-प्रदर्शन भी होते। यह देश के 27 उच्च न्यायालयों में से एक के न्यायाधीश का फैसला था और करीब 4 महीने तक खूब चिंतन-मनन करने के बाद फैसला सुनाया गया था, लिहाजा सर्वोच्च अदालत को ज्यादा संवेदनहीन और अमानवीय लगा, नतीजतन विवादित हिस्से पर रोक लगा दी गई। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने फैसला सुनाते हुए कहा था-पीड़िता के निजी अंगों को पकडना और पायजामे का नाड़ा तोडना दुष्कर्म या दुष्कर्म की कोशिश नहीं मानी जा सकती। इस फैसले पर न्यायविदों, नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बहुत तल्ख प्रतिक्रियाएं जताई थीं। 'वी द वुमेन ऑफ इंडिया' की अर्जी पर सर्वोच्च अदालत को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की न्यायिक पीठ ने कहा कि 'यह मामला नाबालिग से दुष्कर्म का है, जो बेहद गंभीर है। खेद है कि फैसला देने वाले जज के खिलाफ कठोर शब्दों का प्रयोग करना पड़ रहा है। यह फैसला जज का असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाता है, लिहाजा इस पर रोक जरूरी है।' केंद्र के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने भी पीठ के फैसले से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की तैयारी थी, दुष्कर्म नहीं किया गया, जज के फैसले में ऐसा कहा गया है। यह बेहद गंभीर टिप्पणी है। जस्टिस गवई ने यह भी कहा था कि पीड़िता की मां की याचिका भी टैग की जाए। अदालत ने केंद्र, उप्र सरकार और पक्षकारों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। बहरहाल सवाल है कि 'दुष्कर्म' का भाव क्या होता है? आरोपितों ने उस नाबालिग लडक़ी के निजी अंगों को क्यों पकड़ा था? पायजामे का नाड़ा क्यों तोड़ा या खोला था? और उस लडक़ी को पुलिया के नीचे क्यों ले जाना चाहते थे? इन सभी हरकतों में दुष्कर्म की नीयत अथवा मंशा साफ थी, लिहाजा एक आम आदमी के तौर पर हम इसे दुष्कर्म ही मानेंगे। आमतौर पर फैसले के ऐसे चरण में सर्वोच्च अदालत हस्तक्षेप नहीं करती और न ही रोक लगाती, लेकिन न्याय के नाम पर यह अनैतिक था और न्यायिक सिद्धांतों से परे था, लिहाजा विवादित हिस्से पर रोक लगानी पड़ी। वो तो लडक़ी जोर से चीखती रही, लिहाजा कुछ लोग उसे बचाने को वहां आ गए और आरोपित वहां से भाग गए, नतीजतन लडक़ी दुष्कर्म के दंश से बच गई। अलबत्ता दुष्कर्म हो सकता था। वर्ष 2021 में सर्वोच्च अदालत ने आरोपित पैतृक और स्त्री-द्वेषी रवैये के खिलाफ एक व्यापक चेकलिस्ट जारी की थी। खासकर न्यायिक फैसलों के संदर्भ में यह किया गया था, लेकिन अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। निचली अदालतों में स्थितियां काफी खराब हैं। सवाल हैं कि ऐसे मामलों में देश के आम नागरिक को अदालतों से इतर न्याय कहां से मिल सकता है? दुष्कर्म के काफी मामलों में विवाह को ही एक अंतिम उपाय माना जाता रहा है। क्या यही अंतिम विकल्प हो सकता है? लडक़ी बलात्‌दुष्कर्मी को अपना जीवन-साथी, पति कैसे स्वीकार कर सकती है? बहरहाल, एक नाबालिग लडक़ी के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने जो फैसला दिया है, वह उदाहरण बनाया जाना चाहिए।

> केंद्र के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने भी पीठ के फैसले से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की तैयारी थी, दुष्कर्म नहीं किया गया, जज के फैसले में ऐसा कहा गया है। यह बेहद गंभीर टिप्पणी है। जस्टिस गवई ने यह भी कहा था कि पीड़िता की मां की याचिका भी टैग की जाए। अदालत ने केंद्र, उप्र सरकार और पक्षकारों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। बहरहाल सवाल है कि 'दुष्कर्म' का भाव क्या होता है? आरोपितों ने उस नाबालिग लडक़ी के निजी अंगों को क्यों पकड़ा था? पायजामे का नाड़ा क्यों तोड़ा या खोला था? और उस लडक़ी को पुलिया के नीचे क्यों ले जाना चाहते थे? इन सभी हरकतों में दुष्कर्म की नीयत अथवा मंशा साफ थी, लिहाजा एक आम आदमी के तौर पर हम इसे दुष्कर्म ही मानेंगे। आमतौर पर फैसले के ऐसे चरण में सर्वोच्च अदालत हस्तक्षेप नहीं करती और न ही रोक लगाती, लेकिन न्याय के नाम पर यह अनैतिक था और न्यायिक सिद्धांतों से परे था, लिहाजा विवादित हिस्से पर रोक लगानी पड़ी। वो तो लडक़ी जोर से चीखती रही, लिहाजा कुछ लोग उसे बचाने को वहां आ गए और आरोपित वहां से भाग गए, नतीजतन लडक़ी दुष्कर्म के दंश से बच गई। अलबत्ता दुष्कर्म हो सकता था।

### औरंगजेब का अनुमान था कि इस भयानक मंजर से भारत के लोग और अधिक डर जाएंगे और स्वतंत्रता के प्रयास सदा के लिए समाप्त हो जाएंगे

# गुरु तेग बहादुर, औरंगजेब व वाल्मीकि समाज

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> औरंगजेब ने हिंदुस्तान के इस सच्चे पातशाह को दिल्ली के चांदनी चौक में अमानवीय यातनाएं देकर शहीद कर दिया था। लेकिन देश का यह सच्चा पातशाह मर कर भी जिंदा रहा, लेकिन औरंगजेब जिंदा होते हुए भी मर गया था। चांदनी चौक की मस्जिद के पास गुरु जी का धड़ और सिर अलग-अलग पड़े थे। मुगल शासन ने गुरु जी की देह को उठाने पर प्रतिबंध लगा दिया था ताकि जनमानस में स्थायी भय डाला जा सके। लेकिन क्या मुगल सत्ता के इस अमानवीय कार्य से सचमुच आम भारतीय डर गया था या फिर गुरुजी और उनके साथियों के इस आत्मबलिदान से उनमें एक नई चेतना और ऊर्जा जागृत हुई? गुरु जी ने आनंदपुर से चलने से पहले ही अनुमान लगा लिया था कि उनके बलिदान से आम जनता में तूफान खड़ा हो जाएगा।

**मुगल** बादशाह औरंगजेब को लेकर बहस बंद होने का नाम नहीं ले रही। कुछ विद्वान औरंगजेब के गुणों को तलाशने में अपनी सारी बुद्धि खपा रहे हैं। जिन दिनों औरंगजेब और उसके दरबारी उसको हिंदुस्तान का बादशाह बता रहे थे, उन दिनों हिंदोस्तान के लोग गुरु तेग बहादुर को हिंदुस्तान का सच्चा पातशाह मान रहे थे। एक बादशाह लोगों के शरीर पर राज कर रहा था और दूसरा पातशाह उनकी चेतना का बादशाह था। औरंगजेब ने हिंदुस्तान के इस सच्चे पातशाह को दिल्ली के चांदनी चौक में अमानवीय यातनाएं देकर शहीद कर दिया था। लेकिन देश का यह सच्चा पातशाह मर कर भी जिंदा रहा, लेकिन औरंगजेब जिंदा होते हुए भी मर गया था। चांदनी चौक की मस्जिद के पास गुरु जी का धड़ और सिर अलग-अलग पड़े थे। मुगल शासन ने गुरु जी की देह को उठाने पर प्रतिबंध लगा दिया था ताकि जनमानस में स्थायी भय डाला जा सके। लेकिन क्या मुगल सत्ता के इस अमानवीय कार्य से सचमुच आम भारतीय डर गया था या फिर गुरुजी और उनके साथियों के इस आत्मबलिदान से उनमें एक नई चेतना और ऊर्जा जागृत हुई? गुरु जी ने आनंदपुर से चलने से पहले ही अनुमान लगा लिया था कि उनके बलिदान से आम जनता में तूफान खड़ा हो जाएगा। औरंगजेब का अनुमान था कि इस भयानक मंजर से भारत के लोग और अधिक डर जाएंगे और स्वतंत्रता के प्रयास सदा के लिए समाप्त हो जाएंगे। लेकिन इस शहादत के बाद पता चला कि गुरु तेग बहादुर जी का अनुमान ही सही था। उसका कारण यही था कि दशगुरु परंपरा भारतीय चेतना व ऊर्जा का ही स्वरूप था। भारत की आत्मा को इस परंपरा से ज्यादा और कौन जानता था? घटनास्थल पर मुगल सेना का पहरा था। मौसम बहुत ही खराब होने लगा था। रात्रि का अंधकार। तूफान। बादल और बिजली की गर्जना। गुरुजी के शरीर को वहां से कैसे उठाया जाए, ताकि विधिवत उनका अंतिम संस्कार किया जा सके। मुगल शासन से इसकी गुहार लगाना निरर्थक था क्योंकि मुगल साम्राज्य तो अपने इस अमानुषिक कृत्य से भविष्य में भी भारतीय समाज को आतंकित और भयभीत करना चाहता था, ताकि आने वाले समय में भी कोई साम्राज्य के सामने सिर उठा कर न चल सके। लेकिन गुरु जी के इस आत्मबलिदान ने तो जनमानस में आग भर दी थी। शायद चिडियों के बाज बनने की पहली इबारत लिखी गई



थी। लवाना समाज का लक्खी शाह बंजारा। बंजारा में न जाने कहां से अदम्य साहस का संचार हो गया। उसने निर्णय कर लिया कि वह गुरु जी के शरीर का संस्कार करेगा, चाहे उसे इसके लिए कितनी भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। उसके तीनों पुत्र नगाहिया, हेमा और हाडी भी इस पवित्र कार्य में अपने पिता के सहयोगी बने। उसका व्यवसाय अपने छकड़ों में एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामान पहुंचाने का था। जब छकड़े गुरु जी की शहादत से पावन हो चुकी उस जमीन पर पहुंचे तो लक्खी और उसके बेटों ने किसी तरह चौकीदारों को भुलावे में डालते हुए, अपने प्राणों की भी चिंता न करते हुए गुरु जी का धड़ उठाकर अपने एक छकड़े में रख लिया। वे सभी गुरु जी की देह को लेकर रायसीना अपने गांव में पहुंचे। लेकिन प्रश्न था कि वे इसका विधिवत संस्कार कहां करें? कहीं भी करते तो मुगल शासकों को शक हो सकता था। 'माघ सुदि पंचमी विक्रमी सम्वत 1732 की रात को उसने गुरुजी के मृत शरीर को अपने सारे सामान के साथ अपने घर में ही जला दिया।' (मोहिंदर पाल कोहली, गुरु तेग बहादुर-पृ. 40)। आकाश को छूती हुई अग्नि की लपटें उठने लगीं। गुरु जी का शरीर पंचभूतों में विलीन हो गया। ज्योति अग्नि की ज्योति में जा मिली। गांव के लोग एकत्रित हो गए। वे लक्खी के साथ, उसका घर जल जाने पर दुख जताने लगे। लेकिन लक्खी तो जानता था कि इस अग्निकुंड में एक पावन शरीर का संस्कार हुआ है, जिसके कारण उस गांव की धरती पावन हो गई है। वह तीर्थ क्षेत्र बन गई है। आज उस स्थान पर रकाबगंज गुरुद्वारा लक्खी के त्याग का साक्षी है। उधर चांदनी चौक के बलिदान स्थल पर साहस का एक दूसरा अध्याय लिखा जा रहा था। गुरु जी का शीश अभी भी वहीं पड़ा था। वहीं भीड़ में वाल्मीकि समाज के कुछ युवक बेचैन हो रहे थे। काजी को देखते ही उनका रक्त खौलने लगा था। इसी वाल्मीकि समाज के पुरखों ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में कभी शस्त्र और शास्त्र का गहरा अभ्यास किया था। आज वह ऋण चुकाने का अवसर आ गया था। इन वाल्मीकि युवकों में से भाई जैता ने संकल्प लिया कि वह गुरु जी के शीश को किसी भी तरह ले जाकर उनके सुपुत्र श्री गोविंद सिंह जी के पास पहुंचाएगा ताकि वे उसका विधिवत अंतिम संस्कार कर सकें। भाई जैता ने अपने साथियों ननुआ और ऊदा के साथ मिल कर इस साहसी अभियान को अंजाम दिया। उसने रात के अंधेरे में घटनास्थल से गुरु जी का शीश उठाया और घोड़े पर सवार होकर आनंदपुर की ओर चल पड़ा। कुछ देर बाद उसके दो अन्य साथी भी उसके साथ आ मिले। लेकिन तीनों अपने बीच में एक सुरक्षित अंतराल बनाए हुए थे ताकि किसी को शक न हो जाए। उधर मुगल शासन आग बबूला हो रहा था। हर जगह धरपकड़ हो रही थी। लेकिन भाई जैता और उसके साथियों ने मौत की भी परवाह न करते हुए पांच दिन बाद गुरु जी का शीश आनंदपुर में उनके बेटे गोविंद सिंह जी को सौंप दिया। 16 नवंबर 1675 को गोविंद सिंह जी ने अपने पिता के शीश का विधिवत अंतिम संस्कार किया। आजकल वहां एक गुरुद्वारा मौजूद है। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि कुछ दिनों के उपरांत लक्खी दास अपने बेटों के साथ गुरु तेग बहादुर जी की अस्थियां लेकर आनंदपुर साहिब पहुंचा। उसने गोविंद सिंह जी को गुरु जी के शरीर के संस्कार की सारी घटना बताई और उनकी अस्थियां उन्हें सौंप दीं। सभी ने मिल कर अस्थियों को विधिवत पावन सतलुज में प्रवाहित कर दिया। तिब्बत से चली हुई सतलुज गुरु जी की अस्थियों को लेकर आगे चल पड़ी। इस प्रकार भारतीय इतिहास के एक अविस्मरणीय अध्याय का पटाक्षेप हुआ। अपने धर्म यानी स्वधर्म की रक्षा करते हुए प्राणोत्सर्ग का यह अनुपम उदाहरण कहा जा सकता है। कहा भी गया है, 'स्वधर्मे निधनं श्रेष्ठ' अर्थात अपने धर्म में निधन ही श्रेष्ठ है। धर्म के बारे में कथन है, 'धर्मो रक्षति रक्षतः।' धर्म उसकी रक्षा करते हैं जो धर्म की रक्षा करते हैं। यह समाज के संदर्भ में और भी सटीक है। समाज धर्म के अनुसार चले, तभी सभी प्रकार की उन्नति होती है। जो समाज धर्म की रक्षा नहीं करता, धर्म भी उस समाज की रक्षा नहीं करता।

दृष्टि कोण

# प्रदेश कैसे निकालेगा चैंपियन खिलाड़ी?

**हिमाचल** प्रदेश में अभी तक वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा है जिससे हम अपने स्टार खिलाडियों का पलायन रोक सकें। जब खिलाड़ी को सुविधा नहीं मिलेगी तो उसे फिर कैसे रोका जा सकता है? कोई भी पढ़ाई या परीक्षा पहले अपने लिए फिर देश के लिए, मगर खेल केवल व केवल देश के लिए होता है। वहां जब खिलाड़ी जीतता है तो उस देश का झंडा सबसे ऊपर उठता है और उस देश की धुन पूरा विश्व आदर के साथ सुनता है। हिमाचल में ओलंपियन व एशियाई पदक विजेता मुक्केबाज आशीष चौधरी को उसका विभाग प्रशिक्षण के लिए फ्री नहीं रख रहा है। खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए आठ से दस साल का लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम चाहिए। अगर हम एक सप्ताह भी खेल प्रशिक्षण में बाधा डालते हैं तो फिर हम उसे बहुत ही कठिनाई से पूरा कर पाते हैं। इसलिए केंद्र व राज्य सरकारों के विभाग अपने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों के प्रशिक्षण समय को आन ड्यूटी मानते हैं, चाहे खिलाड़ी कैंप में हो या किसी भी ट्रेनिंग सेंटर में। ऐसा प्रावधान सेवा नियमों में भी प्रेजिडेंट महोदय ने रखा है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों के कई मुखिया पता नहीं किस पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं जो देश के झंडे से जुड़े इस विषय में भी नकारात्मक सोच रखते हैं। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय, एशियाई प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर ओलंपिक तक भारत का प्रतिनिधित्व कर चुका है, अगर उसे ही अपना प्रशिक्षण जारी रखने के लिए सरकार व विभाग की मिन्नतें करनी पड़ रही है तो फिर आम खिलाड़ी का क्या होगा? हिमाचल सरकार व उसका विभाग, जहां आशीष तहसील कल्याण अधिकारी की नौकरी करता है, आगामी वर्ष में हो रहे एशियाई व राष्ट्रमंडल खेलों को देखते हुए उसे ट्रेनिंग के लिए फ्री रखा जाए, जैसा केंद्र व राज्यों के



विभाग अपने अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को रखते हैं। हिमाचल में महिला कबड्डी, हैंडबाल व अन्य कई खेलों में अच्छे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। उन्हें भी प्रशिक्षण के लिए फ्री रखा जाए। हिमाचल प्रदेश में सैंकड़ों खिलाड़ी खेल आरक्षण के अंतर्गत विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। दर्जन भर खिलाडियों को छोड़ कर न तो कोई खेल कर रहा है और न ही प्रशिक्षण व अन्य खेल प्रबंधन से जुड़ा है। इसका प्रमुख कारण हिमाचल में खेल संस्कृति का न होना है, जो खिलाड़ी कर्मचारी को खेल करने व करवाने से रोकती है और यह राज्य में खेलों के लिए शुभ संकेत नहीं है। वैसे तो देश के केंद्रीय व राज्यों के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण से नौकरी प्राप्त खिलाड़ी कर्मचारी को नौकरी के पहले पांच वर्षों तक खेल करना अनिवार्य होता है, मगर हिमाचल में इक्का-दुक्का खिलाड़ी कर्मचारियों ने ही खेल किया है। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण के अंतर्गत तीन प्रतिशत पदों पर भर्ती करती है। शिक्षा विभाग में अब तक सैंकड़ों प्रवक्ता, प्रशिक्षित स्नातक व अन्य पदों पर खेल आरक्षण से शिक्षक नियुक्त हैं। हिमाचल प्रदेश का हर बच्चा विद्यालय जा रहा है। वैसे तो विद्यालय में विद्यार्थियों की फिटनेस व खेलों के लिए शारीरिक शिक्षा का शिक्षक नियुक्त होता है, मगर वह हर खेल के लिए प्रशिक्षण नहीं दे सकता है। भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए किशोरावस्था से ही सही तकनीक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बढ़ जाता है। अरबों की आबादी में किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का प्रारंभिक स्तर से होना बेहद अनिवार्य हो जाता है जो सही उम्र में सही तकनीक सिखा कर भविष्य में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। हिमाचल प्रदेश में खेल प्रशिक्षण के लिए शुरू से वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा है, जिससे बाद में प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठतम परिणाम दिला सके। हम पहले भी लिख चुके हैं कि खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतने लंबे खेल प्रशिक्षण को प्राप्त कर कुछ एक खिलाड़ी ही अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाते हैं। हिमाचल प्रदेश में विद्यालय स्तर पर शारीरिक शिक्षकों की कमी सबके सामने है।

कुछ अलग

# यह नारेबाजी कर्कश है!

**कुनबा** संभालने की फितरत में वो विरोध को भी जोड़ लेते, इक हम अकेले थक गए इन राहों के मुसाफिर बन कर। क्या सदन की बहस थक गई या सडक़ के मुद्दे दूर तलक दिखाई देने लगे। विरोध के कक्ष में हिमाचल की भाजपा ने बता दिया कि अगले चुनाव की दूरी कितनी और उसकी तैयारी कितनी। अलबत्ता इन बाजुओं में पार्टी के अपने अंतरविरोध और नेताओं के समूह भी हैं। कुछ दिन पहले ही रमेश धवाला ने जो भाजपा अपने पक्ष में की, कम से कम उसकी बोली में जो टोली थी, वह पार्टी की हमझोली नहीं। आसान राहें होतीं तो अब तक मुकद्दर के सिकंदर बदल गए होते, लेकिन आती हुई भाजपा-जाती हुई भाजपा नहीं हो सकती, इसलिए जोश और जश्न की सियासी खुराक के कायल कार्यकर्ताओं का हुजूम बताता रहा कि इन करवटों में कोई सौदेबाजी नहीं। बहरहाल कांग्रेस में सरकार का रुतबा सदन तक तो दिखा, लेकिन अब सडक़ पर विपक्ष की शक्ति का प्रदर्शन है। इस सडक़ पर गड्ढे हैं, तो भरने के लिए भाजपा के आरोप खनन की रेत में मिट्टी मिला रहे हैं। नारेबाजी कर्कश है, तो विरोध की भाषा विराम लगाने के लिए कांग्रेस का संगठन अपने 'संगठन' की परिक्रमा में किसे बचा, किसे आजमा रहा है। अपने रास्ते माप रही भाजपा ने सदन की बहस में खुद को छुपा लिया या नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कमोबेश वही आरोप खोज लिया, जिसकी बिना पर लोकसभा अध्यक्ष के संवैधानिक आचरण पर एक दिन पहले ही राहुल गांधी ने विरोध दर्ज किया था। बहरहाल सदन से वाकआउट का कारण बड़ा था या चौड़ा मैदान पर भाजपा के विरोध में पार्टी विधायकों का शामिल होना कहीं अधिक जरूरी था। देखना यह है कि हिमाचल की पलकें सदन में किसे मंजूर करती हैं या चौड़ा मैदान भाजपा के गुस्से में खुद को कबूल करता है। जो भी हो 'कच्ची गलियों में भी भीड़ निकल आती है, गर मंजिल के निशान सफर पे निकल आएं।' बहस में बहिर्गमन या बहस में विरोध के नजारों ने गुरुवार को हिमाचल को सदन के मुकाबले चौड़ा मैदान में देखने का प्रयास किया या अब यही दस्तूर रहेगा कि लोकतंत्र केवल सत्ता के हमाम में नंगा होता रहेगा। भाजपा की रैली हम बनाम तुम की सियासत ने जो सुर छेड़े हैं, वहां पार्टियों के भीतर संगठनात्मक ताकत का फैसला होगा। कहना न होगा कि भाजपा की ओर से प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने यह साबित कर दिया कि वह जश्न में, हर कथन में फिलवक्त कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पर भारी हैं। चौड़ा मैदान के मुकाबले अब सत्तारूढ़ दल को अपनी चौड़ाई बतानी होगी या अध्यक्ष पद की सीट बचानी है, यह देखना बाकी है। यह राजनीति भी समय-समय के तर्कों की कहानी है। कांग्रेस पूर्व विधायक बंबर ठाकुर जिस विधानसभा परिसर में प्रेस ब्रीफिंग करके संवैधानिक मर्यादा में फंसे, उसी के पक्ष में कानून व्यवस्था की नकेल, भाजपा रैली के हाथ आ गई। नारों ने लिख डाली इक हकीकत, मगर कल जब तुम थे तो यही रेत किस छननी से बाहर निकल गई। भाजपा ने माफिया की निशानदेही में ट्रांसफर, शराब, खनन, चिट्टा, वन, भ्रष्टाचार और मित्रों तक को शामिल किया है, तो हकीकत की गलबहियों में आखिर अब सियासी सदाचार है कहां। हम तो यही देख रहे हैं कि सडक़ प्रस्तावना तब होती है, जब आसपास की सडक़ बिक जाती है। ठेकेदारी की प्रथा अब सियासत की सीढ़ी है, हर कहीं कोई कार्यकर्ता ठेकेदार निकल आता है। ठेकेदार बड़ा ठेकेदार और फिर सियासी पूंजीनिवेश से नेता और इसी के नेतृत्व में जमीन खरीदी और बेची जाती है। अतः प्रदेश में भू माफिया के पंजे राजनीति के हर पक्ष पर सवार हैं।

देश दुनीया से

# उ. कोरिया का आत्मघाती ड्रोन व भारत की चिंता

**गुरुवार** को उत्तर कोरियाई तानाशाह किम ने भूमि और समुद्र पर लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम उन्नत टोही ड्रोन का निरीक्षण किया, साथ ही हाल ही में अनावरण किए गए एयरबोर्न अर्ली-वार्निंग (एईडब्ल्यू) विमान का भी निरीक्षण किया। उत्तर कोरिया अपने मौजूदा भूमि-आधारित रडार सिस्टम को बढ़ा रहा है। कोरियन सेन्ट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) द्वारा प्रकाशित तस्वीरों के अनुसार, उन्हें रडार डोम वाले एक बड़े चार इंजन वाले विमान की जांच करते देखा गया, जिसके बारे में माना जाता है कि यह एक संशोधित रूसी आईएल-76 कार्गो विमान है। परीक्षण के दौरान प्राप्त तस्वीरों में फिक्स्ड-विंग आत्मघाती ड्रोन को अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई टैंकों, बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों और मिसाइल लॉन्च वाहनों के मॉकअप पर हमला करते हुए दिखाया गया है। एक फर्स्ट-पर्सन व्यू क्वाडकॉप्टर-स्टाइल ड्रोन भी लक्ष्य पर गोला-बारूद गिराता हुआ दिखाई दिया। राज्य मीडिया ने ड्रोन की उपस्थिति को अस्पष्ट करने के लिए उन्हें पिक्सेल किया। लेकिन जिस तरह अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई टैंकों, बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के मॉडल पर यह परीक्षण किया गया, उसने अमेरिका की परेशानी बढ़ा दी है। जून, 2023 में पहली बार उत्तर कोरिया ने सैटब्योल-4 टोही ड्रोन, और सैटब्योल-9 लड़ाकू यूएवी के डेवलप किये जाने का खुलासा किया था। उत्तर कोरिया ने साल 2024 में फ्योंगयांग में आयोजित हथियार एक्सपो में उत्तर कोरिया ने छह हमलावर ड्रोन दिखाए, जो इस्राइल और तुर्की के डिजाइनों की नकल करते थे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिन वोन-सिक ने नवंबर 2024 में कहा था कि मॉस्को ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में मदद के लिए सैनिकों को तैनात करने के बदले में प्योंगयांग को एंटी-एयर मिसाइल और अनिर्दिष्ट वायु रक्षा उपकरण प्रदान किए थे। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अनुसार, शुरू में रूस को भेजे गए 11,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों में से लगभग 4,000 मारे गए, या घायल हो गए। माना जाता है, कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने ड्रोन युद्ध में भाग लिया था, जिससे उन्हें युद्ध के मैदान का बहुमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ। वाणिज्यिक उपग्रह इमेजरी का उपयोग करते हुए, विश्लेषकों ने पहले बता दिया था कि उत्तर कोरिया एक रूसी निर्मित आईएल-76 कार्गो विमान को पूर्व-चेतावनी भूमिका के लिए परिवर्तित कर रहा था। उत्तर कोरियाई न्यूज़ एजेंसी 'केसीएनए' ने गुरुवार को कहा कि किम ने टोही, खुफिया जानकारी जुटाने, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और हमला प्रणालियों के लिए नए विकसित उपकरणों का अलग से निरीक्षण किया। तस्वीरों में फिक्स्ड-विंग यूएवी को टैंक के आकार के लक्ष्य पर निशाना साधते हुए दिखाया गया और फिर आग की लपटों में विस्फोट हो गया। परीक्षण के दौरान यूएस आरक्यू-4 ग्लोबल हॉक के टरमैक पर खड़े तानाशाह किम के जो फोटो शेयर किये गए, उससे यही सन्देश जाता है कि हमारे पास अब आत्मघाती ड्रोन है, कर लो जो करना है। उत्तर कोरिया कितना ढीठ है, उसका छोटा-सा उदाहरण 5 जनवरी, 2025 को तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दक्षिण कोरिया यात्रा के समय देख सकते हैं, तब उसने पूर्वी सागर में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागकर अपनी उपस्थिति दर्ज़ कराई। आत्मघाती या कामिकाजे ड्रोन का विकास नया नहीं है। इस्राइल के 1982 के 'ऑपरेशन मोल क्रिकेट 19' में, ऐसे यूएवी का इस्तेमाल किया था। 1980 के दशक में, अमेरिका ने भी 'आईएआई हार्पी' और 'एजीएम -136 टैसिट रेनबो' जैसे कार्यक्रमों के ज़रिये आत्मघाती ड्रोन विकसित कर लिये थे। 2000 के दशक से, अपेक्षाकृत लंबी दूरी के हमलों के वास्ते लोइटरिंग हथियारों का विकास किया गया। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण में 'ज़ेड.एल.ए. लैंसेट' और हेसा शहीद 136 सहित कई शहीद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है, जबकि यूक्रेन ने यूजे-25 स्काईलाइन और अमेरिकी निर्मित एयरोविरोनमेंट स्विचब्लेड जैसे घूमने वाले हथियारों को तैनात किया है, जिसे प्लाटून, और दूसरा बैकपैक में फिट किया जाता है। 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद, रूसी और यूक्रेनी दोनों सेनाएं अक्तूबर, 2023 तक हर



महीने हज़ारों एफपीवी ड्रोन का उत्पादन कर रही थीं। 2022 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी, कि वह यूक्रेन को 'सैकड़ों लोइटरिंग एम्यूनिशन' प्रदान कर रहा है। रूस द्वारा ईरान निर्मित शाहद ड्रोन का उपयोग और यूक्रेन द्वारा तुर्की के बायरकटर टीबी2 ड्रोन की सफल तैनाती ने इन तकनीकों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया है। मध्य पूर्व में, इस्राइल ने सटीक हमले करने के लिए 23 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम हारोप लोइटरिंग म्यूनिशन पर भरोसा किया है। इस बीच, रूस द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जाने वाले ईरान के शाहेद-136 ड्रोन ने साबित कर दिया है कि सस्ते, बड़े पैमाने पर उत्पादित ड्रोन परिष्कृत वायु रक्षा प्रणालियों को भी मात दे सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल है, पाकिस्तान का सैन्य साझीदार उत्तर कोरिया जिस तरह से आत्मघाती ड्रोन विकसित करने में सफल हुआ है, क्या भारत को इसकी चिंता करनी चाहिए? भारतीय सेना को हाल ही में नागपुर स्थित रक्षा निर्माण फर्म सोलर इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित 480 लोइटरिंग हथियार प्राप्त हुए हैं, जिनमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रणाली उद्देश्य सेना के जवानों द्वारा सटीक हमला करने की क्षमताओं को बढ़ाती है। 2025 की शुरुआत में पाकिस्तान ने भी कम दूरी की मुठभेड़ों में सटीक हमला करने के लिए डिजाइन किया गया अपना नवीनतम ड्रोन 'ब्लेज़ 25' पेश किया है, जिसका वजन 25 किलोग्राम है। यह देखते हुए, भारत को चाहिए, कि वह अपने लोइटरिंग हथियार विकास कार्यक्रम में तेज़ी लाये!

आप का नजरीया

# मानव तस्करी पर अंकुश

**हरियाणा** विधानसभा के मौजूदा सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी पहल हुई हैं, जो एक लोककल्याणकारी सरकार की प्राथमिकताएं सुनिश्चित करती हैं। इसमें किसानों को नकली इनपुट से सुरक्षा कवच देना भी सराहनीय कदम रहा है। वहीं हाल ही में सुनहरे भविष्य की आकांक्षा लेकर विदेश जाने वाले युवाओं की हितरक्षा में उठाये गए कदम निश्चय ही सराहनीय हैं। हरियाणा के मौजूदा विधानसभा सत्र में हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वक्त की सख्त जरूरत भी थी। ट्रैवल एजेंसियों के पंजीकरण को अनिवार्य करना और उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान उम्मीद जगाता है कि अब विदेश जाने वाले लोगों के साथ होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा। इस कानून का उल्लंघन करने पर सात साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से सरकार ने अपने नागरिकों को धोखे और मानव तस्करी से बचाने के लिये एक आवश्यक कदम उठाया है। लगातार होने वाले आव्रजन घोटालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के मद्देनजर, इस कानून की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। लेकिन जहां सख्त कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन इस दिशा में सफलता सुनिश्चित करेगा, वहीं इसके लिये जन जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि लोग अनधिकृत एजेंटों के चक्रव्यूह में न फंसें। वास्तव में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम तो है, लेकिन इसे बेरोजगारी को दूर करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा भी होना चाहिए। यदि हम राज्य के युवाओं के लिये अपने देश में बेहतर रोजगार के अवसर पैदा कर सकें तो युवाओं को फिर अपने सपने पूरे करने के लिये विदेश जाने की जरूरत ही नहीं होगी। निस्संदेह, कोई भी व्यक्ति अपना घर-परिवार, अपना धार्मिक-सांस्कृतिक परिवेश छोड़कर परदेश नहीं जाना चाहता। लेकिन जब आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार के अवसर नहीं मिलते तो ही वह मजबूरी में विदेश जाने की लालसा रखता है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा सत्र में राज्य में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिये उत्साहजनक पहल की जाएगी। इस मुद्दे को प्राथमिकताओं में शामिल करके इस बार गंभीर बहस होगी। दरअसल, हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। दरअसल, देखने में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों की संख्या जितनी अधिकता में है, उस अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं।

# हाईवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत दो घायल, रेफर

➲अस्पताल में एंबुलेंस 108 नही रहने से युवक की मौत
➲शव को लेकर परिजनों ने किया सुभाष चौक जाम, कड़ी मशक्कत से हटी जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** टंडवा रोड स्थित बाबा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की 8 बजे रात्रि हाईवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी है। वहीं दो युवक गंभीर से घायल हो गये। मृतक युवक सुरबिल भुईयां 28 वर्षीय हर्षनाथपुर गांव का रहने वाला था। वही घायलो में मुकेश भुईयां और राकेश भुईयां दोनों खरिक गांव सदर चतरा का रहने वाला है। तीनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सुरबिल की मौत हो गयी। वही गंभीर रूप से घायल मुकेश व राकेश को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो परिजन व गांव वाले अस्पताल पहुंचे। इसके बाद निजी वाहन से घायलों को हजारीबाग ले गये। अस्पताल में एंबुलेंस 108 नही उपलब्ध रहने के कारण एक घायल युवक की मौत होने से परिजनों ने जमकर बवाल मचाया। परिजनों का कहना था कि एंबुलेंस रहता तो सुरबिल की जान बच सकती थी। सुरबिल की मौत से आक्रोशित परिजन व ग्रामीण शव को लेकर लेकर सिमरिया चौक को जाम कर दिया। लोग अस्पताल में एंबुलेंस नही रहने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। जाम के कारण चारो सड़को वाहनों का परिचालन ठप हो गया। ग्रामीण एवं अन्य वाहनों को छोड़कर सिर्फ कोल वाहनों को रोका जा रहा था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून दल बल के साथ चौक पर पहुंचे। इसके बाद बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय और मुखिया सुधीर सिंह भी पहुंचे। जाम कर रहे लोगो को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों द्वारा समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए। बीडीओ द्वारा तत्काल दाह संस्कार के लिए बीस हजार रूपये दिया गया। साथ ही हिट एंड रन के तहत मुआवजा और कोल परियोजना से तीन लाख रूपये का मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद पांच घंटे बाद सड़क जाम हटा लिया गया। सड़क जाम रात नौ बजे से रात दो बजे तक रहा। जाम हटाने के बाद वाहनों का परिचालन बहाल कर दिया गया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार तीनो युवक एक बाइक पर सवार होकर टंडवा थाना क्षेत्र के कढनी फुलवरिया से एक रिश्तेदार के यहां से छेका कार्यक्रम सम्पन्न कराकर लौट रहे थे। इस दौरान सिमरिया की ओर से तेज रफ्तार से जा रही हाईवा वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। इधर युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। वही गांव में मातम छाया हुआ है।

# बलबल में बन रहे हनुमान मंदिर बना चर्चा का विषय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत चर्चित गर्म कुंन्ड बलबल चतरा-हजारीबाग सीमा पर स्थित मां बागेश्वरी मंदिर परिसर में बलबल प्रबंधन समिति सदस्यों के द्वारा एक ऐतिहासिक हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया जा रहा है। यह हनुमान मंदिर उड़ीसा के बाबा जगन्नाथ पुरी में बने श्री हनुमान मंदिर की तर्ज पर बनवाया जा रहा है। मालूम हो कि मंदिर का अर्थ निर्माण फोटो सामने आते हीं पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया हैं। लोग इस मंदिर को देखने दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंदिर का निर्माण कार्य में लगे पत्थर राजस्थान से और मिस्त्री भी राजस्थान से लाकर बना रहे हैं। जो झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक मंदिर है।

## वर्षो से जमे जीएम के निजी असिस्टेंट पर उठी जांच की मांग, कई जीएम बदल गए नही बदले असिस्टेंट




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में वर्षो से जमें अधिकारियों व कर्मियों का चांदी कट रही हैं। पिपरवार महाप्रबंधक कार्यलय में जीएम के पर्सनल असिस्टेंट बबून बंगाली एक दशक से कुंडली मार कर जमे रहने से कई योजनाओं में धांधली में संलिप्त रहने का गंभीर आरोप लग रहा हैं। बताया गया है कि पिपरवार महाप्रबंधन कार्यालय में कई जीएम बदल गए हैं, पर जीएम के पर्सनल असिस्टेंट नहीं बदले गए हैं। जिसका चर्चाएं पूरे पिपरवार कोयलांचल से लेकर सीसीएल के दरभंगा हाउस के दफ्तरों तक चर्चाएं हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुशार जमें पर्सनल असिस्टेंट सीसीएल के वरीय अधिकारियों को गुमराह करके कई फर्जीवाडा कारनामा का अंजाम देने में सक्षम का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा हैं।वहीं जीएम के पर्सनल असिस्टेंट पर जांच होने पर कई तत्व चौकाने वाला खुलासा का दावा किया जा रहा हैं। पिपरवार में जालसाजी फर्जीवाड़ा कर के कई लोगों को सीसीएल में लाभ देने का चतरा जिला प्रशासन सीसीएल के मिलीभगत का आरोप का मुहर भी लग चुका है। साथ हीं पिपरवार महाप्रबंधन कार्यालय में फर्जीवाड़ा गैंग का मुश्किलें बढ़ना अब तय माना जा रहा है।

## किसान अफीम की खेती को छोड़ आम की खेती करें, होगा लाभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सभी पंचायत मे 29 मार्च को ग्राम सभा की गई ताकि बागबानी सम्बन्धी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले किसानों का आवेदन लेते हुए प्रशासनिक स्वीकृति की जा सके। कसारी पंचायत में चल रहे ग्राम सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रदेव प्रसाद ने कहा कि सरकार आम बागबानी या मिश्रित बागबानी के लिए पौधा, खाद्य, घेरान एवं सिंचाई की सुविधा मुहैया करा रही है ऐसे मे अफीम की खेती सूचना दुखद है।किसानों से अपील है कि बाग़बानी का लाभ उठाएं और किसी भी तरह से किये जा रहे अवैध खेती को रोके। लगातार इनके विरुद्ध में किये जा रहे प्रचार प्रसार के साथ साथ राजस्व उप निरीक्षक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत के मुखिया पर जवाबदेही तय की जाएगी। सभी मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक बागबानी योजना के लक्ष्य की प्राप्ति एवं अफीम की खेती से मुक्त पंचायत सुनिश्चित कराएंगे। प्रखंड के सभी 17 पंचायत मे यह ग्राम सभा आयोजित की गयी। ग्राम सभा में मुख्यमंत्री सारथी योजना के माध्यम से बेरोजगार युवक युवती को व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए भी प्रेरित किया गया एवं पंचायत भवन में उपस्थित सभी लोगों को इस बारे मे जानकारी दी गयी। साथ हीं सभी पंचायत कसारी में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पंचायत का एवं पंचायत मे मनरेगा अंतर्गत बागबानी योजना का भी निरीक्षण किया गया।

# अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु की गई कार्रवाई की हुई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी थाना प्रभारी एवं वन विभाग के पदाधिकारियों से अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा अफीम की खेती के विनष्टीकरण, रोकथाम एवं आमलोगों को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिससे उक्त विनष्टीकरण, रोकथाम का कार्य सुगमता पूर्वक किया जा सके। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करे। भोले भले लोगों को उक्त कार्य में संलिप्त करने वाले लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई करें। बैठक में उक्त कार्रवाई के अलावे पूर्व में भी की गई कार्रवाई की भी गहनता पूर्वक समीक्षा की गई। नशीले पदार्थों की तस्करी/बेचना, परामर्श एवं पुनर्वास, अवैध खेती, विविध / अन्य से संबंधित यदि आपके पास किसी भी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी है या आप नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में कोई मदद चाहते हैं, तो कृपया इस पोर्टल/वेबसाइट https://www.ncb-manas.gov.in/ पर शिकायत कर सकते हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों।सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।




## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की वार्षिक परीक्षा 2024-25 के परिणाम घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की वार्षिक परीक्षा 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडे, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, जिला कार्यवाह दीपक कुमार गुप्ता, प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी और प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम में विषयगत अंकों के साथ-साथ सहगामी गतिविधियों के अंकों को भी जोड़ा गया है। इस अवसर पर अनिल कुमार ठाकुर ने विद्यार्थियों को लगन और अभ्यास का महत्व समझाया और संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी।टॉप रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-प्रभात जीवा कुमारी - 99.50 प्रतिशत उदय विष्णु कुमार - 98.33 प्रतिशत अरुण अलका लकड़ा - 97.83 प्रतिशत आदित्य उरांव - 97.57 प्रतिशत आस्था कुमारी - 97.63 प्रतिशत अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

# विक्रम संवत 2081 के अवसर पर प्रभात फेरी एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विक्रम संवत 2081 के अवसर पर प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के सभी आचार्यों के कुशल नेतृत्व में विद्यालय परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान भैया-बहन हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियां लिए नर सेवा नारायण सेवा, नव वर्ष मंगलमय हो, वंदे मातरम्, भारत माता की जय, डॉ. हेडगेवार अमर रहें जैसे उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इनके जोश और राष्ट्रप्रेम से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।प्रभात फेरी विद्यालय से प्रारंभ होकर नवरंग चौक, नीचे मोड़ रेलवे स्टेशन, शिव मंदिर, बाजकुम बाजार टाड़, टी.आर.डी. कॉलोनी होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुँची। मार्ग में ग्रामीणों एवं व्यवसायियों ने हर्ष प्रकट किया एवं भैया-बहनों का उत्साहवर्धन किया। पथ संचलन के दौरान जलपान हेतु चना-गुड़ एवं शरबत की व्यवस्था की गई थी। इसके उपरांत विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम 2024-25 की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सरयू प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षाफल पत्रक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का सहयोग सराहनीय रहा।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की वार्षिक परीक्षा 2024-25 के परिणाम घोषित




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की वार्षिक परीक्षा 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडे, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, जिला कार्यवाह दीपक कुमार गुप्ता, प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी और प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।विद्यालय के परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम में विषयगत अंकों के साथ-साथ सहगामी गतिविधियों के अंकों को भी जोड़ा गया है। इस अवसर पर अनिल कुमार ठाकुर ने विद्यार्थियों को लगन और अभ्यास का महत्व समझाया और संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी।टॉप रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-प्रभात जीवा कुमारी - 99.50 प्रतिशत उदय विष्णु कुमार - 98.33 प्रतिशत अरुण अलका लकड़ा - 97.83 प्रतिशत आदित्य उरांव - 97.57 प्रतिशत आस्था कुमारी - 97.63 प्रतिशत अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।अंत में प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित रहे।

# रामनवमी को लेकर महुआडांड़ में तैयारियां शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत गांवों से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक रामनवमी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। बजरंग दल समेत सभी अखाड़ों के द्वारा रामनवमी पूजा को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। सभी चौक चौराहों एवं गली मोहल्ले को भगवा झंडा से सजाया जा रहा है। रामनवमी पूजा को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है जिसके संबंध में जानकारी देते हुए बजरंग दल जिला संयोजक सूरज साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामनवमी पूजा का आयोजन किया जाएगा। 1 अप्रैल मंगलवार को मंगला जुलूस निकाला जाएगा जिसमें भारी संख्या में राम भक्त मौजूद होंगे। वही अष्टमी जुलूस एवं रामनवमी के दिन विशाल बाइक जुलूस समेत शोभा यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें हजारों हजार की संख्या में राम भक्त अपने पारंपरिक हथियारों के साथ भाग लेंगे। वही नवमी के दिन प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव से आए अखाड़ों के द्वारा झंडा मिलान, शक्ति प्रदर्शन, अखाड़ा में शौर्य प्रदर्शन, संध्या आरती समेत कई कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बजरंग दल के समेत सभी राम भक्त पूरे तन मन के साथ तैयारी में लग गए हैं। पूरे प्रखंड क्षेत्र को भगवा झंडों से सजाया जा रहा है। महाबीर मंडल अध्यक्ष नितीश साहु, रामनवमी पुजा समिती अध्यक्ष पंकज दास बाबु, मंगला शोभा यात्रा अध्यक्ष अंकीत जयसवाल, अष्टमी शोभा यात्रा अध्यक्ष आयुष जयसवाल बाईक महा रैला अध्यक्ष आर्यन जयसवाल शोभा यात्रा प्रमुख (मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी) निरंजन जयसवाल एवं उज्जवल साहु आखाडा प्रमुख राजा राम हिमांशु जयसवाल, बिट्टु राय संयोजक बजरंग दल रामनवमी पुजा समिती कोषाध्यक्ष उज्जवल धनुप दीपक गुप्ता मोहीत कुमार दीपक यादव ध्रुव जयसवाल शुभम कुमार जयंत कुमार दीपक राहुल सोनी अभिषेक कुमार भोला विकास गुड्डु संतोष जयसवाल विनीत कुमार एवं दर्जनों लोग लगे है।


# पुलिस ने जेजेएमपी के एरिया कमांडर को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। छिपादोहर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कटिया जंगल से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर मुरारी भुइंया उर्फ छोटू जी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। शनिवार को छिपादोहर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस पर एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। कटिया जंगल में छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही उग्रवादी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने मुरारी भुइंया को पकड़ लिया, जबकि बाकी जंगल में फरार हो गए। छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में उसने सब जोनल कमांडर अखिलेश यादव, एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह, विजय यादव, ध्रुव राम और कैडर सदस्य बूतरू भुइंया के साथ होने की बात कबूली। उसने बताया कि संगठन के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के आदेश पर वे लेवी वसूली, आगजनी, फायरिंग और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। इस मामले में छिपादोहर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है, और फरार उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## शैक्षणिक विकास हेतु तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में भैया/ बहनों के शैक्षणिक विकास हेतु तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ माननीय मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पलामू विभाग के विभाग संघ चालक आदरणीय जानकी नंदन राणा एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम संयुक्त रूप से मां सरस्वती ओउम् और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किये। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने कार्यशाला की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला प्रांतीय योजना के अनुसार भैया/ बहनों के शैक्षणिक विकास हेतु रखा गया है। इस कार्यशाला में सत्र 2025- 26 की भैया/ बहनों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु योजना बनेगी ।इस कार्यशाला में जानकी नंदन राणा ने भैया/ बहनों को कैसे पढ़ाया जाए इसके लिए आचार्य जी व दीदी जी को विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि भैया/ बहनों के सरल से कठिन की ओर पद्धति से सीखाना चाहिए। यदि आचार्य जी व दीदी जी उदाहरण देकर भैया/ बहनों को सिखाएं तो आसानी से सीख जाते हैं। आचार्य जी व दीदी जी एक दिन पूर्व अध्ययन करके एवं पाठ योजना बनाकर कक्षा- कक्ष में जाना चाहिए। इससे भैया/ बहनों को सिखाने में समस्या नहीं आती है। भैया /बहनों को अच्छे संस्कार दें।कार्यशाला में आचार्य शशि कुमार सिंह, वीणा देवी, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी मंडल, वंदना सिन्हा, युवराज कुमार, सोनाली कुमारी, किरण देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाए, हजारीबाग की रामनवमी विख्यात है उस परंपरा को बरकरार रखें : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द तथा भाईचारगी के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमामय माहौल में पर्व का आयोजन के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में आज 29 मार्च शनिवार को संपन्न हुई। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है तथा प्रशासन की प्राथमिकता है। जुलूस यात्रा एवं पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं सेवा मिले इसके लिए प्रशासन संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। सभी विभागों के स्तर से सर्वेक्षण का कार्य एवं चीजों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। वरीय अधिकारियों के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा शांतिपूर्ण, भक्ति भाव तरीके से ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न हो इसके लिए ज़िला प्रशासन पिछले साल की तरह इस वर्ष भी लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर सादगी और भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की




धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालु पारंपरिक शस्त्र का उपयोग जुलूस में कर सकेगें। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है, एतिहातन पुलिस निषेधात्मक उपायों के तहत् कुछ लोगों को नोटिस जारी कर नियंत्रण में रखने की कारवाई किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा शांति समिति के सदस्यों की सक्रियता एवं प्रशासनिक मुस्तैदी से पर्व त्योहारों में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां की जा रही। इस बार सभी अखाड़ा समितियों से अपील है कि इस रामनवमी को नशा मुक्त बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा है। पुलिस प्रशासन सभी पर्व त्यौहार को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय की भावना, नागरिक सुविधाओं को दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किया जाएगा। शहर में सड़कों एवं मकान की छत पर ईट, पत्थर जमा कर रखने वाले का जांच शुरू कर दिया गया है।

# टाटीझरिया थाना में रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया ।** रामनवमी ईद और सरहुल त्योहार को लेकर टाटीझरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक 29 मार्च दिन शनिवार को आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने किया। वही बैठक का संचालन टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने किया। बैठक में मौजूद सभी पंचायत क्षेत्रवासियों से प्रखंड प्रशासन ने विधि व्यवस्था का जायजा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ नीलू टुड्डू ,डीएसपी बैजनाथ प्रसाद ने रामनवमी ईद और सरहुल को लेकर जिला प्रशासन के गाइडलाइन से लोगों को अवगत कराया वहीं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से बैन लगाया गया है! सोशल मीडिया ,फेसबुक ,वाट्सएप ग्रुप,इंस्टाग्राम, टेलीग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें ऐसे कृत्य करने वाले लोगो को कानून अपराधी के श्रेणी में माने जाएंगे! और उनपर विधि सम्मत कार्यवाही होगी इसलिए दोनों समुदाय के लोग अपने अपने त्योहार में संयम बरते एवं निर्धारित समय पर ही मेला जुलूस को शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराएं! विधि व्यवस्था से संबंधित समस्या से तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित



करें! वहीं टाटीझरिया प्रखंड प्रमुख संतोष मंडल ,उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किया ! बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह समाज सेवी उपेंद्र पांडेय,मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संबोधित करते हुए टाटीझरिया प्रखंड और थाना प्रशाशन को शांति पूर्ण त्योहार मनाने का भरोसा दिया! बैठक के दौरान पसंस प्रकाश रवि, पसंस राजेश यादव, अमीर महतो,एमडी जैनुल,आशीष यादव,रजनीकांत चौधरी,रमेश कुमार साव,अल्ताब अंसारी,दशरथ प्रजापति,पवन कुमार राय समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

# आरएनवाईएम महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** आरएनवाईएम महाविद्यालय बरही में शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाई द्वारा IQAC के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला का विषय था लैंगिक संवेदनशीलता। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर मौजूद रहे। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अरुणा रानी ने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता का अर्थ है लिंग विशेष के प्रति समझ और सम्मान। यह लिंग भेदभाव के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में महिलाओं के प्रति हिंसा और दुष्कर्म की घटनाएं कम होंगी। ऐसे कार्यक्रमों से लड़कियों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता आती है। उनका व्यक्तित्व मजबूत होता है। प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता आज के समाज की ज्वलंत समस्या है। इस पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है। समाजशास्त्र के शिक्षक डॉ. अजय रंजन ने कहा कि वैदिक काल में स्त्रियों की स्थिति बेहतर थी। वर्ण व्यवस्था के बाद उनकी स्थिति कमजोर हुई। उन्होंने लैंगिक असमानता और सामाजिक परिवेश की भिन्नता



पर प्रकाश डाला।कार्यशाला में डॉ.बी.डी. मोदी, प्रो. जोगेश्वर यादव, डॉ. गिरधारी यादव, डॉ. अजय रविदास, डॉ. संगीता चौधरी, व्याख्याता बबीता कुमारी, डॉ. सरिता सिन्हा और डॉ. अंजली कुसुम ओम ने भी अपने विचार रखे।छात्र-छात्राओं ने भी विषय पर अपने विचार रखे। इनमें प्रीति कुमारी और सकीना प्रमुख रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विमल किशोर, डॉ. अरुणा रानी, डॉ. अजय रविदास, डॉ. गिरधारी यादव, डॉ. कुमारी सुषमा, प्रो. हीरामन साव, डॉ. बद्री साव, डॉ. अरुण कुमार रामानुज, डॉ. सरिता सिन्हा, प्रो. संजय बक्शी, प्रो. जोगेश्वर यादव, डॉ. अंजली कुसुम ओम, डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. बी. डी. मोदी, डॉ. महेश यादव, प्रो. अब्बास, प्रो. बबिता, नागेश्वर यादव, दिनेश्वर प्रसाद यादव, हरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव और निर्मला की उपस्थिति रही।

# विधायक रौशन लाल चौधरी क्षेत्र भ्रमण के दौरान पहुंचे केरेडारी

## कहा विस्थापन पुनर्वास रोजगार प्रदूषण समेत क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी शनिवार को केरेडारी प्रखंड का दौरा किया। दौरा के क्रम में प्रखंड क्षेत्र के जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। पत्रकारों के सवालों पर विधायक ने कहा कि हमने सदन के बजट सत्र में केरेडारी प्रखंड बड़कागांव प्रखंड व पतरातु प्रखंड के समस्याओं को मुखरता पूर्वक रखा जिसमें तीनों प्रखंडों में अधिगृहित जमीन का मुआवजा भुगतान रोजगार प्रदूषण विस्थापन के साथ कोल ट्रांसपोर्टिंग के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत परिवारों को उचित निर्धारित मुआवजा नीति की



बात को रखा। इसके साथ हीं सड़क दुर्घटना में मृत के अलावे आंशिक रूप से घायल और गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए भी मुआवजा नीति बनाने की बात कही साथ ही कई ऐसे मुद्दों को उठाया जो क्षेत्र वासियों से ताल्लुक रखते हैं जिनमें कोल माइंस क्षेत्र से विस्थापित प्रभावित परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल बिजली पानी स्वास्थ सुविधा समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को रखा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव भाजपा केरेडारी मंडल महामंत्री नरेश महतो आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा चट्टी बरियातू मुखिया झरी लाल महतो पेटो पंचायत के पूर्व मुखिया किशोर यादव आशेश्वर यादव कंचन यादव मनोहर साव अमित गुप्ता प्रेमचंद महतो उपेंद्र रजक जनक कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम साव पूर्व मंडल अध्यक्ष बालगोविंद सोनी बिनोद राम छोटू यादव मुकेश वर्मा कुंवर साव प्रयाग महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

# कोनार विस्थापितों के दो दिवसीय धरने के दूसरे दिन पहुंचे जयराम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के कोनार फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय धरने के दूसरे दिन डुमरी विद्यायक सह जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो पहुँचे,जहाँ उनका उनके कार्यकर्ताओ एवं विस्थापितों ने जोरदार स्वागत किया। धरने को सम्बोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि विस्थापन का दंश वही समझ सकता जिसने इस अत्यंत पीड़ादायक दंश को झेला है। कोनार विस्थापित पिछले 75 सालों से इस दंश को झेल रही है। कोनार विस्थापितों को जल्द से जल्द इनको मिली जमीनों का मालिकाना हक दिया जाना चाहिए,साथ हीं डीवीसी कोनार की ओर से बिजली,पानी,शिक्षा,स्वास्थ्य आदि की सुविधाएं अविलंब उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस



मौके पर मुख्य रूप से मनोज बेसरा,विश्वनाथ हेंब्रम , बबलू बेसरा, केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल,बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, बप्पु बेसरा, टुनटुन हेमबरम, संतोष बेसरा, बैजु टुडू, मिहीलाल बेसरा, भिखलाल हेमबरम, संझला सोरेन, लालु टुडू, आकाश मरांडी, तालो बेसरा, साहेबरम हेंब्रम, शंकर हेंब्रम, थनु सिंह, सनीचर सिंह, अजीत करमाली, रती बेसरा, कार्तीक बेसरा, रीतु बेसरा, हीरा बेसरा, पूजा सोरेन समेत सैंकड़ों विस्थापित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 2024 - 2025 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के वंदना सभा मे सत्र 2024द्व25 की वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के सह सचिव दिनेश साहू, पूर्व सचिव उमेश साहू ,समिति के सदस्य कुंदन जी और बब्लु जी उपस्थित थे। अभिभावको के माध्यम से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि परिचय प्रभारी प्रिंस जी के द्वारा हुआ। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रमुख धीरज जी ने किया। इस परीक्षा में शामिल हुए सभी भैया बहन उत्तीर्ण हुए। कक्षा अरुण से लेकर नवम तक के परीक्षाफल मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले तथा सर्वाधिक उपस्थिति भैया बहनो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में 17 विद्यार्थियों ने कराटे की ग्रेडिंग किया उतीर्ण

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में कराटे ग्रेडिंग संपन्न स्कूल में 29 मार्च शनिवार को कराटे बेल्ट ग्रेडिंग की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बेल्ट ट्रेडिंग में लगभग 17 छात्र छात्राओं ने सेल्फ डिफेंस का कठिन मेहनत करते हुए पास किया । इस ग्रेडिंग परीक्षा में 12 कराटेकारो में येलो बेल्ट 5 को ऑरेंज बेल्ट छात्रों ने प्राप्त किया ग्रेडिंग परीक्षा में छात्र छात्राओं ने काता फाइट,सेल्फ डिफेंस में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राप्त किया इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा नारायण ने सभी छात्रों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्होंने कहा की बच्चों की कराटे प्रदर्शन से काफी प्रसन्नता के साथ गौरवान्वित हूं और आशा करती हूं आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे और मेरा पूर्ण सहयोग इन सभी छात्राओं के साथ है ।

## कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार में सत्र 2024-2025 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार में प्राचार्य राकेश कुमार राणा दिशा निर्देश पर सत्र 2024-2025 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी से नवम वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा फल का प्रकाशन बच्चों के वर्ष भर के क्रियाकलापों एवं पठन-पाठन का सामूहिक निष्कर्ष होता है। इस अवसर पर प्राचार्य राकेश कुमार राणा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, विद्यार्थी मेहनत करें विद्यार्थी जीवन में मेहनत और संघर्ष करने से ही सफलता मिलती है, इसलिए निरंतर मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करना है। डायरेक्टर रामदेव यादव कहा कि ने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई दी।

## सनराइज पब्लिक स्कूल में रंगारंग वार्षिक महोत्सव, पांचवीं वर्षगांठ पर बच्चों ने बिखेरा जलवा

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत पेटो स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव स्कूल की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, हास्य प्रस्तुतियों और संवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने रिपोर्टर और विद्यार्थी के संवाद को रोचक अंदाज में प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष रावत ने कहा कि शिक्षा के साथ मानसिक और सांस्कृतिक विकास भी जरूरी है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।इस खास मौके पर विद्यालय निदेशक आशीष राउत, शिक्षकगण मनोज कुमार, निशांत सिन्हा, सुबोध कुमार, शौरभ साहा, राजेश रोशन, रामविलास कुमार, रिंकू रजक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक उपस्थित रहे।

# सर्वसम्मति से रामनवमीं महासमिति के अध्यक्ष चुने गए विपिन कुमार सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग जिले के अंतर्गत विष्णुगढ़ की रामनवमी भी खास होती है। विष्णुगढ़ में सनातन संस्कृति के अनुसार रामनवमी में सुंदर-सुंदर झांकियो के अलावे और महत्वपूर्ण परंपराओं के साथ रामनवमी मनाने में विष्णुगढ़ की एक अलग पहचान बन गई है। यूँ तो चैत्र रामनवमी का उत्सव होली के समापन के पश्चात प्रत्येक मंगलवार को रामभक्त मंगला जुलूस निकालकर बासंती रामनवमीं का शुभारंभ कर देते है, पर सबसे खास सप्तमी की संध्या उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी तट पर माँ गंगे की महाआरती ,अष्टमी के दिन प्रखण्ड के सुदूरवर्ती इलाको से एवं प्रखण्ड मुख्यालय से रमुआ स्थित माँ दुर्गा मंदिर प्राँगण से हजारों की सँख्या में रामभक्त जत्थे में माँ महामाया बाघेश्वरी के समक्ष बनासो जाकर अपनी पुरातन परंपरा को जीवित रखते हुए अस्त्र-शस्त्र की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते है। नवमी की रात्रि को विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के अगल-बगल से कुल सात अखाड़ों से रामनवमी की सुंदर- सुंदर झांकियो के साथ दसमी की रात्रि को झांकियो का विसर्जन किया जाता है। जैसा कि रामनवमी के इतने वृहत स्वरूप को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूर्ण करना अपने आप मे एक चुनौती पूर्ण कार्य है। इसलिए प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महासमिति अध्यक्ष बनाया गया। इसकी प्रक्रिया को लेकर शनिवार 10 बजे राममंदिर प्राँगण में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी गौतम भारती ने की तथा संचालन डॉ. ओमकार नाथ शर्मा ने किया। महासमिति पद के लिए रामजतन स्वर्णकार, रवि कुमार पांडेय,रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),वरुण कुमार, अजय कुमार



साव के नाम पिछली बैठक में आये थे। जिसको लेकर आज की बैठक में सातों अखाड़ों के वर्तमान अध्यक्ष एवं महासमिति के पूर्व अध्यक्षो ने आपसी विचार विमर्श कर आम सहमति से समाजसेवी विपिन कुमार सिन्हा को महासमिति का अध्यक्ष चुन लिया गया, तदोपरांत महासमिति का विस्तार करते हुए संरक्षक में राजेंद्र कुमार दुबे,बिनोद सिंह,सोबरन भगत,लखन प्रसाद,विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार,उपाध्यक्ष रामजतन स्वर्णकार, रवि कुमार पांडेय,रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),वरुण कुमार, अजय कुमार साव,सचिव बंटी श्रीवास्तव,गौतम भारती, सह-सचिव विनोद सिंह,लखन प्रसाद,गणेश कुमार पासवान,शशि कुमार लाहकार,कोषाध्यक्ष राजकुमार कसेरा(राजू),सह-कोषाध्यक्ष अशोक साव,मीडिया प्रभारी दीपू अकेला,सह -मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, कार्यकारिणी सदस्य अनूप कुमार कसेरा,आशीष सोनी,कुन्दन शर्मा,संदीप कुमार पांडेय,पिन्टू पाण्डेय, अमर कुमार,नवीन कुमार मिश्रा, विष्णु कुमार, राहुल भारती,शंकर गोस्वामी, श्रीकांत गुप्ता,जितेंद्र कुमार,कुन्दन वर्मा,चन्दन मिश्रा(चाँद),मुन्ना सिंह,अजीत नायक,सन्नी कुमार लाहकार, दीपक कुमार,राजेश कुमार,शुभम कुमार,मोहित कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर सैकड़ो की सँख्या में रामभक्त मौजूद थे।

**युवा साथी झारखंड ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन**

# इफ्तार पार्टी की आयोजन होने से आपसी प्रेम, भाईचारगी बनी रहती हैं : विकास सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही के रसोइया धमना स्थित चकुरा मैदान में शुक्रवार को अलविदा जुम्मा के अवसर पर युवा साथी झारखंड संस्था की तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को माहे रमजान के पाक महीना की बधाई दी। साथ ही कहा कि माहे रमजान सबसे शुद्ध व पवित्र माह होता है। रमजान माह पूरी तरह से तन, मन व वचन को संयमित व अनुशासित रखता है। इफ्तार पार्टी सामूहिकता की भावना को मजबूत बनाती है। इफ्तार पार्टी भाई चारा का संदेश देता है। इसमें अमीर गरीब हिंदू मुस्लिम सभी समुदाय के लोग शामिल होते हैं। उपस्थित सदस्यों ने भी सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को मुबारकबाद देते हुए अमन चैन व खुशी की दुआ की। जिसमें समाज में रहने वाले काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इस दौरान खुदा से उन्होंने देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। रोजा इफ्तारी में युवा से लेकर बच्चे भी शामिल हुए। जिन्हें इफ्तारी में फल, जूस,आदि दिए गए एवं तय समय के साथ कई तरह के पकवान, मिठाई, फलों के साथ रोजेदारों ने रोजा खोला।मौके पर सरफराज़ ख़ान, सरफराज़ अहमद, शारूफ़ आलम, अनिल सिंह, अहमद ख़ान, सहमद ख़ान, सद्दाम ख़ान, मासूम अंसारी, समीम अंसारी, गुलाम अंसारी,सकिल अहमद, आशीष यादव, परमेश्वर यादव, रवि यादव, दीपेश कुमार, गौतम कुमार, सोनू कुमार, रिजवान अंसारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चार दिनों से लापता युवक के परिजन बेहाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के ललित कुमार महतो विगत चार दिनों से लापता रहने का मामला प्रकाश में आया। लापता युवक ललित कुमार महतो के चाचा हिरामन महतो ने स्थानीय थाने विष्णुगढ़ में 27 मार्च 2025 को सनहा दर्ज कर विष्णुगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी। इस बाबत जानकारी देते हुए हिरामन महतो ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मेरा भतीजा अवसाद ग्रस्त रहने की वजह से 26 मार्च 2025 को घर से दोस्त से मिलने की बात कहकर निकला परन्तु वर्तमान आज दिन शनिवार तक उसकी कोई जानकारी नही मिल पा रही है। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर इनका पूरा परिवार सकते में है।इस संबंध में हिरामन महतो ने लोगो से विनम्र अपील करते हुए इसकी सूचना 9939100327,7903918883 पर देने की बात कही।

# विधानसभा सत्र में विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा उठाए गए प्रश्नों को कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने सराहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड विधानसभा सत्र में बड़कागांव विधानसभा विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा बड़कागांव के ज्वलंत समस्याओं सहित संपूर्ण झारखंड के समस्याओं को प्रमुखता से उठाने को लेकर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने बड़कागांव गुरुचट्टी स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचने पर जोरदार तरीके से गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा झारखंड विधानसभा में कुल 28 प्रश्न उठाए गए जिनमें मुख्य रूप से विस्थापन आयोग का गठन, बड़कागांव वासियों को 24 घंटा बिजली मिले, प्रदूषण भत्ता का पैसा प्रभावितों को मिले, एनटीपीसी ढेंगा आरएंडआर कॉलोनी के हॉस्पिटल, विद्यालय जैसे अन्य सुविधाओं को जल्द शुरू किया जाए, बुढ़वा महादेव डुमारो नदी के जल को बड़कागांव वासियों को सप्लाई होकर मिले, विस्थापन नीति लागू हो, महुदी रामनवमी जुलूस निकाने का मामला, एनटीपीसी के अधिकारियों के द्वारा रैयतों के साथ दुर्व्यवहार करना, झारखंड में लगातार हो रहे आपराधिक घटनाओं में सरकार की विफलता, पतरातू प्रखंड के बालकुद्र में जिंदल



स्टील और पावर प्लांट से 560 एकड़ भूमि वापस करना, एनटीपीसी सहित अन्य कंपनियों में स्थानीय लोगों को 75त्न रोजगार देना, ट्रांसपोर्टिंग में स्थानीय लोगों का 100त्न सहभागिता होना, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दुर्घटनाग्रस्त लोगों के परिवारों को उचित मुआवजा देना, बिजली विभाग के लोगों के मिली भगत से करोड़ों रुपए की गमन करना, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह, केरेडारी, चट्टी बरियातू से विस्थापित परिवारों के आवासीय संरचना के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु विशेष टीम का गठन करना, बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा मुख्य पथ को फोरलेन बनाना, एनटीपीसी और सीसीएल द्वारा विस्थापित प्रभावित परिवारों को जलापूर्ति योजना चलाना, बड़कागांव हजारीबाग पब्लिक रोड पर कोयला लदा ट्रक लगातार हो रहे दुर्घटना से मुक्ति पाने के लिए अलग सड़क बनाना, भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग के अंतर्गत एक स्वतंत्र विशेष टीम का गठन किया जाना, एनटीपीसी द्वारा किए गए मूल्यांकन के बजाय निष्पक्ष सर्वेक्षण और मूल्यांकन के आधार पर मुआवजा तय किया जाना, विस्थापितों को उनकी संपत्तियों के यथोचित बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाना, विस्थापितों के हितों की रक्षा हेतु संबंधित विभागों की निगरानी और सार्वजनिक सुनवाई सुनिश्चित किया जाना सहित अन्य जन समस्याओं को लेकर विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में आवाज बुलंद किया। वहीं बड़कागांव आवासीय कार्यालय में विधायक ने दर्जनों ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और कई लोगों का समस्याओं का निदान ऑन द सपोर्ट किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा के क्षेत्र की जनता ने जिस आशा और उम्मीद के साथ मुझे विधानसभा भेजने का काम किया है मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार हूं और जनता के हर समस्याओं का समाधान करना ही हमारा कर्तव्य है।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने 56 विस्थापित परिवारों के बीच बर्तन का वितरण किया




**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना प्रभावित सिंदवारी गाँव के विस्थापित जो अब कुंडलीबागी में बस गए हैं उनके बीच एक विशेष बर्तन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत सिंदवारी से विस्थापित होकर कुंडलीबागी में बसे 56 परिवारों को कुल 10 प्रकार के बर्तन प्रदान किए गए। इस वितरण में हॉटपॉट, वाटर फिल्टर, मिक्सर, प्रेशर कुकर, चकला, बेलन, मसाला बॉक्स, स्टील ग्लास, रोटी तवा और चिमटा जैसे बर्तन शामिल थे। विस्थापित ग्रामीणों ने बर्तनों को पाकर खुशी जाहिर की और एनटीपीसी को धन्यवाद दिया। इससे पहले भी पकरी बरवाडीह परियोजना के द्वारा नगडी से विस्थापित होकर सुल्ताना में बसे 78 विस्थापित परिवारों को भी रसोई से संबंधित बर्तन वितरित किए गए थे। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक और कार्यपालक रजनीश कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल को परियोजना प्रभावित समुदाय की बेहतर जीवनशैली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और इस तरह के सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। एनटीपीसी की यह पहल विस्थापित परिवारों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन, 16 मामलों का निपटारा, 23.39 लाख राजस्व की प्राप्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामगढ़ के तत्वावधान में मासिक लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में किया गया। उच्च न्यायालय के जस्टिस सह जोनल जज रामगढ़ दीपक रौशन ने व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया, जिसमें कुल 16 मामलों का निपटारा हुआ तथा 23,39,000/- (तेइस लाख उनतालीस हजार रुपए) की राजस्व प्राप्ति हुई। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार ने कहा कि पारिवारिक मामलों का समाधान आपसी समझ और समर्पण से ही संभव है।

**लोक अदालत में निपटाए गए मामले**

इस लोक अदालत में विभिन्न विधिक विषयों से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद (मैरिज डिस्प्यूट) विद्युत अधिनियम से संबंधित मामले भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवाद नागरिक एवं आपराधिक अपीलें बैंक एवं बीमा से जुड़े विवाद राजस्व संबंधित मामलों का निपटारा चेक बाउंस और मोटर वाहन दावों के मामले लोक अदालत की विशेषता लोक अदालत एक वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया (Alternative Dispute Resolution - ADR) है, जहाँ मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाता है। इसके कई लाभ हैं, जैसे मामलों का शीघ्र समाधान न्यायालय शुल्क की बचत दोनों पक्षों के बीच आपसी संबंधों में सुधार न्यायिक प्रक्रिया में समय और संसाधनों की बचत

**लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों की भूमिका**

लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, और संबंधित अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामलों के निपटारे के लिए निम्नलिखित न्यायिक पीठों का गठन किया गया था। बेंच नं. 1 पारिवारिक विवादों का निपटारा बेंच नं. 2ङ्क विद्युत अधिनियम, भूमि अधिग्रहण, दीवानी और अन्य विवाद बेंच नं. 3 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस और अन्य आपराधिक मामले बेंच नं. 4 ङ्क बैंक, बीमा और पूर्व-विवाद निपटान मामलों का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामगढ़ के सचिव अनिल कुमार ने जनता से अपील की कि वे अपने विवादों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान पाने के लिए लोक अदालत का अधिकतम लाभ उठाएं।

# पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के द्वारा रामगढ़ थाना का किया गया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** अजय कुमार, (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ थाना का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को ÷गार्ड ऑफ ऑनर÷ दिया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा ÷गार्ड ऑफ ऑनर÷ के पश्चात थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों का टर्न आउट चेक किया गया। पु0अ0नि0 (वायरलेश आपरेटर) भगतु महतो का टर्न आउट में कमी पाई गई, इसके लिए उन्हें भविष्य के लिए हिदायत किया गया।इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ एवं थाना में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में भवन, शौचालय, चाहरदिवारी, संतरी पोस्ट, बाल मित्र थाना, सरकारी सम्पति, स्वीकृत बल, विस्फोटक अधिनियम / आयुद्ध एवं गोली-बारूद्ध भण्डार/विष अधिनियम / उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखानों / दुकानों की सूची, लंबित काण्डों की सूची, मुख्य हाट, बाजार, मेला की सूची, ग्राम पंचायत के मुखिया, सरपंच तथा प्रखंड समिति की सूची, निगरानी में रखे गये दागियों की सूची, सीमावर्ती अपराध ऑकड़ा एवं अपराधियों की सूची, अपराध मानचित्र, सरकारी अधिसूचना, जिसके अंतर्गत थाना का सृजन हुआ है, थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मियों का कार्य विवरणी तालिका, अपराधि निर्देशिका भाग-1, अपराध निर्देशिका भाग-02, अपराध निर्देशिका भाग-03, एम0ओ0 इण्डेक्स, अल्फा बेटिकल इण्डेक्स, खतियान भाग-2, मालखाना पंजी, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुण्डा पंजी, गिरोह पंजी, फिरारी पंजी, हाजत पंजी, शस्त्र पंजी, उग्रवादी पंजी, निर्गत पंजी, आगत पंजी, मासिक कार्य विवरणी एवं निजी दैनिकी, अप्राथमिकी पंजी, अप्राकृतिक मृत्यु, अपराध आंकड़ा, सी0सी0टी0एन0एस0 के कार्यो का समीक्षा किया गया तथा पाये गये त्रुटियों को दूर करते हुए तख्तीयों / पंजीयों को अद्यतन करने, थाना भवन को मरमती करने हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया।थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों के बीच किये गये कार्य बटवारे तथा उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किया जा रहा है की समीक्षा किया गया तथा थाना में लंबित विशेष एवं अविशेष काण्डों की समीक्षा अनुसंधानकर्ता के समक्ष किया गया समीक्षाक्रम में सबसे पुराना काण्ड वर्ष 2019 का पाया गया तथा वर्ष 2020, 2021, 2022, 2023 एवं 2024 के भी कई काण्ड लंबित पाये गये। लम्बे समय से लंबित काण्डों की समीक्षा अनुसंधानकर्ता के समक्ष किया गया तथा अनुसंधानकर्ता को अविलम्ब लंबित कार्रवाई पूर्ण करते हुए काण्ड को त्वरित गति से निष्पादित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ थाना को चुहुपालु घाटी में हो रहे सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने, वाहन चेकिंग करने तथा जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ से समन्वय स्थापित कर आवश्यक साइन बोर्ड लगाने आदि सुरक्षात्मक उपाय करने साथ ही थाना क्षेत्र में वी0आई0पी0 गतिविधि होने पर आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। अन्त में पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ को संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्यों एवं अन्य अपराधिक गिरोह जिनके द्वारा विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है तथा क्षेत्र में भय का माहौल बनाया जा रहा है वैसे अपराधकर्मियों के संबंध में आसूचना का संकलन कर कठोर कार्रवाई करने, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने साथ ही क्षेत्र में समय एवं स्थान बदल-बदल कर पेट्रोलिंग करने, अगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व में विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु 24ङ्ग7 मुस्तैद रहने, संवेदनशील स्थानों जैसे मंदिर, मस्जिद आदि पर पैनी नजर रखने, बैरिकेटिंग करवाने, जुलूस के रूट का सत्यापन करने, भडकाऊ गाने पर प्रतिबंध हेतु डी0 जे0 मालिक को नोटिस निर्गत करने, जुलूस मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था, निरोधात्मक कार्रवाई करने एवं अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया। थाना आने वाले आम जनता के शिकायतों को गंभीरता से सुनने तथा शीघ्र उसका निष्पादन करने तथा आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

*हेसाबेडा में संथाल समाज ने बाहा पर्व धूमधाम से मनाया,मांदर के थाप पर जमकर थिरके लोग*

## बाहा पर्व आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है : सीताराम किस्कू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित सरना स्थल पर शुक्रवार को संथाल समाज के द्वारा बाहा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम लोगों ने सरना झंडा स्थापित कर विधिवत तरीके से सरना धर्म के रीति-रिवाज से पुजा अर्चना किया गया। वहीं यह पुजा गांव के पाहन बंसीलाल मांझी एवं प्राराणिक संजीव सोरेन के द्वारा कराया गया। वहीं इस पुजा मे हेसाबेडा,रोहनगोडा,पिंडरा आदि क्षेत्रों के सभी संथाल समाज से जुड़े लोग शामिल हुए। वहीं पुजा अर्चना करने के उपरांत सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं प्रसाद पाने के बाद गांव के ग्रामीण,सभी अतिथियों ने सामुहिक तौर पर आदिवासी गीतों पर मांदर के थाप पर नाचते गाते दिखे। वहीं इसदौरान हेसाबेडा के मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने बताया कि बाहा पर्व संथाल समाज का विषेश पर्व है। जल जंगल जमीन से जुड़ी प्राकृतिक कि रक्षा करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। वहीं मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने यह भी बताया कि बाहा का अर्थ फूल होता है, अर्थात यह फूलों का त्योहार है। इस पर्व से मनुष्य में उमंग



और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने बाहा पर्व की पौराणिक कथा का भी वर्णन किया। कहा कि यह पर्व फाल्गुन माह में मनाया जाता है। इस दौरान धरती पर पेड़ पौधों में नए नए पत्ते और फूलों से सजे होते हैं। देवताओं का भी आगमन धरती पर होता है। वहीं इस मौके पर आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,विस्थापित नेता दशई मांझी,शनिवार मांझी,महादेव मांझी,पुरण मांझी,शिगू मांझी, कानू मरांडी,बिनोद सोरेन, सुखलाल मांझी, हेमलाल मांझी,प्रभु मांझी,जीतन मांझी,पुरन टुडू,मनु टुडू,पतीलाल सोरेन,जतरू बेसरा,प्रभु बेसरा,पंसस गीता देवी, सीतामुनी देवी, तेतरी देवी,लालमुनि देवी,सरिता देवी इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कुज्जु मुरपा स्थित प्लांट अवैध रूप से संचालित है : रवि महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जेएलकेएम के बैनर तले एसकेबी स्टील प्लांट से हो रहे धवनि व वायु प्रदूषण की समस्या को लेकर कुज्जु,नावाडीह में ग्रामीणों के साथ आंदोलन को लेकर एक अति आवश्यक बैठक मांडू प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र महतो की अध्यक्षता तथा संचालन केंद्रीय युवा मोर्चा पदाधिकारी कुलदीप महतो ने की ! इस बैठक में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो ने कहा रामगढ़ जिला के माण्डू विधानसभा अन्तर्गत कुज्जू पूर्वी पंचायत क्षेत्र के मुरपा नावाडीह में एसकेबी नामक प्लांट अवैध रूप से संचालित है ! स्टॉक यार्ड के नाम से जमीन लिया गया था, लेकिन अभी दूसरा कार्य किया जा रहा है ! पिछला आंदोलन में तीन सप्ताह के अंदर खाली करने की बात हुई थी ! लेकिन अभी फिलहाल खाली न करके विस्तार किया जा रहा है ! इससे उत्पन्न ध्वनी प्रदूषण व वायु प्रदूषण से ग्रामीण बुरी तरह त्रस्त हैं। ज्ञात हो पिछले दो साल से कंपनी बिना ग्रामसभा ,बिना प्रदूषण मानको को पूरा किए घनी आबादी के बीच गाँव से सटकर अवैध रूप



से सैंड ब्लास्टिंग,वेल्डिंग,मैन्युफ़ैक्चरिंग,रस्टिंग इत्यादि का कार्य कर रही है। अवैध रूप से संचालित प्लांट को बंद करने हेतु ग्रामीण पिछले एक साल से आंदोलित है !आज के बैठक में मुख्य रूप से रवि महतो ,देवानंद महतो, बिहारी महतो, सत्येंद्र महतो, लीलावती महतो , सुधीर अकेला,कुलदीप महतो, विनोद महतो ,अनिल महतो ,निखिल महतो ,दीपेंदर महतो ,सुरेंद्र कुमार महतो, नंदकिशोर ,मिथुन ,लवली, उपेंद्र ,टेक लाल ,रॉकी ,नीतीश, राजेश, उमेश, मनीष, कृष्णा ,पवन, तुलेश्वर, प्रीति इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## गोला प्रखंड में किसान मेला सह प्रादर्श प्रदर्शनी का आयोजन हुआ



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड मुख्यालय में आयोजित किसान मेला सह प्रादर्श प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस आयोजन में किसानों को कृषि उपकरण, अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, बागवानी स्वीकृति पत्र, व्हीलचेयर एवं पशुधन योजना के तहत बकरी का वितरण किया गया।विधायक महोदया ने किसानों द्वारा लगाए गए फसलों की स्टॉल का उद्घाटन कर उनकी मेहनत की सराहना की और कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर चर्चा की।

## रामगढ़ जिला संगठन संयोजक नरेश महतो को दी बधाई



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला में आजसू पार्टी के सांगठनिक विस्तार हेतु आदरणीय श्री नरेश महतो जी को जिला संयोजक बनाए जाने पर, उनसे मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिया साथ ही उनके स्वास्थ्य संबंधी कुशल क्षेम को जाना और उनके जल्द स्वस्थ होकर सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में पुनः वापसी की कामना किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,आजसू युवा मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी मनोज कुमार महतो,अजय आस्था,बिट्टू कुमार,मिथुन कुमार उपस्थित हुए।

## रामगढ़ में अवैध कोयला खदान पर पुलिस का बड़ा छापा, 100 टन कोयला जब्त



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला थाना क्षेत्र के बड़का जारा गांव के निकट चल रहे अवैध कोयला खदान पर रामगढ़ डीसी और एसपी के निर्देश के बाद गोला पुलिस और माइनिंग विभाग ने संयुक्त रूप से करत्ते हुए खादान से लगभग 100 टन कोयला को जब्त किया है ।जब्त कोयला को हाईवा में लोड करके गोला थाना परिसर लाकर जमा किया गया है ।गोला के बड़का जारा में शोवेल मशीन से अवैध माइनिंग करने का एक वीडियो पिछ्ले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने इसे संज्ञान में लेते हुए आज रामगढ़ डीएमओ अभिषेक के नेतृत्व में एक टीम बनाई जिसमें गोला थाना प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मी शामिल हुए और बड़का जारा में छापामारी की इस दौरान कोयला तस्कर मौके से फरार हो गए जप्त किए गए कोयले को पेलोडर से हाईवा में लोड किया गया और उसे गोला थाना लाकर रखा गया है रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह मामला डीसी और मेरे संज्ञान में आया उसके बाद यह कार्रवाई की गई है अवैध खदान चलने वाले तस्करों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी किसी को भी अवैध माइनिंग या कोयला तस्करी की इजाजत नहीं दी जाएगी जिला प्रशासन के इस कार्रवाई के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन से मिले अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता गण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह जोनल जज व्यवहार न्यायालय रामगढ़ दीपक रोशन शनिवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में ऑफीशियली विजिट पर आए जिस पर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में उनसे मुलाकात कर उनको बुके देकर स्वागत किया साथ ही संघ की ओर से एक ज्ञापन भी सोपा गया जिसमें संघ द्वारा न्यायमूर्ति से अधिवक्ताओं को बैठने के लिए जी प्लस 4 भवन की मांग की गई साथ ही न्यायाधीशों के रिक्त पद को अविलंब भरने, एन आई एक्ट के लंबित वादों के लिए स्पेशल कोर्ट खोलने, अधिवक्ताओं एवं मुवक्किलों को बैठने के लिए व्यवहार न्यायालय में पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने आदि की मांग की गई जिसपर माननीय न्यायमूर्ति द्वारा अधिवक्ताओं का आश्वस्त किया कि शीघ्र ही जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के सभी जायज मांगों पर नीतिगत निर्णय लिया जाएगा इस अवसर पर माननीय न्यायाधीशगण एवं संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो महासचिव सीताराम कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे मीना कुमारी राजेंद्र महतो द्वारिका महतो टिकेंद्र महतो महेंद्र महतो धीरेश कुमार लिलेश्वर कुमार राजेंद्र महतो सुरेश महतो आशुतोष कुमार अरविंद कुमार रोहित प्रकाश झलक देव महतो बहादुर महतो अभिषेक दराद शंकर महतो अरशद अंसारी कौशल्या देवी आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## सहिया बहनें हमारे स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ : ममता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला स्वास्थ्य समिति, रामगढ़ के तत्वाधान में टाउन हॉल में शनिवार को सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की आधार स्तंभ सहिया बहनों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सीएचओ, बीटीटी और एसटीटी को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामगढ़ की विधायक ममता देवी और सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ममता देवी ने सहिया बहनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा, ÷सामाजिक विकास में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में सहिया बहनों की भूमिका सराहनीय है।÷ उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि ÷राज्य सरकार ने इस बजट में 42 हजार सहिया दीदियों को टैबलेट देने का निर्णय लिया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता आएगी।÷इस अवसर पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, 20 सूत्री अध्यक्ष दुलमी प्रखंड सुधीर मंगलेश, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, दंत चिकित्सक डॉ. नितेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक सुनील कुमार मधुकर, जिला एनटीपीसी कंसल्टेंट विनय कुमार शर्मा, डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर बिमल केशरी, सभी एसटीटी, बीटीटी, सहिया और सहिया साथी उपस्थित रहे।

## ईद के लिए मार्केटिंग करने जा रहा ऑटो चालक का सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुज्जू :** रामगढ जिले के कुजू आरा चार नंबर मे शुक्रवार की देर शाम लगभग 5ः30 बजे के आश पास सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक अख्तर हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया था वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान अख्तर हुसैन का मृत्यु हो गई बताया जाता है अख्तर हुसैन घर का इकलौता बेटा था और ऑटो चलाकर अपने घर वालों का भरण पोषण क्या करता था।अख्तर हुसैन के 4 बच्चे है और एक बूढ़ी माँ है और पत्नी का 4 साल पहले ही मृत्यु हो गई है बच्चे और माँ अब यतीम और बेसहारा हो गये है घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है बूढी मां सरकार से गुहार लगा रही है कि हमें इंसाफ दो और जिला प्रशासन के कोई भी अधिकारी अभी तक मृतक के परिजनों से मिलने तक नहीं पहुंचे है मृतक का पार्थिक शरीर पोस्टमार्टम के लिए अभी सदर अस्पताल में ही रखा गया है सूत्रों के हवाले से पता चला है टाटा कंपनी में चलने वाली टेंपर बस जो टाटा कंपनी में कार्यरत मजदूरों को लाने ले जाने में कार्यरत है उसी बस के द्वारा यह घटना हुई है घटना के बाद टेंपर चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा यह एक जांच का विषय है संबंध में कुजू प्रभारी ने बताया कि उसे पोस्मार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

*रामनवमी को लेकर उरीमारी आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय कार्यालय में हुई बैठक*

## उरीमारी गौरी शंकर मंदिर से विभिन्न कालोनियों होते हुए मंगला शोभायात्रा निकाला जाएगा : राजू यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शनिवार को आगामी रामनवमी पुजा के अवसर पर मंगला शोभायात्रा निकालने को लेकर उरीमारी के मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव के अध्यक्षता में बैठक कि गई। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शांतिपूर्ण तरीके से मंगला शोभायात्रा निकाला जाएगा। वहीं इस बार रामनवमी मंगला शोभायात्रा गौरी शंकर मंदिर से उरीमारी चेकपोस्ट होते हुए थाना कालोनी से चीप हाउस एवं हेसाबेडा से मुख्य मार्ग होते हुए उरीमारी बस्ती, पहाड़ी शिव मंदिर से जरजरा चौक से पुनः वापस वेसवर्कशाप,सी टाइप कालोनी से पिला क्वार्टर मदरसा होते हुए चेकपोस्ट पर आकर संपन्न होगा। जोकि निर्धारित समय के अनुसार दोपहर करीब दो बजे से शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाला जाएगा। उक्त बातें बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वहीं इस मौके पर बिहारी प्रसाद गुप्ता,उमेश साव,लालो महतो, भोला रविदास,रामदूलार साव,मो फिरोज,मो असलम,मो सरोज मिंया, उपमुखिया सतीश कुमार,रेवा यादव,सीबू ठाकुर, राजू ठाकुर, शिव प्रसाद, नरेश प्रजापति, गिरधारी प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 203 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस दौरान उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**क्या है मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना**

झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है।

## रामनवमी की प्राचीन परंपरा हो जीवंत, पारंपरिक कला- कौशल प्रदर्शन का समावेश शोभायात्रा में जरूर दिखे : मनीष जायसवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के ऐतिहासिक रामनवमी त्योहार की परंपरा को सशक्त करने और शोभा यात्रा में अस्त्र-शास्त्र के कला कौशल के प्रदर्शन को बरकरार रखने हेतु हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद अस्त्र-शास्त्र वितरण अभियान 2025 की शुरुआत की है। इसके तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ और बरही विधानसभा क्षेत्र में वितरण करने के उपरांत शनिवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के 06 बीजेपी मंडलों पर वितरण शिविर का आयोजन कर 169 अखाड़ा धारियों और क्लबों के बीच लाठी और तलवार का वितरण किया। जिसमें चुरचू मंडल का चरही स्थित बाज़ारटांड़ में 27 अखाड़ाधारियों को, घाटो मंडल का घाटो हाउसिंग कॉलोनी के जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में 35 अखाड़ा धारियों को, आरा मंडल के सारुबेडा बजरंगबली मंदिर प्रांगण में 33 अखाड़ा धारियों को, मांडू मंडल के कुजू पूर्वी पंचायत भवन सभागार में 30 अखाड़ा धारियों को, नगर परिषद मंडल के दिगवार मैदान परिसर में 16 अखाड़ा धारियों को और डाडी मंडल क्षेत्र में गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में इस क्षेत्र के 28 अखाड़ा धारियों के बीच वितरण किया गया। प्रत्येक अखाड़ा धारियों को 02 तलवार और 21 लाठी दिया गया । हर जगह पर स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बड़े संख्या में राम भक्तों ने उत्साहित होकर सांसद मनीष जायसवाल का अंग वस्त्र भेंट कर फूल माला बनाकर और पुष्प कुछ देकर जबरदस्त स्वागत किया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# गैर लाइसेंसी अखाड़ा दल नहीं निकालेंगे जुलूस : उपायुक्त

- डीजे पर प्रतिबंध, रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर
- निर्धारित रूट का पालन करेंगे अखाड़ा दल : सिटी एसपी
- खतरनाक खेल दिखाने से करें परहेज
- धनसार व जामाडोबा टी.ओ.पी. शीघ्र होगी शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रामनवमी के अवसर पर कोई भी अखाड़ा दल बिना सुरक्षा जुलूस नहीं निकलेंगे। गैर लाइसेंसी अखाड़ा दल को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं मिलेगी। रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10ः00 बजे से सुबह 6ः00 तक लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी रहेगी। अधिक तेज आवाज में और किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाले गाने लाउडस्पीकर पर नहीं बजाएंगे। शांति व्यवस्था के साथ पर्व त्योहार संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। यह निर्देश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शनिवार को न्यू टाउन हॉल में ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिया।उपायुक्त ने कहा कि सभी अखाड़ा दल संध्या 5ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से जुलूस निकालेंगे। अखाड़ा दल के अध्यक्ष और सचिव अखाड़ा पर नियंत्रण रखेंगे। अप्रिय घटना घटने पर संबंधित अखाड़ा दल के अध्यक्ष और सचिव जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे। कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। वहीं अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करेंगे जिससे किसी के चोटिल या घायल होने की आशंका हो।उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। अवैध शराब के कारोबारी और शराब की जमाखोरी करने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा कारवाई की जाएगी। उपायुक्त ने त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का सभी से अनुरोध किया। बैठक के दौरान पानी, बिजली, सड़क, साफ सफाई इत्यादि को लेकर उपायुक्त ने कहा कि संबंधित पदाधिकारी को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानना है। उन्होंने उपद्रव करने वालों को चिह्नित कर पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। सिटी एसपी ने कहा कि रामनवमी से पहले धनसार एवं जामाडोबा टी.ओ.पी. शुरू कर दी जाएगी। चिरकुंडा में पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल उपलब्ध करा दिया जाएगा। ईद की नमाज के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने रामनवमी के दौरान जुलूस का रूट बदलने से पूर्व वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी को समाज की एकता और सौहार्द बनाए रखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का अनुरोध किया।बैठक में प्रदीप नारनोली, भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, कुल्लू चौधरी, निसार आलम, मो अफजल खान, मेराज खान, लक्ष्मण तिवारी, बैजनाथ यादव, भगत सिंह, अक्षयवर प्रसाद, एजाज अहमद, तारा पदो धीवर, कयुम खान, राजेश्वर सिंह यादव, विष्णु त्रिपाठी, अजय नारायण लाल, वीरेंद्र रजक, डब्लू बाउरी, पिंटू कुमार तिवारी, विजय शर्मा, एजाज अहमद सहित अन्य सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखें।इसमें अखाड़ा दल को खतरनाक खेल दिखाने से रोकने, चैत्र नवरात्र के दौरान शुद्ध पानी उपलब्ध कराने, पुटकी में हाई मास्ट लाइट ठीक कराने, बाघमारा में जुलूस मार्ग की मरम्मती कराने, झरिया में बिजली, पानी, साफ सफाई एव अतिक्रमण दूर कराने, चिरकुंडा में महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए।जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, नारायण राम, डीएसपी नौशाद आलम, शंकर कामती, धीरेन्द्र नारायण बंका, सुमित कुमार के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## ईद को लेकर ज़रूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद उल फितर को लेकर मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड प्रदेश के महासचिव मुख्तार अहमद एवं धनबाद जिला के सचिव हाजी ज़मीर आरिफ ने उपहार स्वरूप कई जरूरतमंद लोगों को वस्त्र भेंट किया और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की। ताकि वह सभी लोग अपने अपने परिवार के साथ ईद के त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। वहीं वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को ईद उल फितर की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अमन व शांति के साथ ईद मनाने की भी अपील की।

## उपायुक्त ने किया जिला कोषागार का निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज दोपहर जिला कोषागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार के सभी काउंटर का निरीक्षण किया। साथ ही जिला कोषागार पदाधिकारी को आज रात्रि 10ः00 बजे तक सभी बिल के भुगतान प्रक्रिया पूरी करने और समय पर उसका निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने ट्रेजरी परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। मौके पर पर जिला कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार तथा जिला कोषागार के सभी कर्मी मौजूद थे।



## आजसू पार्टी के धनबाद जिला संगठन विस्तार प्रभारी बनने पर गिरिधारी महतो को दी बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष एवं अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ जोनल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि धनबाद गिरिधारी महतो को धनबाद जिला संगठन विस्तार हेतु प्रभारी बनाए जाने पर आजसू के केंद्रीय महासचिव संतोष कुमार महतो, योगेश कुमार महतो,बीरेन्द्र निषाद, सुनील शर्मा, संजय महतो, पप्पू मंडल अमरेंद्र कुमार,शिवा प्रसाद, जुनैद आलम, भोला प्रामाणिक,नरेश महतो, सुखदेव प्रसाद शर्मा,मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ महतो,गीता देवी,लक्ष्मी देवी, मंजू देवी,यशोदा देवी,आशा देवी,ममता देवी,पुष्पा देवी,दिनेश गोप,राकेश कुमार महतो,राजेन्द्र मानी,ब्रजेश ठाकुर,भरत महतो,राजेश मंडल,उतम मंडल,राजकुमार रजवार, धनंजय महतो,टिंकू शर्मा,अमर नाथ महतो, संजीव कुमार महतो, नवल कुमार, पुरुषोत्तम महतो, गणेश सिंह,भोलू तुरी,कामेश्वर महतो सैकड़ों नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए पुष्पगुच्छ देकर बधाई दिए।



## जेएलकेएम धनबाद मीडिया प्रभारी रंजीत महतो ने श्रम अधीक्षक से की भेंट

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के प्रयास से श्रम विभाग के धनबाद श्रम अधिक्षक प्रवीण कुमार से मिलकर आज़ सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा तिलैया पंचायत निवासी दिहाड़ी मजदूर संटु कुमार मोहली के मजदुरी भूगतान और उनके एक पैर से दिव्यांग के क्षतिपूर्ति मुआवजा हेतु श्रम अधिक्षक धनबाद से मिलकर मांग किया गया ज्ञातव है कि बरवाअड्डा क्षेत्र के सबसे सुदूरवर्ती पहाड़ी के तराई में अवस्थित तिलैया निवासी संटु कुमार मोहली पिता पुरण मोहली राजगंज दलूडीह में पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद निवासी ठिकेदार रफ़ूकुल शेख़ द्वारा दिहाड़ी मजदूरी करवाने के दौरान ठिकेदार के लापरवाही से एक पैंर से दिव्यांग हो गया था स्थानीय राजगंज थाना और विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा पीड़ित परिजनों को विभागीय चक्कर लगवाया जा रहा है स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही आज़ झारखंडी भाषा ख़तियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेकर राजगंज थाना प्रभारी और श्रम अधिक्षक धनबाद के पदाधिकारी प्रवीण कुमार से मिलकर मजदूरी भूगतान और क्षतिपूर्ति मुआवजा हेतु मांग किया गया श्रम अधिक्षक के द्वारा आश्वासन मिला कि संबंधित ठिकेदार को त्वरित नोटिस जारी करके मजदूरी भूगतान और मुआवजा भूगतान करवाया जाएगा मौके पर झारखंडी भाषा ख़तियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो श्रम अधिक्षक धनबाद प्रवीण कुमार पीड़ित पिता पूरण मोहली मरिचो पंचायत स्वयंसेवक सुनिल मुर्मू की उपस्थिति हुई।



## दो दुकानों में लगी आग, अग्निशमन विभाग ने आग पर पाया काबू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद में आग लगने की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन कहीं न कहीं अगलगी की घटना घट रही है। ताज़ा मामला धनबाद के कोहिनूर मैदान की है जहाँ फॉर्म विक्रेता के दो दुकानों में आग लगी है। सुचना पाकर पहुंची अग्निश्मन विभाग ने आग पर काबू पाया। स्टाँप टिकट फॉर्म आदि के विक्रेता निर्मल सिंह और एके पांडा के दुकान में आग लगी है। इस अगलगी में निर्मल सिंह के दुकान में रखे कई फॉर्म और जरुरी कागजात जल गए। टिकट और स्टाम्प साथ ले जाने की वजह से स्टाँप टिकट आदि जलने से बच गए। वही एक अन्य विक्रेता एके पांडा का दुकान जलने से बच गया। उनकी दुकान की छत का कुछ ही हिस्सा जला। बता दें कि यहां दर्जन भर टिकट स्टाँप की दुकाने हैं। साथ ही कई वेंडर भी रहते हैं. समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। निर्मल सिंह के पुत्र प्रभुजीत सिंह चावला ने बताया कि उनके यहां बिजली कनेक्शन नहीं है इसलिए शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सुबह दस बजे के करीब फोन पर उन्हें आग लगने की सुचना मिली थी।

## नौजवान एकता फाउंडेशन ने किया दावत ए इफ्तार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया स्थित अपने कार्यालय परिसर में नौजवान एकता फाउंडेशन के द्वारा दावत ए इफ्तार का आयोजन हुआ जहां सभी धर्म के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और एक साथ मिल कर रोजा खोला और दर्जनों स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। वहीं मेजबानों ने मेहमानों का जोरदार ढंग से स्वागत किया तथा सभी ने एक दूसरे को पवित्र रमजान की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इफ्तार के पश्चात नमाज अदा हुई और साथ ही देश व दुनिया के हक में बेहतरी की दुआ की गई। गौरतलब है की इस तरह के आयोजन से अमन, चैन, शांति, एकता, भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है जिसके लिए नौजवान एकता फाउंडेशन हमेशा से प्रयासरत रहती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान, इसराफील अंसारी, मो जावेद, मो जफर समेत समस्त सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में ओपन डे के अवसर पर बाँटे गए वार्षिक परिणामफल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई,धनबाद में ओपन डे का आयोजन कर वार्षिक परिणामफल अभिभावक को दिए गए। इस अवसर पर बच्चो के माता-पिता शिक्षकों से मिल कर अपने बच्चों की प्रगति के बारे में कई सवाल किए। स्कूल के शिक्षकों ने भी स्कूल की गतिविधियों और नियमों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए स्कूल से सम्बंधित बहुत सारी जानकारी दी। आए हुए बच्चों के अभिभावक ने स्कूल का दौरा कर स्कूल के कक्षाएँ, प्रयोगशालाएँ, खेल परिसर आदि को देखा। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि आज विद्यार्थियों का दिन है, वे साल भर जो कड़ी मेहनत करते हैं, उसका परिणाम उन्हें मिलता है। आज से वे अगली कक्षा में चले गए पर उनका यह भी मानना है कि शैक्षिक उत्कृष्टता ही सब कुछ नहीं होती बल्कि जीवन में वही संघर्षों में सफल हो पाता है,जो %ऑल राउंड डेवलपमेंट% की ओर ध्यान देता है। उन्हें अपनी टीम पर गर्व है कि उनके शिक्षक शिक्षण को सरलतम रूप में बच्चों के समक्ष प्रस्तुत करते हैं तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। परीक्षा विभाग के साथ स्कूल के सभी शिक्षक को त्रुटि रहित शानदार परिणामफल के लिए बधाई दी। स्कूल के नए सत्र 2025-26 का आरंभ 3 अप्रैल 2025 होगी।

## विवादित बयान पर राजपूत समाज ने सपा राज्यसभा सांसद का फूंका पुतला, किया विरोध प्रदर्शन

### सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को निलंबित करने की किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को रणधीर वर्मा चौक में राजपूत समाज के बैनर तले राजपूत समाज द्वारा राज्यसभा सपा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा संसद में अभद्र टिप्पणी का विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका। धरना प्रदर्शन में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा सपा के राज्यसभा सांसद का राणा सांगा के प्रति टिप्पणी घोर निंदनीय है राणा संग महाराणा प्रताप सिंह जैसे महापुरुष राजपूतों ने देश के लिए हमेशा बलिदान दिया है देश के लिए हर लड़ाई में राजपूत समाज काफी चढ़ बढ़ाकर आगे रहा है कोई हमें छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं। इस अभद्र टिप्पणी के लिए सपा राज्य सभा सांसद रामजीलाल सुमन को राज्य सभा संसद से निलंबित करने की मांग की।राजपूत समाज से क्षमा मांगे नहीं तो राजपूत समाज का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।समाजविरोध प्रदर्शन करते हुए राजपूत समाज के लोगों ने कहा हमारे क्षत्रियों के सिरमौर अमर विभूति राणा सांगा जी ( राणा संग्राम सिंह )को गद्दार कहने की अभद्र टिप्पणी का राजपूत समाज तब तक विरोध करेगा और उग्र प्रदर्शन करता रहेगा जब तक रामजीलाल जैसे अपराधी छवि वाले नेता को संसद सदस्य से निलंबित नहीं किया जाता है। जिन्होंने हमारे शिरोमणि राणा सांगा का अपमान किया है। जिसमें समाजसेवी उदय प्रताप सिंह,राजपूत एकता मंच के पदाधिकारी भोला सिंह, पंकज सिंह, राजपूत कल्याण मंच के पवन सिंह, रविंद्र सिंह, अशोक सिंह,करणी सेना के वरिय उपाध्यक्ष अमन सिंह, राजपूत विचार मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह, सुधीर सिंह, राजपूत विचार मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉक्टर नीलेश सिंह, कौशल सिंह, भारतीय राजपूताना सेवा संगठन के राजेंद्र सिंह, वीर कुंवर सिंह सेवा समिति के उमेश सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संजीव सिंह और नीरज सिंह उपस्थित थे।

## श्री श्री विश्वनाथ मंदिर के ढलाई निर्माण में भक्तों ने किया श्रमदान

**धनबाद :** शनिवार को सहयोगी नगर, सेक्टर 3 स्थित निर्माणाधीन श्री श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर का ढलाई निर्माण का कार्य शुभारंभ हुआ। जिसमे सहयोगी नगर के भक्तों ने बढ़चढ़ कर श्रम दान किया और अपने हाथों से मंदिर की ढलाई की शुरुआत की। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद श्री श्री विश्वनाथ महादेव की विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ मूर्ति की स्थापना की जाएगी। साथ ही कीर्तन मंडली द्वारा महादेव जागरण एवं अन्य अनुष्ठान व यज्ञ आयोजित किए जाएंगे। कहा कि श्री श्री विश्वनाथ महादेव ब्रह्मांड के शासक है वे अपने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। मंदिर निर्माण श्रमदान में विशेष रूप से अरुण कुमार सिंह, हरीश सिंह, अजीत सिंह, रोहित भगत, राजन प्रसाद, ऋषि सिंह, जीसू सिंह समेत सहयोगी नगर के निवासी उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर पिंटू ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को जनता दल यू. धनबाद के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने धनबाद उपायुक्त को आम जनता की समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जनता दल यू ने जनता की आम समस्याओं में सर्वप्रथम एसएनएमसीएच हॉस्पिटल में मरीजों के लिए पानी की सुविधा सुचारू रूप से करने, धनबाद स्टेशन के सामने बस स्टैंड में जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस कारण सभी वाहनों को बस स्टैंड से चलाने का आदेश ज़ारी करने, धनबाद नगर निगम के सभी वार्डों में पीने के पानी की किल्लत को दूर करने एवं धनबाद में दिन प्रतिदिन ट्रैफिक की गंभीर समस्या को ठीक करने की मांग की गई।

## बराकर नदी से अवैध तरीके से निकाला गया बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त, सरायढेला थाना में एफआइआर दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बराकर नदी से अवैध तरीके से निकाला गया बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त किया है।दरअसल, उपायुक्त के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे, खान निरीक्षक सुमित प्रशाद, बरांत उराँव एवं आवंटित पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से सरायढेला थानान्तर्गत गोल बिल्डींग, बालाजी पेट्रोल के समीप औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बालू लदे 5 ट्रैक्टरों को रोकने का इशारा किया गया, परंतु खनन टास्क फोर्स को देखते ही सभी ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गये। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि सभी ट्रैक्टरों में लदा बालू पूर्वी टुंडी थानांतर्गत बराकर नदी से अवैध खनन कर लाया गया है। इसके बाद टीम ने पाँचों बालू लदे ट्रैक्टरों को घटना स्थल पर ही विधिवत जब्त कर लिया तथा सरायढेला थाना को सुपूर्द करते हुए सभी वाहन मालिकों, चालकों तथा इसमें संलिप्त अन्य सभी लोगों पर सरायढेला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व इसी घटना स्थल पर राजेन्द्र सिंह एवं उसके अन्य साथियों द्वारा खनन टास्क फोर्स पर हमला किया गया था। लेकिन इस तरह के हमले से खनन टास्क फोर्स का मनोबल टूटा नहीं है, बल्कि लगातार कार्रवाई की जा रही है। उक्त सभी ट्रैक्टर किसके द्वारा लाया गया था और इसका मालिक एवं चालक कौन है, इसकी सघन जांच चल रही है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के बाद पाये गये दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिससे बालू सहित अन्य खनिजों के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन करने वालों पर पूर्णतः लगाम लग सके।




## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम– उषा कुमारी, उम्र–15 वर्ष, रंग–सांवला, ऊँचाई–4 फीट 8 इंच, पहनावा–सफेद रंग का लेगिन्स उपर कुर्ता ब्लू रंग, एक सॉल ब्लू व सफेद रंग एवं पैर में हवाई चप्पल पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की उषा कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पे0–दयानन्द उराँव, सा0– चोरगाई, थाना–बगड़ू, जिला–लोहरदगा जो दिनांक–06.03.25 को सुबह 0:7 बजे ट्रेन से मेरी पत्नी शान्ति देवी उम्र 34 वर्ष और अपनी नाबालिक बेटी उषा कुमारी को ट्रेन से लेकर राँची जा रही थी। सुबह 7:45 बजे ट्रेन नरकोपी स्टेशन पर रूकी, वही स्टेशन पर मेरी बेटी उतर गई। इसके बाद वो कहीं चली गई, जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में नरकोपी थाना काण्ड संख्या–16/2025, दिनांक–25.03.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID** (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, बेड़ो, रॉची। – 9431728777

थाना प्रभारी नरकोपी रॉची। – 9431706146

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 349579 Police (24-25)_D



## कार्यालय, परियोजना निदेशक-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा कार्यालय कोडरमा द्वारा BTM/ATM की नियुक्ति से संबंधित, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग के संकल्प संख्या 2427 दिनांक 11.08.2014 के आलोक में संविदा विज्ञापन PR No.343777-2024-25D द्वारा आत्मा कार्यालय कोडरमा का BTM एवं ATM की नियुक्ति से संबंधित प्रकाशन किया गया था नियुक्ति से संबंधित चयन प्रकिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

जिला कृषि पदाधिकारी –सह–परियोजना निदेशक आत्मा, कोडरमा

PR 349546 Agriculture (24-25)_D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(विकास शाखा)

### अतिअल्पकालीन कोटेशन सूचना

डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर / प्रशिक्षण संस्थान में एक वर्ष में प्रयोग होने वाले खेल (क्रिकेट, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) से संबंधित एवं अन्य विविध सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दर निर्धारण किया जाना है। उक्त के निमित दिनांक 07.04.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक सामग्रियों के कय हेतु अधिकृत विक्रेता एवं आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। खेल एवं अन्य विविध सामग्रियों की सूची कार्यालय अवधि में विकास शाखा, लोहरदगा एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

1. कोटेशन के साथ स्वहस्ताक्षरित पैन नं0., आधार नं0 की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. G.S.T निबंधन तथा अद्यतन G.S.T Return की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. संबंधित प्रतिष्ठान यदि सरकारी विभाग में खेल एवं अन्य संबंधित सामग्री आपूर्ति किये होंगे, उसका अनुभव प्रमाण– पत्र कोटेशन के साथ संलग्न कर सकते हैं।
4. संबंधित प्रतिष्ठान काली सूची में दर्ज नहीं है, इस आषय का शपथ पत्रा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. खेल (क्रिकेट, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) एवं अन्य विविध सामग्रियों को एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
6. सामग्रियों को लाने / ले जाने का भाड़ा देय नहीं होगा।
7. किसी भी कोटेशन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा

PR 349540 Lohardaga (24-25)_D

# उपायुक्त ने की ईद-उल-फितर और रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कहा

## लोहरदगा का इतिहास आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारा के पक्षधर रहा हैं

## सभी का सम्मान करें और हर्षोल्लास के साथ मनाएं पर्व-त्योहार : हरीश बिन जमां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ईद-उल-फितर-2025 और रामनवमी-2025 को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रखण्ड क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त, लोहरदगा ने इस मौके पर कहा कि लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार बीते वर्षो से काफी अनुशासित और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। यहां के लोग आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारा के पक्षधर हैं। ईद,चैती दुर्गा पूजा, श्रीरामनवमी का पर्व है। भगवान श्री राम का जन्म चैत माह में ही हुआ था। भगवान श्रीराम का जन्म मांगल्य और शांति का प्रतीक है। ऐसे समय में जरूरी हो जाता है कि मंगलता की भावना को किसी प्रकार ठेस नहीं पहुंचे। सभी ओर प्रसन्नता का वातावरण हो। किसी के द्वारा किसी को भी चिढ़ाने का प्रयास नहीं हो। इस बात को बड़े बुजुर्ग युवाओं को बताएं और युवा अपने छोटे भाईयों को बताएं। समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगीं। उपायुक्त ने कहा कि सभी समितियां अपने-अपने शोभायात्रा के दौरान वॉलेंटियर्स तैनात रखें। उनके पास उनका पहचान पत्र हो। वॉलेंटियर्स का मोबाईल नंबर जिला प्रशासन के साथ अवश्य साझा करें ताकि किसी भी समय संपर्क किया जा सके। मुम्बई में गणेश पूजा के बाद जब उनकी प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है तो उस शोभायात्रा में डीजे के स्थान पर पारंपरिक ढाल, ताशों का इस्तेमाल संगीत के लिए होता है। इसी प्रकार का लोहरदगा जिला में भी परंपरा रखी जाय और ढोल, मांदर, नगाड़ों आदि का इस्तेमाल हो। जिससे ऐसे माहौल तैयार हो कि सभी भक्ति में झूमने का मजबूर हो जाएं। इससे परंपरागत वाद्ययंत्र बजानेवालों को भी रोजगार मिल सकेगा। बेहतर वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल व प्रदर्शन करनेवालों को सम्मानित किया जाएगा। डीजे का इस्तेमाल श्रीरामनवमी की शोभायात्रा में नहीं किया जाए। इससे वाहनों पर अत्यधिक संख्या में साउण्ड सिस्टम बांध दिये जाते हैं जिससे उसके उलटने का खतरा बना रहता है। अगर डीजे का इस्तेमाल कर भी लेते हैं तो रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में उसे नहीं बजाया जाना चाहिए। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे के बाद डीजे का इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। डीजे पर सिर्फ भक्ति आधारित ही गाना पेन ड्राईव के माध्यम से बजाया जाए। मोबाईल को कनेक्ट का किसी भी परिस्थिति में गाना नहीं बजाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि श्री रामनवमी भगवान विष्णु के अवतार रहे श्रीराम के धरती पर अवतरित होने का समय है। इसे हम धूमधाम और सौहार्द्र के साथ मनाएं। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने कहा कि लोग एक-दूसरे का सम्मान करें और हर्षोल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाएं। अपने माता-पिता के बताये अच्छी सीख को याद करें व उसका पालन करें। अगर आपके सामनेवाले से कोई छोटी-मोटी गलती हो जाती है तो उसे नजर अंदाज करें। आगामी सप्ताह में ईद, सरहुल,चैती दुर्गा पूजा, छठ व रामनवमी है। हम सभी इन पव-त्यौहारों को अच्छे माहौल में मनाने की तैयारी करें। त्योहार की मूल-भावना का ख्याल रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन अखाड़ों को शोभायात्रा निकालनी है वे सभी अखाड़े अपना लाइसेंस प्राप्त कर लें। शोभायात्राओं में डीजे का इस्तेमाल नहीं करें। जो अपनी शोभायात्राओं में डीजे का इस्तेमाल नहीं करेंगे उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा अनुशासित अखाड़ों और जिला प्रशासन के दिये हुए दिशा-निर्देशों का पालन करनेवाले अखाड़ों को भी सम्मानित किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगी। राज्य मुख्यालय से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व पारा मिलिट्री फोर्स उपलब्ध हो चुकी है। फ्लैग मार्च शुरू किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने प्रखण्डवार समस्याओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने के प्रयास का आश्वासन दिया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिहं शेखावत ने कहा कि सभी समुदाय के आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की जाती है। लोहरदगा जिला पर्व-त्योहारों को शांति व साहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने के लिए जाना जाता रहा है। हम आनेवाले पर्व-त्योहारों में भी ऐसी मिसाल पेश करें। कोई भी अखाड़ा अपने शोभा यात्रा में भड़काउ गाने का इस्तेमाल नहीं करेंगे। अनुशासन के साथ सभी अपनी जिम्मेवारी समाज के प्रति निभाएं। कहीं अवैध रूप से अगर शराब बेची जा रही है तो उसकी सूचना अवश्य दें। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## विद्यालय संचालन के लिये बैठक कर अभिभावक व शिक्षक कमिटी के गठन किया जायेगा : प्राचार्य



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नवम में नामांकन हेतु सात विद्यार्थियों का और षष्ठ कक्षा के लिये अस्सी छात्र छात्राओं का परीक्षा फल प्रकाशित हो गया है। इस सन्दर्भ में प्रभारी प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए बताया कि षष्ठ व नवम कक्षा के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के उपरान्त पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के पदेन अध्यक्ष जिला के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सदस्य को विद्यार्थियों का नामांकन सम्बन्धी सूचना भेज दी गई है। साथ ही परीक्षा में चयनित छात्र छात्राओं के अभिभावकों को उनके पते पर डाक से पत्र भेज सूचना दे दिया गया है। साथ ही अभिभावकों का विश्राम के लिये विद्यालय परिसर में निर्मित शेड का उद्घाटन शनिवार को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। वही उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। साथ ही बताया कि नये सत्र 2025-26 में सुचारू ढंग से विद्यालय संचालन के लिये 30 मार्च रविवार को अभिभावक और शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर शिक्षक अभिभावक कमिटी के गठन किया जाना है.जिसके लिये जिला के सभी प्रखंड क्षेत्र से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों को पत्र व दूरभाष के माध्यम से बैठक में उपस्थित होने के लिये सूचना भेज दिया गया है। साथ ही कहा कि सभी अभिभावकों की मौजूदगी में उनके बच्चों का परीक्षा फल परिणाम को दिखाया जायेगा। तथा नवोदय विद्यालय समिति के नियमानुसार जिला के सभी प्रखंडो से शिक्षक अभिभावक कमिटी गठन के लिये अभिभावकों का चयन जायेगा।

## परिवार नियोजन के बारे में स्वास्थ्य सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी के द्वारा स्वस्थ्य सहियाओं को परिवार नियोजन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी उषा किरण तिर्की द्वारा परिवार नियोजन का प्रशिक्षण देते हुए सभी सहियाओं को परिवार नियोजन एप्प के माध्यम फैमली प्लानिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान परिवार नियोजन सामग्री लेने के लिये सहियाओं को इंडेन ईशु, स्टॉक अप टू डेट और क्लाइंट टू ईशु के माध्यम से परिवार नियोजन के लिये जरूरी सामग्री को ऑनलाइन प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। साथ ही सहियाओं को निर्देश देते हुए कहा गया की अपने अपने क्षेत्र में दवा या अन्य चीजों का सेवन कर महिलाओं को जबरन गर्भपात नही कराने और इसके देख रेख करने के बारे में भी कहा गया। वही परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जबरन गर्भपात कराना या भ्रूण हत्या करना कानूनन अपराध है। साथ ही परिवार नियोजन से सम्बंधित अन्य जानकारियां दी गई। मौके पर शकुन्तला देवी, पारसमनी उरांव, गांधारी देवी, पार्वती देवी, नीलम माधुरी, शिला उरांव, ललिता शुक्ला, साहिना परवीन, सीमा उरांव, नूरजहां खातून, कुन्ती उरांव, बिन्दु कुजूर समेत प्रखंड क्षेत्र की सैकड़ो स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

## रमजान में महीना भर आयोजित किया गया तराबी कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत सेरेंगहातु मस्जिद में पवित्र रमजान माह के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा तराबी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस पर तराबी कार्यक्रम समाप्ति के अवसर पर इमाम हसन रजा माला पहना कर उमंग व उत्साह के साथ स्वागत किया गया। साथ ही अंजुम इस्लामिया के सदर, सेक्रेट्री और अन्य सभी सदस्यों द्वारा बधाई दिया गया तथा गांव घर समाज व देश मे अमन चैन और शांति के लिये दुआएं मांगी गई। साथ ही शांति व सौहार्द के साथ सभी लोगों से मिल जुल कर त्यौहार मनाने के लिये अपील किया गया। मौके पर सदर शमशाद अंसारी, सेक्रेट्री मकसूद अंसारी के अलावे इमरान आजाद, इम्तियाज अंसारी, बबलु अंसारी, हाफिज अंसारी, नसीम अंसारी, मुस्ताक अंसारी समेत अन्य सैकड़ो मुस्लिम समुदाय के गण मान्य उपस्थित थे।

## गुरुकुल शान्ति आश्रम में एक दिवसीय 51 कुण्डीय राष्ट्र उत्थान-महायज्ञ का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को गुरुकुल शान्ति आश्रम, किस्को मोड़ में एक दिवसीय सार्वजनिक कार्यक्रम 51 कुण्डीय राष्ट्र उत्थान-महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं,पुरूष एवं बच्चे आदि शामिल होगें। इस निमित्त कार्यक्रम स्थल गुरुकुल शांति आश्रम में जोर शोर से कार्य चलते हुए पूर्णतः पूरी तैयारीयां कर ली गई है, 25 मार्च 2025 से ही प्रत्येक दिन पूजा अर्चना एवं भंडारा का कार्यक्रम चल रहा है, भंडारे पर काफी लोगों के साथ-साथ शहर के प्रबुद्ध लोग प्रत्येक दिन उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, शहर एवं ग्रामीणों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित है आचार्य शरद चंद्र आर्य ने सभी सनातनियों से आग्रह किया है की 30 मार्च को सुबह 6ः30 बजे कलश शोभा यात्रा एवं कुंडीय महायज्ञ पर ज्यादा से ज्यादा लोग अवश्य शामिल होकर आहुति दे, और बाहर से आ रहे ज्ञानी और प्रसिद्ध प्रवचन करता ऋषि मुनियों का प्रवचन सुनकर पुण्य की भागी बने, कल के कार्यक्रम दिनांक- 30/03/25 को कलश शोभा पदयात्रा सुबह 6:30 बजे शंखनदी पतराटोली से जल लेकर शान्ति आश्रम (किस्को मोड़) तक पहुंचेगी उसके उपरांत,51 कुण्डीय राष्ट्र उत्थान महायज्ञ प्रातः 9:00 से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगी। उसके उपरांत भंडारा का प्रसाद एवं भजन-प्रवचन आदि का कार्यक्रम संध्या- 7:00 बजे तक चलेगी फिर समापन की जाएगी।

## विद्या मंदिर में तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्या भारती योजना अनुसार शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला शुरूआत हुई। तीनों विद्यालय के सामूहिक रूप से उद्घाटन सत्र प्रबंधकारणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद विभाग प्रचारक शम्मी कुमार, सुंदरी देवी विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास उपस्थित थे। भारत माता, ऊं ,मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने किया। अतिथियों का परिचय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। कार्यशाला विषय प्रवेश प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा रखा गया। प्रथम सत्र विभाग प्रचारक शम्मी कुमार के द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसमें गुरु पूर्णिमा, गुरु दक्षिणा, मातृ संगठन ,मानव विकास की अवधारणा चेतन संवेदना विषयों से लेकर नागरिक कर्तव्य का बोध तक कराया गया। द्वितीय सत्र स्थाई भौतिक सामग्री एवं पंजी का सत्यापन के साथ विभागों की भी समीक्षा सचिव अजय प्रसाद एवं प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया ।तृतीय सत्र विद्यालय के सबल-निर्बल पक्ष को आचार्य श्याम सुंदर कुमार के द्वारा रखा गया। चतुर्थ सत्र में आचार्य भारती गठन, दिवसाधिकारी, शुन्य क्लास का महत्व पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा विषयों पर चर्चा की गई।

## कल्याण अस्पताल में संघ के विभाग प्रचारक समी जी द्वारा नारियल तोड़कर प्याऊ जल का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कल्याण अस्पताल बसारडीह हेसल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग के द्वारा स्वच्छ प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक समी जी के द्वारा नारियल तोड़कर प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया। उपस्थित कल्याण अस्पताल के कर्मियों को संबोधित करते हुए रोगियों एवं परिजनों को संबोधित करते हुए कहा भीसन गर्मी को देखते हुए सेवा विभाग के द्वारा एक सेवा का प्रकल्प प्रारंभ किया गया है हमारे सनातन परंपरा में प्यासे को पानी भूखे को भोजन, वृक्ष को जल, चींटी को चीनी, देने की परंपरा रही है और यह पुण्य का काम है इसी परंपरा का पालन करते हुए राहगीरों एवं रोगियों के परिजनों के लिए प्याव जल का शुभारंभ किया गया, साथ ही पर्यावरण के प्रति ध्यान केंद्रित कर प्रत्येक व्यक्ति साल में एक-एक वृक्ष लगाए ताकि जल स्तर ऊपर आ सके। इस बीच उपस्थित विभाग प्रचारक समी जी, जिला प्रचारक दीपक, जिला सह कार्यवाह देवेंद्र मंडल, जिला सेवा प्रमुख प्रणव पाठक, जिला शारीरिक टोली सदस्य मिथुन तमेड़ा, बजरंग दल प्रखंड सयोजक मिथलेश प्रजापति, एवीबीपी के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक मिश्रा, बजरंग दल कार्यकर्ता पिंकू प्रजापति, सुलेन्द्र, मुकेश, अरुण, अतवा उरांव, दिलेश लोहारा, चंद्र किशोर, सुलेंद्र भगत एवम अस्पताल के सभी डॉक्टर, सिस्टर इस शुभ कार्य में उपस्थित थे।

## ताड़ के पेड़ से गिर कर अधेड़ व्यक्ति गम्भीर रूप से हुआ घायल अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पेड़ से गिर कर अधेड़ व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस से घायल अवस्था में इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में शनिवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अधेड़ व्यक्ति ताड़ी चुआने के लिए ताड़ पेड़ पर चढ़ कर सूखा ताड़ पत्ता को हटाने का कार्य कर रहा था। जिसे अधेड़ व्यक्ति पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही घायल का पहचान बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत बेलागंज थाना क्षेत्र के नंदुविगह ग्राम निवासी स्वर्गीय लगन चौधरी का 55 वर्षीय पुत्र जवाहर चौधरी के रूप में किया गया है। गौरतलब हो कि जवाहर चौधरी दो दिन पहले अपने गांव से बुटी ग्राम में किराए के मकान में लक्ष्मण यादव के घर में रह कर ताड़ी चुआने के लिए ललित चौधरी के बुलाने पर आया था। जो शनिवार सुबह ताड़ पेड़ पर चढ़ कर ताड़ी चुआने का कार्य कर रहा था। उसी दौरान पेड़ से नीचे आ गिरा जिसमें जवाहर चौधरी बुरी तरह घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार सदर अस्पताल लोहरदगा में चिकित्सकों द्वारा करने के उपरांत बेहतर इलाज के लिये रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

## किसानों को मुआवजा दिलाने को लेकर भाजपाइयों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेमौसम मूसलाधार बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों तथा ग्रामीणों को मुआवजा उपलब्ध कराने को लेकर शनिवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल द्वारा लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में कहा है कि लोहरदगा जिला के अधिकांश आबादी कृषि कार्य से जुड़कर अपने परिजनों का जीविकोपार्जन करने में जुटे हैं। परन्तु हाल के दिनों में हुए बेमौसम मूसलाधार बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण किसानों द्वारा लगाए गए गेहू, चना, मूंग, मसूर, टमाटर, मिर्चा, आलू, करेला, कद्दू, खीरा, मटर, प्याज, फूलगोभी, बंधागोभी, शिमला मिर्च, तरबूज, गन्ना आदि फसलो के साथ-साथ बड़े पैमाने पर आम की बागवानी नुकसान हुआ है। वहीं लोहरदगा जिले के शहरी इलाकों के अलावा विशेषकर जिले के भंडरा एवं सेन्हा प्रखंड के दर्जनों गांवों में हजारों हेक्टेयर भूमि पर हजारों किसानों द्वारा लगाए गए आम बागवानी के साथ गेहू, चना, सरसों व मटर,मक्का,जौ, मसूर जैसी रबी की फसलें और विभिन्न मौसमी हरी सब्जियों के फसलो का नुकसान हुआ हैं, इस प्राकृतिक आपदा ने गरीब किसानों की कमरतोड़ दिया है। प्रभावित किसान अपनी श्रम शक्ति के साथ-साथ खाद बीज व जमा पूंजी भी बेहतर फसल की उम्मीद मे लगा दिए, जो बर्वाद हो गया। ऐसे में प्रभावित किसान अभी से ही परिवार के सदस्यों के जीविकोपार्जन एवं बच्चो की शिक्षा को लेकर चिंतित हैं। इसके अलावा इस ओलावृष्टि से एल्वेस्टर एवं मिट्टी के खपरैल घरो को भी बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त हुआ है।

**मजदूरों के हक-हुकूक के लिये इंटक लड़ाई लड़ेगी : आलोक कुमार साहू**

## भंडरा में मजदूरों द्वारा इंटक का अध्यक्ष बनाए जाने पर आलोक कुमार साहू का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के लोहरदगा अध्यक्ष बनने के बाद आज आलोक कुमार साहू भंडरा प्रखंड पहुंचकर वहां असंगठित एवं अप्रवासी मजदूरों से मुलाकात की। सबसे पहले मजदूरों द्वारा आलोक कुमार साहू को इंटक का अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री साहू को माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि जिस उद्देश्य से उन्हें इंटक का अध्यक्ष बनाया गया है उसमें वे खरा उतरने का काम करेंगे ।किसी भी राष्ट्र के विकास में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान होता है। मजदूर राष्ट्र शक्ति है इंटक के माध्यम से मजदूरों का उनका हक-हुकूक दिलाने का काम करेंगे। मजदूर साथियों को जानकारी के अभाव में सरकार द्वारा मजदूरों को दिए जाने वाले सुविधा का उपयोग नहीं कर पाते हैं। अप्रवासी मजदूर अगर बाहर कार्यरत है और उनका मृत्यु होता है तो उनके परिवार को डेढ़ लाख देने तथा बॉडी लाने के लिए 50000 देने का प्रावधान है। श्री साहू ने कहा कि वे जल्द ही श्रम विभाग लोहरदगा के माध्यम से सभी मजदूरों का बीमा करवाएंगे। बीमा होने के उपरांत एक्सीडेंटल मृत्यु में चार लाख तथा समान मृत्यु में मजदूरों के आश्रितों को दो लाख मिलेगा साथ ही अंग भंग होने पर एक लाख देने का प्रावधान है ।श्री साहू ने मौके पर से ही श्रम अधीक्षक लोहरदगा से वार्ता कर भंडरा में कैंप लगवाकर मजदूरों को बीमा करने की बात कहें। श्रम अधीक्षक भंडरा में जल्द से जल्द बीमा कराने का आश्वासन दिए। श्री साहू ने कहा कि सभी मजदूरों को जल्द से जल्द इंटक का सदस्य बनाया जाएगा ताकि इंटक यूनियन मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ सके। मौके पर बबलू लोहरा, पिंटू महतो, बलकू उरांव, संतोष लोहरा, पिंटू महतो, भदर महतो, चरकू उरांव, संतोष महतो, श्याम लोहरा, लक्ष्मी नारायण लोहरा, रंथीदेवी, बिंदेश्वर महतो, बैबुन खातुन, राजू उरांव, सकलु उरांव, अख्तर अंसारी, तनवीर अंसारी, सरफराज अंसारी, बिंदेश्वर महतो, सोमा उरांव सहित काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों, विद्यालय प्रबंध समिति और प्रशासकों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्राइम मिनिस्टर स्कूल ऑफ राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) विद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों, विद्यालय प्रबंध समिति और प्रशासकों का एक दिवसीय पीएम श्री समागम 2025 अंतर्गत भाषा महोत्सव, एफएलएन मेला एवं सभी हितधारकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आज दिनाँक 29.03.2025 को लोहरदगा प्रखण्ड स्थित नगर भवन के सभागार में किया गया। जिसमें जिले के सभी 9 पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, छात्र, एसएमसी सदस्य और प्रशासक उपस्थित हुए। सर्व प्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अभिजीत कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप, क्षेत्र प्रबंधक, आकाश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, एमलीन सुरीन, लीगल एडवाइजर, तृषा पांडेय और पीएमश्री विद्यालय के प्रभारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले के 09 पीएमश्री विद्यालय हैं- राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिटपी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चितरी डाडू, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जिन्गी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सढ़ाबे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बीड़नी, मध्य विद्यालय, नावाडीपाड़ा, केजीविभि, किस्को और सेन्हा सहित नौ पीएमश्री विद्यालय चिह्नित है। विषय प्रवेश कराते हुए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय का पूरा नाम प्राइम मिनिस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया है। जिसे 5 सितंबर 2022 को शुरू किया गया था। भारत सरकार ने इस योजना को पूरा करने का लक्ष्य 5 साल रखा है। योजना के तहत छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देना और 21वीं सदी के कौशल सिखाने के साथ उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। केंद्र प्रायोजित योजना पीएम श्री (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) को 7 सितंबर, 2022 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। इस योजना के तहत केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को सुदृढ़ करके 14500 से अधिक पीएम श्री स्कूल (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) स्थापित करने का प्रावधान है। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करते हैं और समय के सापेक्ष आदर्श स्कूल के रूप में उभरते हैं,और पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व भी प्रदान करते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अभिजीत कुमार ने कहा कि पीएम श्री स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूल में न्यायसंगत, समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करते हैं। पीएमश्री विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित समग्र विकास आज सभी के लिए प्रासंगिक है। पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौतीपूर्ण पद्धति के माध्यम से किया जाता है, जिसमें स्कूल आदर्श स्कूल बनने के लिए सहायता हेतु प्रतिस्पर्धा करते हैं। पीएम श्री योजना को प्राथमिक और प्रारंभिक विद्यालयों में एफ एल एन, बाला फीचर और जादुई पिटारा, प्री-स्कूल शिक्षा में सहायता, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, आउटडोर खेल सामग्री आदि जैसे सभी घटकों को शामिल करके और माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए फर्नीचर, पूरी तरह से सुसज्जित एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला/ भौतिकी प्रयोगशाला/ रसायन विज्ञान प्रयोगशाला/ जीवविज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट कक्षाएं, कंप्यूटर लैब /आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, कौशल प्रयोगशाला, स्कूल नवोन्मेष परिषद, अच्छी तरह से सुसज्जित खेल सुविधाओं के साथ खेल का मैदान उपलब्ध कराकर कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्कूल फ़ॉर राइज़िंग इंडिया (पीएम श्री) योजना,भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

## चलते चलते एक नजर

### टीबी उन्मूलन में बेहतर कार्य करने वाले 155 ग्राम प्रधान सम्मानित

**हरदोई :** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शनिवार को विवेकानंद सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024 में चयनित टीबी मुक्त 155 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया। संडीला, सांडी, हरपालपुर व माधोगंज विकास खण्ड में टीबी उन्मूलन में अच्छा कार्य करने पर सराहना की और इन विकास खण्डों के अधीक्षकों को सम्मानित कर सराहना की।जिलाधिकारी ने एक महिला प्रधान के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सिरौली के ग्राम प्रधान को लगातार ग्राम को टीबी मुक्त रखने पर रजत पदक व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। समारोह की शुरुआत दो टीबी चैम्पियन कोथावां के साहुल कुमार व गोल्डी राजपूत को सम्मानित कर की गई। सबसे अधिक टीबी मरीजों को गोद लेने वाले लोगों व संस्थाओं को भी सम्मान से नवाजा गया। जिलाधिकारी ने कुछ टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एयर मार्शल व लेफ्टिनेंट जनरल ने सुखोई 30 विमान में फार्मेशन मिशन उड़ाया

**प्रयागराज :** एयरफोर्स स्टेशन बख्शी का तालाब से एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित एओसी इन सी सेंट्रल एयर कमान और लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता जीओसी-इन-सी मध्य कमान, भारतीय सेना ने शनिवार को सुखोई-30 एमकेआई विमान में फॉर्मेशन मिशन उड़ाया।यह जानकारी जिले के भारतीय वायुसेना रक्षा मंत्रालय के मीडिया प्रभारी शान्तनु प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मिशन ने दोनों सेवाओं के बीच संयुक्त और तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य वायु कमान के परिक्षेत्र में एयरफोर्स स्टेशन बख्शी का तालाब से उड़ान भरी। इस जटिल मिशन की योजना उत्तराखंड और हिमाचल क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में बनाई गई और इसे आज अंजाम दिया गया। जिसमें एओसी-इन-सी ने फॉर्मेशन का नेतृत्व किया और जीओसी-इन-सी ने सुखोई विमानों में से एक के पीछे कॉकपिट में बैठे.जीओसी-इन-सी को सुखोई 30 एमकेआई की क्षमताओं से परिचित कराया गया। उन्हें सेंट्रल सेक्टर के बीहड़ इलाकों में प्लेटफॉर्म की पहुंच और मारक क्षमता के साथ-साथ नकली समकालीन खतरों के खिलाफ वायु शक्ति की सटीक और तीव्र प्रतिक्रिया भी दिखाई गई।



## उत्तराखंड स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# सीएम धामी ने की देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क बनाने की घोषणा

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के शहरों में देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क बनाने की घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा शनिवार को राज्य सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में की।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट कार्ड लिंकेज के चेक, लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट और कृषि यंत्र भी वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाथीबड़कला से सर्वे स्टेडियम तक रोड शो में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य पूर्ण कर जल्द ही पहाड़ों में रेल का सपना साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, उड़ान योजना के माध्यम से देहरादून, अल्मोड़ा, उत्तराकाशी, गौचर और पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के लगभग 12 नगरों के लिए हेली सेवाएं प्रारंभ होने से राज्य की एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई।मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। साथ ही देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदी




के ऊपर फोरलेन एलिवेटेड रोड का निर्माण करने की योजना भी तैयार की जा रही है। देहरादून में 1400 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। शहर में स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। एक ओर जहां, शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है, वहीं निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण भी किया जा रहा है।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आमजन के हित में सरकार के लिए गए फैसले देश में नजीर बन गए हैं। पिछले तीन वर्षों में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के साथ ही इन योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य किया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही हमने लगभग सभी योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि प्रदेश वासियों को घर बैठे ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।गौरतलब है कि सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देहरादून के साथ ही पूरे प्रदेश में जनपद, विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# वडनगर से मिला कंकाल एक हजार साल पुराना

एजेंसी

**मेहसाणा :** मेहसाणा जिले की ऐतिहासिक नगरी वडनगर में वर्ष 2019 में मिले कंकाल के संबंध में बड़ा खुलासा हुआ है। योग मुद्रा में मिले कंकाल को एक हजार साल पुराना बताया गया है। कंकाल की डीएनए रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। निकट भविष्य में इस कंकाल के संबंध में और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार वडनगर में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के उत्खनन के दौरान वर्ष 2019 में एक योग मुद्रा में कंकाल मिला था। प्राथमिक अनुमान में इसे 1000 साल पुराना बताया गया था। बाद में लखनऊ के बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किलॉजी में डॉक्टर नीरज राय गुप्ता ने इसका डीएनए जांच की थी। डीएनए टेस्ट के लिए कंकाल के दांत, कान की हड्डी के सैम्पल लिए गए थे। इस टेस्ट में इस कंकाल के 1000 साल पुराना होने की पुष्टि हुई है। अब कंकाल के संबंध में अन्य वैज्ञानिक परीक्षण भी शुरू किया गया है, इसकी रिपोर्ट में प्राचीन नगरी वडनगर के



संबंध में और भी महत्व के खुलासे हो सकते हैं।एएसआई के अनुसार प्राथमिक अनुमान में इस कंकाल वाले जगह पर पहले बौद्ध योग साधना केन्द्र हो सकता है। उस काल में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा मध्य एशिया से लोग यहां आते होंगे। योग मुद्रा में मिला कंकाल इस बात का समर्थन करता है। कंकाल की कार्बन डेटिंग समेत अन्य प्रशिक्षण का काम अभी जारी है।

# सहकारिता चुनाव को लेकर भाजपा तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के कांथी में शनिवार को कृषि और ग्रामोन्नयन सहकारी बैंक के चुनाव के दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। आरोप है कि मतदान केंद्र के बाहर वोटरों को रोका गया, उनके पहचान पत्र छीने गए और भाजपा के कैंप में घुसकर हमला किया गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को दखल देना पड़ा। शनिवार सुबह 9 बजे कांथी कृषि सहकारी बैंक के लिए मतदान शुरू हुआ। थोड़ी ही देर बाद कांथी राष्ट्रीय विद्यालय के पास हंगामा मच गया। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल समर्थक बूथ जाने से पहले ही उनके समर्थकों के पहचान पत्र छीन रहे थे। इतना ही नहीं, भाजपा कैंप पर भी हमला किया गया। इसके बाद दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और हाथापाई शुरू हो गई।भाजपा के कांथी नगर पालिका पार्षद तापस दलुई ने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा,तृणमूल पंचायत और नगर पालिका चुनावों की तरह समवाय बैंक के चुनाव में भी धांधली कर जीत हासिल करना चाहती है। मुझे बतौर पार्षद इलाके में जाने से रोका गया, जबकि तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता बूथ के सामने हंगामा कर रहे थे।हालांकि, तृणमूल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। पार्टी के स्थानीय



नेताओं का कहना है कि कांथी और खेजुरी समेत विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा की हार तय है, इसलिए वे जानबूझकर झगड़ा भड़का रहे हैं। तृणमूल ने दावा किया कि इस चुनाव में भी भाजपा को करारी हार मिलेगी।घटना के बाद कांथी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

# हाथियों के झुंड को भगाने रजौली पहुंची 12 सदस्यीय टीम

एजेंसी

**नवादा :** नवादा जिले के रजौली वन क्षेत्र के श्रृंगी ऋषि के पहाड़ पर पहुंचे हाथियों की झुंड को वापस झारखंड की सीमा में प्रवेश कराने के लिए पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से शनिवार को एक्सपर्ट की 12 सदस्यीय टीम नवादा पहुंची। 12 सदस्यीय टीम हाथियों को किस तरीके से जंगल से निकालकर उसे अपनी जगह तक पहुंचना है इस पर काम कर रही है।टीम के आने के बाद वन विभाग को भी राहत की सांस मिली है,क्योंकि हाथी के नेचर के बारे में बाकुड़ा से आये टीम से बेहतर कोई नहीं जानता है और उसपर कैसे काबू करना है इस बारे में भी उन लोगों के पास पूरी जानकारी है। श्रृंगी ऋषि के जंगल में लगातार हाथियों के पीछे-पीछे पूरी टीम चल रही है और संभवत



अनुमान लगाया जा रहा है कि 48 घंटे के भीतर नवादा जिले की सीमा से उसे झारखंड राज्य के जंगल में प्रवेश करा दिया जाएगा।

वन विभाग की स्थानीय टीम भी पश्चिम बंगाल से आई टीम के साथ लगातार जंगल में डटे हुए हैं।दरअसल 26 की संख्या में रहे हाथी पिछले 5 दिनों से नवादा जिले के विभिन्न जंगली क्षेत्र के गांव में भ्रमण करते हुए कई घरों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाथी के झुंड ने कई बीघा में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के भय से जंगल में निवास करने वाले हजारों परिवार के बीच दहशत का माहौल है।रात-रात भर लोग जगे रह जाते हैं ताकि हाथी पर नजर रख सके ।वन विभाग के रेंजर मनोज कुमार ने इस संबंध में बताया कि टीम लगातार हाथियों के पीछे चल रही है व झारखंड की सीमा में जल्द से जल्द प्रवेश कराने में हम लोगों को सफलता मिलेगी।

## शोध में गुणवत्ता होनी जरूरी : डॉ सतीश चंद्र

**पूर्वी चंपारण :** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला में शनिवार को शोध रिपोर्ट की संरचना पर केंद्रित सत्र का आयोजन हुआ। आज आठवें दिन के पहले और दूसरे तकनीकी सत्र में शिक्षाशास्त्र विभाग, भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के डॉ सतीश चंद्र ने शोध रिपोर्ट के लेखन की रूपरेखा और संरचना पर प्रकाश डाला।उन्होंने शोधार्थियों को बताया कि शोध कार्य के दौरान शोध की गुणवत्ता और उसकी सार्थकता पर विशेष ध्यान देना चाहिए,क्योंकि शोध कार्य में गुणवत्ता ना होने से उसको पर्याप्त पहचान नहीं मिल पाता। इसके अलावा शोध के लिए निर्धारित प्रारूप का ही प्रयोग करना चाहिए। निर्धारित प्रारूप के अनुपालन ना होने से शोध की गंभीरता पर नकारात्मक रूप से प्रभाव पड़ता है।

# टूर्नामेंट में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा : पूजा मलिक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान पूजा मलिक ने टूर्नामेंट को लेकर टीम का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमने अंत का लड़ाई लड़ी जिससे हमने फाइनल में जीत दर्ज की। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 (अंतिम चरण) का खिताब जीता। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण में तालिका में शीर्ष पर रही। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने भी इतने ही अंक हासिल किए।



हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। फाइनल में अहाल्या लाकड़ा और दीपिका बारवा ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए गोल किया, जबकि हॉकी हरियाणा के लिए काजल ने दो गोल और सावी ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की।टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए हॉकी हरियाणा की कप्तान पूजा मलिक ने हॉकी इंडिया की ओर से शनिवार को बयान में कहा कि टूर्नामेंट में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमने कुछ मैच हारे लेकिन हमने अंत तक संघर्ष किया और फाइनल जीता। हम हमेशा आक्रामक हॉकी खेलने की कोशिश करते हैं। हम शुरू से ही दबाव बनाना चाहते थे ताकि हम आगे से हमला कर सकें। यही टूर्नामेंट में हमारी रणनीति थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और उनकी कड़ी मेहनत को श्रेय जाता है क्योंकि हमारी टीम का संयोजन इस जीत की कुंजी थी।

# हिंसक झड़प में एक की मौत



एजेंसी

**कोरबा :** जिले के पाली थाना क्षेत्र में स्थित सरायपाली कोयला खदान के मुहाने पर शुक्रवार रात हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित जायसवाल के रूप में हुई है, जो 35 वर्ष के थे। शनिवार सुबह रोहित जायसवाल के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग पंचनामा की वैधानिक कार्रवाई उपरांत पोस्टमार्टम की प्रक्रिया तीन चिकित्सकों के दल ने पूरी की। पोस्टमार्टम की पूरी गतिविधि की वीडियोग्राफी करवाई गई है।पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इसके कुछ देर बाद मृतक के परिजनों और महिलाओं ने पाली थाना में डेरा डाल दिया। इनका कहना था कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों को पाली थाना लाया जाए और इनका नगर में जुलूस निकाला जाए।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने परिजनों से चर्चा करते हुए उन्हें सलाह दी कि, वे कानून व्यवस्था अपने हाथ में ना लें और पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीड़ित परिवार व अन्य लोगों को इस बात का भरोसा बार-बार दिया जाता रहा कि, आरोपितों को बख्शा नहीं जाएगा और अधिकांश आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली गई है, जो फरार हैं उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

काफी कोशिशों के बाद आखिरकार परिजन संतुष्ट हुए और अपनी जिद छोड़कर स्व. रोहित जायसवाल का अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। उनकी अंतिम यात्रा निवास से अंतिम दर्शन पश्चात स्थानीय मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई जहां अंतिम संस्कार की विधि पूरी की जाएगी।

इस घटना को लेकर लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है, घटना के विरोध में आज पाली नगर बंद रखा गया है। ऐहतियात के तौर पर पुलिस चौक-चौराहे पर तैनात है व कप्तान सीधी नजर बनाए हुए हैं। इधर गिरफ्तार आरोपितों को दस्तावेजी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी पर काम किया जा रहा है।

## किसानों के लिए वरदान साबित होगा कोसी मेची परियोजना : सांसद

**फारबिसगंज :** बिहार की कोसी मेची अंतर राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत शामिल किए जाने पर अररिया से लोकसभा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कोशी- सीमांचल सहित उत्तर बिहार की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।सांसद ने बताया कि इस परियोजना के तहत बिहार की कोसी-मेची अंतर्राज्यीय नदी जोड़ परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। 6282.324 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें बिहार को 3652.56 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को भी मंजूरी दी गयी। इस योजना के जरिये कोसी के 20,500 लाख घन मीटर अतिरिक्त पानी को महानंदा बेसिन के असिंचित क्षेत्र में ले जाया जाएगा, जिससे लगभग 2 लाख हेक्टेयर भूमि को संचित की जाएगी।

# पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान शुरू

एजेंसी

**गुरुग्राम :** नवकल्प फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी गर्मी का मौसम शुरू होते ही बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना पानी घोंसला अभियान की शनिवार से शुरुआत कर दी गई।

बता दें कि नवकल्प फाउंडेशन स्वास्थ्य, पर्यावरण, जलवायु, शिक्षा, पोषण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाती है। शनिवार को टीम नवकल्प ने सेक्टर-51 गुरुग्राम के तीन पार्कों में वीटा डेयरी पार्क, विंडसर स्कूल पार्क, हाउसिंग बोर्ड पार्क में दाना-पानी अभियान का आयोजन कर पक्षियों के संरक्षण के लिए एक अनुकरणीय सामाजिक पहल की गई।

इस अभियान में सेक्टरवासियों ने अपने हाथों से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की और उनके प्रति अपने दायित्व को निभाया। इस नेक अभियान की शुरूआत के लिए नवकल्प फाउंडेशन के संस्थापक अनिल आर्य के साथ-साथ नवकल्प



फाउंडेशन टीम से सुनील आर्य और मीनाक्षी सक्सेना का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजबाला, बालकिशन, रचना मेहता, राशी, सरोज, सविता, अजय, कल्याण, प्रदीप, मुकेश, धर्मवीर, तेजा, नेहा, ओमप्रकाश, राजकुमार ने अपनी उपस्थिति से अभियान को सफल बनाया और इसे एक प्रेरणादायक स्वरूप दिया। इसके साथ-साथ मदनपुरी, सिविल लाइंस में भी दाना पानी नेस्ट लगाए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि बेजुबान पशु पक्षी अपने लिए बड़े स्तर पर सुविधाएं नहीं जुटा सकते। भयंकर गर्मी के बीच उनका जीवन खतरे में पड़ जाता है।

ऐसे में जरूरी है इंसान इनकी सुरक्षा और रक्षा के लिए आगे आए। नवकल्प फाउंडेशन ने इसी सोच के साथ अपने कदम बढ़ाए और दाना-पानी व घोंसले पेड़ों पर लगाने का काम शुरू किया। इस अभियान की जितनी सराहना की जाए कम है। नवकल्प फाउंडेशन की तरफ से जीव-जंतुओं का जीवन बचाने के लिए जो मुहिम कई साल से चलाई जा रही है, वह काबिले तारीफ है। इस पुनीत कार्य में नवकल्प फाउंडेशन और सेक्टरवासियों का समर्पण यह दर्शा रहा था कि जब समाज एकजुट होकर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता दिखाता है तो सकारात्मक बदलाव अवश्य आते हैं।